www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

20 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 93

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# महाकुंभ मेले में आग, गीता प्रेस के 180 कॉटेज जल गये

## खाना बनाते वक्त सिलेंडर ब्लास्ट की आशंका

- एक घंटे में आग पर काबू पाया गया
- घटनास्थल का योगी ने किया दौरा
- पीएम मोदी ने घटना के बारे में फोन पर ली जानकारी





आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में रविवार को शाम करीब साढ़े चार बजे आग लग गयी। शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर 18, 19 और 20 में गीता प्रेस के कैंप में ये आग लगी। गीता प्रेस के 180 कॉटेज आग में जल गये। अधिकारियों के मुताबिक खाना बनाते समय सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इसके बाद कई सिलेंडर ब्लास्ट हो गये। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां भेजी गयी थीं। फायर ब्रिगेड ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया। एक संन्यासी के एक लाख रुपये के नोट भी जल गये।

मेला सीएफओ (चीफ फायर ऑफिसर) प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग से करीब 500 लोगों को बचाया गया है। आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटनास्थल पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सीएम योगी को फोन कर घटना की पूरी जानकारी ली। आग लगने की घटना से कुछ देर पहले ही मोदी ने हेलिकॉप्टर से महाकुंभ मेला क्षेत्र का जायजा लिया था।

### दूर तक उठ रही थीं आग की लपटें

मेला क्षेत्र में लगी आग इतनी भीषण थी कि दूर से ही नजर आ रही थी। इससे कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। मौके पर पुलिस और प्रशासन के आलाधिकारी पहुंच कर स्थिति को संभाला। पूरे इलाके को सील कर दिया गया था। हवा तेज होने से आग पर काबू पाने में परेशानी हुई। आग एक से दूसरे टेंट तक फैलती चली गयी। फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

### मुख्यमंत्री योगी ने दिये आवश्यक निर्देश



आग पर काबू पाने के बाद भी काफी समय तकर धुआं निकल रहा था। कई टेंट जल कर पूरी तरह राख हो गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटना स्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों के तत्काल राहत के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया।

### अफवाहों पर नहीं दें ध्यान : डीएम

प्रयागराज के डीएम रविंद्र कुमार मंदर ने बताया कि 4:30 बजे कुंभ क्षेत्र सेक्टर 19 के गीता प्रेस में आग लगने की सूचना मिली थी। अग्निशमन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया है। स्थिति सामान्य है, किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। सभी लोग, साधु-संत सुरक्षित हैं। किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। आग बुझा दी गयी है। श्रद्धालु सामान्य रूप से कुंभ में मौजूद हैं। इधर, पुलिस प्रशासन ने कहा है कि आग पर काबू पा लिया गया है, पूरे इलाके में कूलिंग की गयी है। लोगों का कहना है कि यहां सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ है, लेकिन अभी जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। इस घटना में किसी की मौत की खबर नहीं है।

## झारखंड को केंद्र सरकार की सौगात

# नितिन गडकरी ने धनबाद में 6 लेन फ्लाइओवर निर्माण को दी मंजूरी

- परियोजना की कुल लागत 1130.54 करोड़ रुपये होगी




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार ने झारखंड के लिए बड़ी परियोजना को स्वीकृति दी है। धनबाद के राष्ट्रीय राजमार्ग-19 (पुरानी जीटी रोड एनएच-02) पर बरवाअड्डा-पानागढ़ के पास निरसा और गोविंदपुर क्षेत्र में मौजूदा फुटपाथ के पुनर्निर्माण और दो 6-लेन एलिवेटेड फ्लाइओवर के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। इस परियोजना की कुल लागत 1130.54 करोड़ रुपये होगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इसकी घोषणा अपने सोशल मीडिया हैंडल पर की। इसके साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सोशल मीडिया पर कहा कि केंद्र सरकार द्वारा झारखंड के धनबाद जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के बरवा अड्डा-पानागढ़ के निरसा और गोबिंदपुर क्षेत्र में मौजूदा फुटपाथ के पुनर्निर्माण/पुनर्वास सहित दो 6-लेन एलिवेटेड फ्लाइओवर के निर्माण के लिए 1130.54 करोड़ रुपये की लागत के साथ स्वीकृति दी गयी है। झारखंड और बंगाल को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क पर फ्लाइओवर की स्वीकृति प्रदान कर कोयलांचल की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने भी अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार झारखंड के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। इस सौगात के लिए आपका हृदय से आभार।

बता दें कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा मंजूर यह 6-लेन एलिवेटेड फ्लाइओवर झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाले एनएच-19 का हिस्सा होगा। यह निरसा और गोविंदपुर क्षेत्रों से गुजरते हुए भारी ट्रैफिक वाले क्रॉस रोड्स और ग्रेड जंक्शनों की समस्या को हल करेगा। यह फ्लाइओवर ग्रेड अलग बाइपास के रूप में कार्य करेगा, जिससे इस क्षेत्र में सुगम और सुचारू यातायात सुनिश्चित होगा। निरसा जैसी जगहों पर अक्सर होने वाली ट्रैफिक की भीड़ को इससे काफी राहत मिलेगी।

# जम्मू-श्रीनगर रेलवे लाइन का ट्रायल रन पूरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट (यूएसबीआरएल) के हिस्से कटरा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर ट्रायल रन रविवार को पूरा हो गया। 18 कोच की ट्रायल ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा रेलवे स्टेशन से कश्मीर की ओर रवाना हुई। ट्रायल की देखरेख कर रहे रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह यूएसबीआरएल का आखिरी टेस्ट रन है। 41 हजार करोड़ की लागत से बने प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 272 किमी है। इसमें 111 किमी का रास्ता सुरंग के भीतर है। 12.77 किमी लंबी टी-49 सुरंग इस प्रोजेक्ट में सबसे लंबी है। रियासी जिले में चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल भी इसी प्रोजेक्ट का हिस्सा है। पुल की लंबाई 1315 मीटर, जबकि नदी तल से ऊंचाई 359 मीटर है। इसे बनाने में करीब 20 साल का वक्त लगा, जबकि 1486 करोड़ की लागत आयी है।

## न्यूज रील्स

### राहुल गांधी के खिलाफ असम में एफआइआर

गुवाहाटी। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में एफआइआर दर्ज की गयी है। आरोप है कि राहुल ने भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले बयान दिये। उनपर बीएनएस की धारा 152 के तहत दर्ज एफआइआर गैर जमानती है। यानी अगर राहुल की गिरफ्तारी होती है, तो उन्हें जमानत के लिए सीधे कोर्ट जाना पड़ेगा। एफआइआर गुवाहाटी हाइकोर्ट के वकील मोनजीत चेतिया ने दर्ज करायी है। राहुल ने कहा था कि भाजपा, आरएसएस ने हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। अब हम भाजपा-आरएसएस और इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं।

### पुजारी कांकेर मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे गये

जगदलपुर। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर 16 जनवरी को हुई मुठभेड़ में 12 नहीं बल्कि 18 नक्सली मारे गये हैं। इसमें एससीएम (सेंट्रल कमेटी मेंबर) दामोदर भी मारा गया है। इसकी जानकारी दक्षिण बस्तर जोनल कमेटी के सचिव गंगा ने पर्चा जारी कर दी है। दामोदर पर 50 लाख का इनाम घोषित था। फोर्स ने 12 नक्सलियों के शव बरामद किये हैं, जिसमें 10 की पहचान कर ली गयी है। मरने वालों में पांच महिला नक्सली भी शामिल हैं। गंगा ने जो पर्चा जारी किया है उसमें लिखा है कि इस मुठभेड़ में एससीएम दामोदर दादा, पीपीसीएम हुंगी, देवे, जोगा, नरसिंहराव समेत कुल 18 साथी मारे गये।

### मनु भाकर के मामा और नानी को कार ने रौंदा

नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के मामा और नानी की रविवार को एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को गलत दिशा से टक्कर मार दी। घटना चरखी दादरी में हुई, जहां दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी।

### इजराइल-हमास में 14 महीने बाद सीजफायर

तेल अवीव। इजराइल और हमास के बीच जंग के 14 महीने बाद सीजफायर लागू हो गया है। इसमें तय समय से करीब तीन घंटे की देरी हुई है। इसे सुबह 11:30 बजे लागू होना था, जो दोपहर 2:45 बजे लागू हो पाया। इजराइल ने हमास पर सीजफायर की शर्तों को पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि हमास ने आज रिहा होने वाले तीन इजराइली बंधकों के नाम नहीं दिये हैं। इसके बाद हमास ने आज रिहा होने वाले बंधकों की सूची इजराइल को भेजी, जिसके बाद ये लागू हो पाया।

# कटिहार में 18 लोगों से भरी नाव पलटी, तीन की हुई मौत

## 11 लोगों की जान बचायी गयी, चार लोग लापता

आजाद सिपाही संवाददाता

**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में रविवार सुबह एक नाव हादसा हो गया। कटिहार के अमदाबाद में गंगा नदी में नाव पटलने से कई लोग डूब गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाव में कुल 18 लोग सवार थे। जिनमें से 11 लोगों ने तैर कर जान बचा ली। तीन शव बरामद किये गये, जबकि खबर लिखे जाने तक चार लोग लापता थे।

जानकारी के अनुसार सभी लोग दक्षिणी करिमुल्लापुर के मेघू घाट से नाव में सवार हुए थे और गद्दाई दियारा जा रहे थे। नाव होदसे की सूचना पर एसडीआरएफ और पुलिस भी मौके पर पहुंची है। लापता लोगों की तलाश की जा रही है। जिन तीन लोगों के शव बरामद हुए हैं उनमें 60 वर्षीय पवन कुमार, 70 वर्षीय सुधीर मंडल और एक साल का मासूम शामिल है। बताया जा रहा है कि नाव में सवार लोग दियारा क्षेत्र में खेत देखने और खेती के काम के लिए जा रहे थे।

**गंगा के तेज बहाव की वजह से रेस्क्यू में परेशानी :** मनिहारी अनुमंडल पदाधिकारी कुमार सिद्धार्थ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार, अमदाबाद थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार और अंचल अधिकारी स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। हालांकि तेज धारा और गहराई के चलते लापता लोगों को खोजने में परेशानी हो रही है।

# हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ रवाना हुई कुंभ स्पेशल

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने यात्रियों को लगाया तिलक, पुष्प वर्षा की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची से प्रायगराज के लिए कुंभ विशेष ट्रेन का परिचालन रविवार को शुरू हुआ। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची रेलवे स्टेशन से कुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सैकड़ों यात्री हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ कुंभ यात्रा को रवाना हुए। इस मौके पर संजय सेठ ने कहा कि 144 वर्षों के बाद करोड़ों सनातनियों के जीवन में यह सौभाग्य आया है, जब महाकुंभ में अमृत स्नान का अवसर मिलेगा। रांची से अधिक से अधिक लोग अमृत स्नान कर सकें, इस निमित्त कुंभ स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया गया है। यह महाकुंभ हिंदुत्व की एकता और सनातनी संस्कृति के गौरव का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा बहुत ही समुचित और अच्छी व्यवस्था की गयी है। कुंभ यात्रियों की तरफ से रक्षा राज्यमंत्री ने दोनों नेताओं का आभार प्रकट किया।

संजय सेठ ने ट्रेन रवाना होने से पहले कुंभ यात्रियों को तिलक लगाया और पुष्प वर्षा कर उनके सुखद और सफल यात्रा की कामना की। तीर्थयात्री महाकुंभ की यात्रा को लेकर बहुत उत्साहित दिखे। इस अवसर कर रक्षा राज्य मंत्री ने यात्रियों के बीच संताली और हिंदी भाषा में कुंभ की गाइडलाइन से संबंधित पत्रक का भी वितरण किया। मौके पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, रांची के विधायक सीपी सिंह, मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा, सीनियर डीसीएम निशांत कुमार, भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रेम कटारुका, सतीश सिन्हा, संजय जयसवाल, अनीता वर्मा, मुन्चुन राय, सुजीत शर्मा आदि मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री ने मन की बात में महाकुंभ की चर्चा की

# हमें विकास के साथ विरासत को सहेजना है: मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 118वें एपिसोड में महाकुंभ और रामलला का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में दुनियाभर से लोग आते हैं। यह सामाजिक समरसता का ऐसा संगम है, जहां जात-पात, ऊंच-नीच से परे लोग एक-दूसरे के साथ पवित्र स्नान करते हैं। भंडारों में भोजन और प्रसाद लेते हैं। मोदी ने कहा कि कुंभ एकता का महाकुंभ है। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम को यह एक सूत्र में बांधता है। यह हजारों साल से चली आ रही परंपरा है। एक तरफ प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ होता है। वहीं, दूसरी तरफ गोदावरी, कृष्णा, कावेरी और नर्मदा नदी के तट पर पुष्करम मनाया जाता है।



मोदी ने कहा कि इस बार का गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है। संविधान सभा के दौरान अनेक विषयों पर लंबी-लंबी चचाएं हुईं। वे चचाएं, संविधान सभा के सदस्यों के विचार, उनकी वो वाणी, हमारी बहुत बड़ी धरोहर है ।संविधान को लेकर बाबा साहब अंबेडकर, डॉ राजेंद्र प्रसाद और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भाषण के क्लिप सुनाये। मोदी ने कहा कि इन महान विभूतियों की वाणी हमारी बहुत बड़ी धरोहर है। हमें इनसे प्रेरणा लेकर काम करना है।

प्रधानमंत्री ने अपने 30 मिनट के कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस के अलावा, 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती, 25 जनवरी को नेशनल वोटर्स डे, रामलला, स्टार्टअप इंडिया, स्पेस सेक्टर, हाथी बंधु, टाइगर रिजर्व, अरुणाचल प्रदेश और निकोबार में वर्जिन कोकोनट ऑयल का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम हर महीने के आखिरी रविवार को हता है। इस बार 26 जनवरी के कारण कार्यक्रम एक सप्ताह पहले हुए है।

# भारतीय महिला टीम ने पहली बार जीता खो-खो विश्वकप का खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने रविवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में नेपाल को हराकर पहला खो-खो विश्व कप जीत लिया। प्रियंका इंगले के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने फाइनल में नेपाल की टीम को 78-40 से धोया। गौरतलब है कि शनिवार शाम खेले गये सेमीफाइनल में भारतीय महिला खो-खो टीम ने दक्षिण अफ्रीका को एकतरफा मुकाबले में 66-16 से धूल चटा दी थी, जबकि पड़ोसी देश नेपाल ने पहले सेमीफाइनल मुकाबले में युगांडा को 89-18 से हराया था।



इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडिमय में भारतीय महिला टीम ने रविवार को फाइनल में शानदार खेला का मुजाहिरा करते हुए पहले टर्न में भारत ने 34 अंक बनाये, वहीं नेपाल की टीम स्कोर करने में विफल रही। वहीं दूसरे टर्न में भारत का स्कोर 35 अंक रहा, जबकि नेपाल की टीम ने 24 हासिल किये। दूसरे टर्न में भारत ने एक अंक तथा नेपाल ने 24 अंक बनाये। ब्रेक के बाद तीसरे टर्न मे भारत ने 73 अंक तथा नेपाल का 24 अंक का स्कोर रहा। तीसरे टर्न में भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए 38 अंक अर्जित किये। चौथे टर्न की पहली पारी में नेपाल ने छह अंक बनाये वहीं भारत को पांच अंक मिले। पहली पारी का स्कोर 78-30 रहा। चौथे टर्न में आखिरी सिटी बजने पर स्कोर भारत के 78 अंक और नेपाल के 40 अंक रहे। भारतीय महिला टीम ने यह मुकाबला 38 अंक से जीत लिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 74,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 96,000 रु./प्रति किलो |



## डयूटी पर तैनात दो कर्मियों को चोरों ने बंधक बनाया

# पोटका विद्युत उपकेंद्र से 18 लाख रुपये के कोयल कॉपर की चोरी

**टेंपो से आये दस से अधिक चोरों ने हथियार के बल पर वारदात को दिया अंजाम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम के पोटका थाना क्षेत्र में हाता स्थित विद्युत उपकेंद्र से चोरों ने खराब पड़े पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर से 18 लाख रुपये के कोयल कॉपर की चोरी कर ली। ये घटना शनिवार रात की है। अज्ञात चोरों ने सबसे पहले ड्यूटी पर तैनात दो कर्मी समेत एक अन्य को बंधक बनाया उसके बाद घटना को अंजाम दिया। दस से अधिक चोरों ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया। वे सभी टेंपो पर सवार होकर आये थे। इसके बाद उन सभी ने वहां पर कार्यरत एसबीओ सोनू कुंकल, लाइनमैन नयन माला और एक अन्य को हथियार के बल पर हाथ पैर बांध दिया और लूटपाट कर चलते बने। सुबह जब अन्य कर्मी वहां पहुंचे तो उन्होंने बंधक बने कर्मियों को खोला।

### विधायक ने दिया कार्रवाई का निर्देश

मामले की जानकारी मिलने के बाद पोटका विधायक संजीव सरदार भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। खोजी कुत्तों का भी सहारा लिया जा रहा है। घटना के संबंध में रात्रि ड्यूटी पर तैनात एसबीओ सोनू कुंकल एवं लाइनमैन नयन माल ने बताया कि शनिवार रात के ग्यारह बजे जब हाता फीडर का बिजली किसी कारणवश बंद हुआ तो वे बाहर निकले। उसी वक्त विद्युत उपकेंद्र के चहारदिवारी के अंदर पहले से घात लगा बैठे चोरों ने हथियार के बल पर उन्हें पकड़कर स्वीच रूम ले गये। इसके बाद सभी के हाथ पैर बांध दिया। इसके बाद चोरों ने खराब पड़े पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर को गैस कटर से काटकर उसके अंदर से कॉपर कोयल की चोरी कर ली। रातभर वह कमरे में बंधक बने रहे। चोरों की संख्या दस से अधिक थी। वे सभी हथियार से लैस थे सुबह को चोरों ने सभी कर्मियों का मोबाइल फेंककर चलते बने। साढ़े पांच के करीब लाइनमैन समन सरदार जब वहां पहुंचा, तो वह देखा कि गेट बंद है। जब उसने आवाज दी तो किसी ने गेट नहीं खोला। वह चहारदिवारी फांदकर अंदर गये तब उन्हें मामले की जानकारी हुई। इसके बाद वे बंधक बनाकर रखे गये कर्मियों को खोला। कर्मियों ने बताया कि विद्युत सब स्टेशन में खराब पड़े पुराने पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर में लगभग 18 लाख रुपये के कॉपर कोयल थे।

## फोटो स्टूडियो संचालक हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

# बेटा ही निकला बाप की हत्या का साजिशकर्ता

**पहली पत्नी के छोटे बेटे ने ही पिता की हत्या करने की साजिश रची थी, तीन गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चांडिल।** सरायकेला- खरसावां जिला के चांडिल थाना पुलिस ने बीते 13 जनवरी को हुए कल्पना स्टूडियो के मालिक दिलीप गोराई हत्याकांड मामले का चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस ने दिलीप गोराई की पहली पत्नी के छोटे पुत्र राकेश गोराई के साथ सुमित सोलंकी और कैलाश कर्मकार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और घटना के वक्त अभियुक्तों द्वारा पहना गया वस्त्र बरामद किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीपीओ अरविंद कुमार बिन्हा ने बताया कि कांड के उद्भेदन को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और टीम द्वारा तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर इस कांड का खुलासा किया गया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहली पत्नी के छोटे बेटे राकेश गोराई ने ही अपने पिता की हत्या करने की साजिश रची थी। राकेश ने अपने रिश्ते के भांजे सुमित सोलंकी को 65 हजार रुपये देकर हत्या करने का षड्यंत्र रचा गया था। सुमित सोलंकी ने सहयोगी कैलाश कर्मकार के साथ मिलकर 13 जनवरी को स्टूडियो खोलते वक्त दिलीप गोराई की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि कांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी एवं घटना में प्रयुक्त हथियार की बारामती को लेकर छापेमारी अभी जारी है।

# सुजीत सिन्हा गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

## ओरमांझी में लेवी की रकम नहीं देने पर की थी फायरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** रांची पुलिस ने सुजीत सिन्हा गैंग के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम विक्की वर्मा उर्फ सशांक वर्मा उर्फ डेविल और आयुष राज उर्फ छोटू है। नवंबर माह में ओरमांझी इलाके में गोलीबारी की थी। नवंबर माह में ओरमांझी इलाके में दो अज्ञात अपराधी अपाची मोटरसाइकिल से आये एवं मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा गोलीबारी की गयी थी, जिसमें जावेद अंसारी, उम्र करीब 50 वर्ष, पिता स्व० उसमान अंसारी, सा० इरबा, थाना ओरमांझी। जिला रांची एवं आजाद अंसारी, पिता मुर्तजा अंसारी, सा० इरवा, थाना-ओरमांझी, जिला-रांची को एक-एक गोली लगी थी। संजीव जायसवाल के द्वारा बताया गया कि संगठित अपराधी गिरोह सुजित सिन्हा के सरगना के सदस्यों द्वारा इनसे लेवी की मांग की गयी था, लेवी नहीं देने के कारण संगठित गिरोह के द्वारा फायरिंग की गयी थी। उक्त संगठित अपराधी गिरोह के एक अभियुक्त जिशान शेख उर्फ रिक्की खान को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था इसके बाद एक अभियुक्त विक्की वर्मा उर्फ सशांक वर्मा उर्फ डेविल को 17 जनवरी को छत्तीसगढ़ (रायपुर) से गंज थाना से वहीं एक अभियुक्त आयूष राज उर्फ छोटू को 18 जनवरी को विकास गोलचक्कर (शालीमार नर्सरी) के पास से गिरफ्तार किया गया है। पूछ-ताछ के क्रम में इनके द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया है।

# जन्म प्रमाण पत्र विवाद पर भाजपा ने की जांच की मांग

**रांची नगर निगम से आइएएस अधिकारी के बेटे के नाम पर तीन-तीन जन्म प्रमाण पत्र जारी होने का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड कैडर के आइएएस अधिकारी राजीव रंजन के बेटे के नाम पर तीन-तीन जन्म प्रमाण पत्र जारी होने के मामले पर भाजपा ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस घटना को झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार का एक चिंताजनक उदाहरण बताया है।

श्री साह ने कहा कि रांची नगर निगम में आम नागरिकों को अपने बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए महीनों तक चक्कर लगाने पड़ते हैं। अधिकारियों की लापरवाही के कारण न जाने कितने बच्चों का स्कूल में दाखिला तक नहीं हो पाता। वहीं, दूसरी ओर प्रभावशाली अधिकारी अपने रसूख का इस्तेमाल कर नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह मामला पासपोर्ट में संशोधन से जुड़ा हुआ है, जिससे यह आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से भी गंभीर हो जाता है। यदि नगर निगम इतने आसानी से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी कर देता है, तो संभव है कि पहले भी ऐसे कई मामले सामने आये हों। श्री साह ने मांग की कि इस पूरे प्रकरण में दोषी आइएएस अधिकारी और नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों पर फर्जीवाड़े के कानून के तहत मामला दर्ज होना चाहिए। उन्होंने भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (फर्जीवाड़ा) के तहत कार्रवाई की मांग की।

इसके साथ ही श्री साह ने इस मामले को नगर निकाय चुनावों से भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि झारखंड में नगर निकाय और निगम पूरी तरह अधिकारियों के भरोसे चल रहे हैं, जहां जवाबदेही लगभग न के बराबर है। जनप्रतिनिधियों की गैर-मौजूदगी ने इन संस्थानों को भ्रष्टाचार के अड्डे में बदल दिया है। उन्होंने मांग की कि इस भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कदम उठाये जायें और दोषियों को दंडित किया जाये।

# हरमू से रेडिसन ब्लू तक फ्लाइओवर के डीपीआर तैयार करने में आ रही अड़चन

## हरमू नदी में एसटीपी प्लांट पांच-छह जगह स्थापित कर रहा जुडको

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हरमू, विद्यानगर से रेडिसन ब्लू कडरू तक फ्लाइओवर निर्माण के डीपीआर तैयार करने में अड़चन आ रही है। पथ निर्माण विभाग के इंजीनियरों ने इस प्रस्तावित फ्लाइओवर के लिए सर्वे प्रारंभ किया है, जिसमें अब यह बात सामने आ रही है। जुडको द्वारा हरमू नदी के पानी को साफ करने के लिए एसटीपी प्लांट लगाने की योजना है। इंजीनियरों ने बताया की एसटीपी प्लांट पांच-छह जगह स्थापित करने की दिशा में जुडको कार्य कर रहा है। ऐसे में पथ निर्माण विभाग की ओर से फ्लाइओवर निर्माण के लिए जो सर्वे कराया जा रहा था उसमें रूकावट हो गयी है।

एक ही नदी में दो विभागों की योजना एक साथ क्रियान्वित करने से दिक्कत हो रही है। पथ निर्माण विभाग अब यह चाहता है कि पहले यह पता चल जाये कि कहां-कहां एसटीपी लगना है। इसके बाद ही फ्लाइओवर निर्माण के लिए सर्वे प्रारंभ किया जायेगा। उसी के अनुरूप इसका एलाइनमेंट तैयार करके डीपीआर बनाया जायेगा। बता दें कि विभाग ने हरमू क्षेत्र के बड़े इलाके को इस पुल से मेन रोड रेडिसन ब्लू से जोड़ने की योजना बनायी है, जिस पर लगातार मंथन चल रहा है। जुडको से भी इस संबंध में पत्राचार किया जा रहा है।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

# वैश्य समाज की मांगों को लेकर अभियान चलाया जायेगा: महेश्वर

**9 फरवरी को खूंटी में केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक**

**23 फरवरी को पतरातू डैम में प्रशिक्षण शिविर**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका के सभागार में रविवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। यह बैठक आगे की रणनीति, कार्यक्रम, नगर निगम/निकाय चुनाव एवं सदस्यता और संगठन विस्तार के लिए रखी गयी थी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने की। बैठक में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से तय किया गया कि 23 फरवरी को पतरातू डैम में ही कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। उसके पूर्व 9 फरवरी को खूंटी में केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक का आयोजन किया जायेगा।

इस बैठक की तैयारी की जवाबदेही खूंटी जिला प्रभारी राजन चौधरी, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहू एवं संगठन महासचिव कृष्णा साहू को दी गयी है। यह भी तय किया गया कि संगठन विस्तार और सदस्यता बढ़ाने के लिए सभी पदाधिकारी अपने- अपने क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेंगे और केंद्रीय नेताओं को आमंत्रित करेंगे। बैठक में नगर निगम और निकाय चुनाव पर चर्चा जारी रखने का निर्णय लिया गया, ताकि समय आने पर सही फैसला लिया जा सके।

इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि वैश्य समाज के मुद्दों पर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए फिर से संघर्ष का रास्ता अपनाया जायेगा। आगामी विधानसभा सत्र से पहले ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन आदि मांगों को लेकर अभियान चलाया जायेगा और सरकार को याद दिलाया जायेगा।

बैठक में प्रस्ताव पारित कर पतरातू एनटीपीसी के विस्थापितों के आंदोलन का समर्थन किया गया और सरकार एवं प्रबंधन से विस्थापितों की मांगों पर तत्काल सकारात्मक पहल करने की मांग की गयी। अंत में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू की माता पार्वती देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, अश्विनी कुमार साहू, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता सहदेव चौधरी, परशुराम प्रसाद, केंद्रीय महासचिव दिलीप कुमार, कपिल प्रसाद साहू, संगठन महासचिव कृष्णा साहू, अनिल वैश्य, जगदीश साहू, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, राजेंद्र साहू, केंद्रीय सदस्य नरेश साहू, खूंटी जिला प्रभारी राजन चौधरी, महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष दीपारानी कुंज, युवा मोर्चा के सचिव आदित्य पोद्दार उपस्थित थे, जबकि वर्चुअल रूप से कार्यकारी अध्यक्ष मोहन साव, वरीय उपाध्यक्ष सुरेश साहू, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणू देवी ने अपनी सहमति दी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## ओरमांझी में विधायक का नागरिक अभिनंदन सह वनभोज कार्यक्रम

# बिना शिक्षा के धोबी समाज का विकास नहीं हो सकता : सुरेश कुमार बैठा

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को ओरमांझी के रूक्का डैम परिसर में विधायक का नागरिक अभिनंदन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पहुंचे कांके विधानसभा के विधायक सुरेश कुमार बैठा, राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के निजी सचिव तुलसी कौशिक सहित अन्य अतिथियों का झारखंड प्रदेश के द्वारा सम्मानित किया गया। नागरिक अभिनंदन सह वनभोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के शिक्षा जरूरी है। बगैर शिक्षा और एकजुटता के समाज का विकास संभव नहीं है। अखिल भारतीय धोबी महासंघ का यह प्रयास तब सार्थक होगा जब समाज के अंतिम पायदान पर खड़े समाज तक समाजिक तथा आर्थिक सहयोग पहुंचे। विधायक सुरेश कुमार बैठा ने सभी को आगे आने का आह्वान करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विशुनदेव साय के निजी सचिव तुलसी कौशिक ने कहा कि धोबी समाज आज काफी पीछे है। शिक्षा से लेकर सभी मामले में पिछड़ रहा है। इसका मूल कारण नशापान है। समाज में व्याप्त कुरितियां, सामाजिक रूढ़िवादी को हटाना ही होगा। समाज के विकास को लेकर बाबा संत गाडगे महाराज ने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो और अपने हक-अधिकारों को लेकर आगे बढ़ो। इसे जीवन में अमल करना होगा।

### सभी को एकजुट होना होगा : कृष्ण

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया ने कहा कि भारत देश के 11 राज्यों और 9 केंद्र शासित प्रदेशों में धोबी समाज को अनुसूचित जाति में शामिल नहीं किया जा सका है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते देश के 11 राज्यों, 9 केंद्र शासित प्रदेशों में धोबी जाति को अनुसूचित जाति में शामिल कराने तथा समाज को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए प्रयासरत हूं। यह तभी संभव हो सकता है, जब समाज एकजुट और जागरूक होगा। कार्यक्रम को कई अन्य ने संबोधित किया। इससे पहले मुख्य तथा विशिष्ट अतिथियों के द्वारा बाबा संत गाडगे महाराज, बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच सम्मानित अतिथियों विधायक सुरेश कुमार बैठा सहित अन्य का नागरिक अभिनंदन किया गया। मंच संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार, स्वागत प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोक गायिका राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रजनी रजक, कृषि वैज्ञानिक डॉ पंकज सेठ, डीएसपी वरुण बैठा, एनडीसी ललन टिंकू रजक, राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार राजेंद्र आहिरे, गांडेय के समाजसेवी अर्जुन बैठा, जिला परिषद सदस्य चंचला देवी, प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा, डॉ माधुरी रजक, लालाबाबू रजक, दिनेश बैठा, नागमणि रजक, शिवनाथ बैठा, राजू कुमार रजक, सबिता प्रसाद, उपेंद्र कुमार रजक, अनिल बैठा, ननकू बैठा, दीपक रजक, गोविंद रजक, सौरभ रजक, कैलाश रजक, फुलेश बैठा, झलकू रजक, इकबाल सिंह ओबराय, सुनील रजक, जयधन बैठा राकेश कुमार रजक, राजकुमार बैठा, सुखराम सेठ, वीरेंद्र रजक, ध्वजा राम धोबी, विनोद कुमार रजक सहित अन्य शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.6 °c | 10.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम जन के साथ सुनी 'मन की बात'

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत की गाथा है मन की बात: बाबूलाल मरांडी

**प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर पार्टी के प्रदेश, जिला मंडल के पदाधिकारी, सांसद, विधायक और कार्यकर्ता हुए शामिल**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो, दूरदर्शन से प्रत्येक माह अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण हुआ। इस माह अंतिम रविवार को गणतंत्र दिवस होने के कारण इसे माह के तीसरे रविवार को ही प्रसारित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची महानगर के बरियातू मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश हरमू मंडल में कार्यक्रम को सुना। वहीं प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर पार्टी के प्रदेश, जिला मंडल के पदाधिकारी, सांसद, विधायक एवं कार्यकर्ता मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम को राजनीतिक संबोधन नहीं बल्कि यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत की गाथा है। विविध क्षेत्रों की महत्वपूर्ण जानकारियों से परिपूर्ण यह संविधान आम जन को प्रेरित करता है। श्री मरांडी ने कहा कि पीएम के संबोधन में भारत की सांस्कृतिक विरासत और विकास की चर्चा हुई है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की गाड़ी अपने विरासत को सहेजते और संवारते हुए आगे बढ़ रही। कहा कि संविधान सभा में दिये गये हमारे देश के महापुरुषों के संबोधन ने आम जन को संविधान की मूल भावनाओं से परिचित कराया। विरासत पर गर्व करने के अवसर दिये, वहीं स्टार्टअप की चर्चा ने युवाओं को नये-नये क्षेत्र से अवगत कराया,प्रेरित किया। श्री मरांडी ने कुंभ की एकता और समरसता को दैनिक जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम सुनने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह आदि शामिल हुए।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सफाई कर्मियों के साथ सुनी मन की बात

# भारतवासियों की उपलब्धियां, उनकी गाथा सुनने का अवसर प्रदान होता है : संजय सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 118वें एपिसोड मन की बात रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर सैकड़ों सफाई कर्मचारियों के साथ सुनी। श्री सेठ ने इस अवसर पर कहा कि भारत वासियों की उपलब्धि और उनकी गाथा सुनाने का अवसर प्रदान होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायक बातें सुनकर हम सब को एक ऊर्जा प्राप्त होती है और उसी ऊर्जा के साथ हम लोग आगे काम कर पाते हैं। हमारे देश के ऐसे होनहार जो अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हैं उसे जानने का मौका मिलता है। आज जो भारत में कुंभ का आयोजन हो रहा है। इस कुंभ की व्यवस्था, वहां के मैनेजमेंट जो पूरे विश्व में आज जिसकी सरहाना हो रही है। स्टार्टअप, भारतीय स्पेस डॉकिंग ऐसे कई उत्कृष्ट कार्य जो आज भारत विश्व के चौथे नंबर पर है ऐसी गाथाओं को सुनकर पूरा देश गौरवान्वित महसूस करता है। रेडियो के मन की बात के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को भारत की गाथा को जानने का अवसर मिलता है। 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने का सपना कैसे भारत सर्वश्रेष्ठ भारत बने इन सभी गाथाओं को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक बात सुनने का अवसर प्रदान होता है। रविवार को पंडरा मंडल, सुखदेव नगर मंडल के सैकड़ों सफाई कर्मी के साथ मन की बात सुनने का अवसर प्रदान हुआ।

### सफाईकर्मियों के बीच कंबल वितरित किया

मन की बात के बाद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विभिन्न वार्ड से आये सैकड़ों सफाई कर्मियों के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू मंडल के अध्यक्ष सुबेस पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय, संजीव चौधरी, सुधीर सिंह, अशोक मुंडा, विनोद वर्मा, रवि मेहता, रिंकू सहदेव, आकाश कुमार पांडेय, मंजू चौधरी, आशा शर्मा, देवन जी अशोक यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता



**रांची (आजाद सिपाही)।** रविवार को पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 10 हजार से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने सेवा धाम में बने भगवान श्री राधा-कृष्ण मंदिर के दर्शन किये। दिन-भर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम परिसर में स्थापित श्री राधा कृष्ण मंदिर दरबार हॉल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिर परिसर में दोपहर में 2 घंटे तक भक्तगणों ने पूरे भक्तिभाव से भजन-कीर्तन कर पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं कृष्णमय बना दिया। दरबार में सुमधुर भक्ति भजनों में खूब झूमे। दरबार के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा -कृष्ण मंदिर, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना की जा रही है।

### कार्यक्रम : जेसीआइ रांची का 65वां शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# लीडिंग द चेंज थीम पर काम करेंगे: जेसी प्रतीक जैन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को रांची के एक होटल में जेसीआइ रांची ने 65वें शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी थे और विशिष्ट अतिथि के रूप में जेसीआइ इंडिया की पूर्व नेशनल प्रेसिडेंट जेसी राखी जैन उपस्थित रहीं।

समारोह में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन ने अपनी टीम के साथ शपथ ग्रहण किया। बाबूलाल मरांडी ने प्रतीक जैन और उनकी टीम को शुभकामनाएं देते हुए जेसीआइ को जूनियर चैंबर इंटरनेशनल के बजाय यूथ चैंबर इंटरनेशनल के रूप में संबोधित किया, जो युवाओं के नेतृत्व और समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। राखी जैन ने जेसीआइ रांची को मिनी जेसीआइ जोन के रूप में सराहा और इसकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने नयी टीम को समाजसेवा और विकास के लिए प्रेरित करते हुए उनकी योजनाओं की प्रशंसा की।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन ने अपनी टीम को संबोधित करते हुए लीडिंग द चेंज थीम पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी टीम इसी थीम पर आगे भी काम करेगी। उन्होंने इस साल समाज के विकास के लिए कई योजनाओं की घोषणा की, जिनमें 50 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान करने की योजना प्रमुख है।

### ये है नयी कार्यकारिणी

**सचिव:** जेसी सनी केडिया

**उपाध्यक्ष:** जेसी अभिषेक जैन, जेसी निशांत मोदी, जेसी निखिल अग्रवाल, जेसी मयंक अग्रवाल, जेसी साकेत अग्रवाल, जेसी तरुण अग्रवाल। **कोषाध्यक्ष:** जेसी कौशल मुरारका। **संयुक्त सचिव:** जेसी सौरभ जालान। **प्रवक्ता:** जेसी आदित्य जालान। **निर्देशक:** जेसी अभिषेक नारनौली, जेसी अक्षत अग्रवाल, जेसी अमन सिंघानिया, जेसी अनीश जैन, जेसी अंकित अग्रवाल, जेसी अनुभव अग्रवाल, जेसी किशन अग्रवाल, जेसी मंदीप सिंह, जेसी मोहित बागला, जेसी निखिल मोदी, जेसी नितिन पोद्दार, जेसी प्रवीण अग्रवाल, जेसी ऋषभ छापरिया, जेसी ऋषभ जैन, जेसी ऋषभ जालान, जेसी ऋषभ सिंघानिया, जेसी ऋषि मुरारका, जेसी संदीप खेमका, जेसी संकेत सरावगी, जेसी सौरव नरेडी और जेसी सृजन हेतमसरिया।

# मंत्री दीपक बिरुआ ने बच्चों को शिशु शक्ति राशन किट दिया

### पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गयी योजना



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** महिलाओं, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग ने शनिवार को पश्चिम सिंहभूम जिले में शिशु शक्ति टेक होम राशन (टीएचआर) पहल को एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया। राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने चक्रधरपुर में 10 लाभार्थियों को शिशु शक्ति राशन किट सौंपे। यह शिशु शक्ति किट, 6 महीने से 6 साल के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए तैयार की गयी है। इसमें ऊर्जा, प्रोटीन और सूक्ष्म पोषक तत्वों की अधिकता है। इसे स्थानीय अनाज, दाल, मेवे और मोटे अनाज (मिलेट्स) से बनाया गया है। यह इस तरह से तैयार किया गया है कि उम्र के हिसाब से सही मात्रा में देने पर बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हो सके। पायलट प्रोजेक्ट के परिणामों के आधार पर इसे पूरे राज्य में लागू किया जायेगा। यह पहल टीएचआर समिति की सिफारिशों के आधार पर की गयी है, जो झारखंड राज्य पोषण मिशन के महानिदेशक की अध्यक्षता में यूनिसेफ और राज्य के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (रिम्स) के तकनीकी सहयोग से बनायी गयी है। फिलहाल, बाल एवं महिला विकास विभाग 38,523 आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से हर महीने 11 लाख से अधिक लाभार्थियों को पूरक पोषण प्रदान कर रहा है।

### कई कॉलेजों के छात्रों ने एनएसयूआइ की सदस्यता ग्रहण की

# आज देश में विचारधारा की लड़ाई: केशव महतो कमलेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को एनएसयूआइ रांची जिला प्रभारी मुशर्रफ हुसैन के नेतृत्व में रांची के विभिन्न महाविद्यालय से कई छात्र एनएसयूआइ में शामिल हुए और सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर आर्यन सिंह और आर्यन कुमार का स्वागत माला एवं एनएसयूआइ का पट्टा पहना कर किया। मौके पर उपस्थित कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी को सदस्यता देते हुए कहा कि आज देश में विचारधारा की लड़ाई है, और अब इस देश का छात्र, युवा ही तय करेगा कि वो किसके साथ है। छात्रहितों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की बात कही। वहीं, छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेसी आलोक दुबे ने कहा कि छात्र, युवा इस देश की नींव हैं,

**एनएसयूआइ का उद्देश्य है छात्र-छात्राओं को छात्र सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना : आलोक कुमार दुबे**

एनएसयूआइ का उद्देश्य है छात्र-छात्राओं को छात्र सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना।

प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि छात्र संगठनों में शामिल होने से छात्रों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने, समूह चर्चा करने और सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर बातचीत करने का मौका मिलता है। छात्र संगठनों में शामिल होने से छात्रों को अपने शैक्षणिक अनुभवों को बेहतर बनाने में भी मदद मिलती है और छात्रों को अन्य छात्रों की मदद करने का मौका मिलता है। मंच का संचालन एनएसयूआइ प्रदेश कार्यालय प्रभारी सह प्रदेश सचिव हुसैन ने किया।

मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू एवं रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अल्पसंख्यक हुसैन खान, प्रदेश सचिव पवन कुमार, सरफराज अहमद थे।

### इन्होंने ली सदस्यता

सदस्यता ग्रहण करने वालों में आर्यन सिंह, आर्यन कुमार, सम्राट कुमार झा, दिव्यांग तिर्की, दिव्यंग गौरव, प्रियांशु शेखर, विक्की प्रताप, आदिल खान, राज खान, सुमन कुमार, आदित्य प्रभात, रौनक सिंह, आयुष विश्वकर्मा, सोपनिल सूरज, आदित सोनी, मयंक राज, सुभरकर राज, धीरज, अंकित आदि छात्र शामिल थे।

### आजसू पार्टी में वापस आये प्रवीण प्रभाकर

# संगठन और मजबूत होगा: सुदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर रविवार को आजसू पार्टी में शामिल हो गये। पार्टी सुप्रीमो एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में प्रवीण प्रभाकर को सदस्यता ग्रहण करवायी। समारोह समाप्ति के तुरंत बाद मांडू विधायक तिवारी महतो और पूर्व गोमिया विधायक लंबोदर महतो भी पहुंचे। श्री प्रभाकर को मोराबादी स्थित आवास से मोटर साइकिल जुलूस की शक्ल में कार्यकर्ता केंद्रीय कार्यालय लेकर आये। इस मौके पर संथाल परगना, पलामू और कोयलांचल से भी कार्यकर्ता मिलन समारोह में भाग लेने पहुंचे। इस अवसर पर सुदेश महतो ने पार्टी का पट्टा पहना कर प्रवीण प्रभाकर को सदस्यता दिलायी। श्री महतो ने कहा कि प्रवीण प्रभाकर आजसू के पुराने स्तंभ रहे हैं और उनके आने पर पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि श्री प्रभाकर ने आंदोलन को वैचारिक दिशा दी थी और अब मिलकर झारखंड के नवनिर्माण के संघर्ष को आगे बढ़ायेंगे। श्री प्रभाकर ने कहा कि आजसू कार्यकर्ताओं ने विगत 11 वर्षों में उन्हें कभी भी अलग नहीं समझा और हमेशा मान-सम्मान देते रहे। आजसू का झारखंड आंदोलन में ऐतिहासिक योगदान है क्योंकि आजसू के उग्र आंदोलन के कारण ही 1989 में केंद्र सरकार को झुकना पड़ा था और पहली झारखंड वार्ता आजसू के साथ हुई। इसके बाद झारखंड विषयक समिति बनी थी। 1999 में राजग में शामिल होकर आजसू ने अलग झारखंड राज्य का निर्माण करवाया। इस अवसर पर डॉ देवशरण भगत, राजेंद्र मेहता, राधेश्याम गोस्वामी, पंकज श्रीवास्तव, सुबोध प्रसाद, सुधीर यादव, मुकुंद मेहता, परवाज खान, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, हाकिम अंसारी, मनोज कुमार महतो, ओम वर्मा, हरीश कुमार, रमेश गुप्ता, बीरेंद्र प्रसाद, बबलू कुमार महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

## किसान मजदूर एकता दिवस पर सीटू और एआइकेएस ने निकाला संयुक्त मार्च




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** आजादी के बाद मजदूरों और किसानों के पहले हड़ताल की 43वीं वर्षगांठ पर सीटू और एआईकेएस के आह्वान पर किसान मजदूर एकता दिवस मनाते हुए पूर्णिमा टॉकीज परिसर से झंडा चौक तक मोदी सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त मार्च निकाला। जहां 90 और 70 घंटे काम की वकालत करने वाले एलएंडटी और इंफोसिस के चेयरमैन एस एन सुब्रह्माण्यम और एनआर नारायण मूर्ति का पोस्टर जलाकर मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में हुई नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि 43 साल पहले 19 जनवरी 1982 को मजदूरों और किसानों की मांगों को लेकर स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार देशव्यापी सफल आम हड़ताल हुआ था। इस दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनों पर क्रूर पुलिस दमन और गोलीबारी में 10 लोग शहीद हो गये थे। केंद्र सरकार मजदूरों को गुलाम बनाने वाली लेबर कोड को लागू करने पर आमादा है जो पिछले चार वर्षों से ट्रेड यूनियनों के प्रतिरोध के कारण रुका हुआ है। मोदी सरकार के सह पर ही कानून की अवहेलना करते हुए श्रमिकों से 70 घंटे से 90 घंटे काम मांगने का दुस्साहस कॉर्पोरेट्स कर रहे हैं। सीटू राज्य कमिटी सदस्य और आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि यह कैसी विडम्बना है कि कार्यावधि बढ़ाने के लिए चर्चा तो कर रहे हैं, लेकिन मजदूरों को न्यूनतम वेतन भुगतान के लिए कोई चर्चा नहीं है। जबकि योजना कर्मी लगातार मांग कर रहे हैं कि समान काम का समान वेतन दिया जाये। सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि ने कहा कि किसानों ने तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ लाखों किसानों ने एक साल तक आंदोलन किया। जिसमें 750 से ज्यादा किसान शहीद हो गये। किसानों के लंबे संघर्ष के बाद काले कानून वापस लिए गये थे, लेकिन किसानों से किये गये वादे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। कार्यक्रम में महेन्द्र तुरी, ग्यासुद्दीन अंसारी, भीखारी तुरी, शंभू पासवान, मो रफीक, मुश्ताक खान, अजय कुमार, सोनू रजक, रेखा रजक, बबीता देवी, रीना देवी, पूनम देवी, इच्छा कुमारी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## मां के साथ बाजार आयी नाबालिग गायब, खोजबीन में जुटी पुलिस

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अपनी मां के साथ बाजार करने आई गुरपा बिहार की 15 वर्षीय नाबालिक युवती कोडरमा स्टेशन से अचानक गायब हो गयी। पिछले 24 दिन से लापता नाबालिक की मां ने इसकी शिकायत रविवार को तिलैया थाने में की है। मामले की जानकारी देते हुए पीड़िता की मां सुनीता देवी ने बताया कि पिछले 27 दिसंबर को वे अपनी 15 वर्षीय बेटी करीना के साथ कोडरमा बाजार करने आई हुई थी। बाजार से सामानों की खरीदारी करने के पश्चात गुरपा वापस जाने के लिए कोडरमा स्टेशन पर आकर ट्रेन का इंतजार करने लगी। इसी बीच उसकी बेटी ने कहा कि मां मुझे भूख लगी है, मुझे नास्ता करना है। उन्होंने आगे बताया कि चूंकि मेरे साथ एक छोटा बच्चा भी था तो मैंने कहा कि थोड़ा रुको, मैं भी साथ में चलूंगी। जब तक मैं बच्चे को संभालती, पीछे मुड़कर देखा तो मेरी बच्ची गायब हो गयी थी। जिसके पश्चात मैने स्टेशन परिषर में खोजबीन की, पर उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। मैं वापस अपने गांव आ गयी, वहां भी खोजबीन की बावजूद उसका कुछ पता नहीं चल पाया। इधर 10 दिन बाद 11 दिसंबर को एक अज्ञात नम्बर से मेरे मोबाइल पर मेरी बच्ची का फोन आया और उसने कहा कि मुझे घर ले चलो। इतना कहकर उसने फोन काट दिया। मैंने तत्काल इसकी सूचना गुरपा थाना को दी। जहां से मुझे तिलैया थाना जाने को कहा गया। जिसके बाद मैने तिलैया थाना में आवेदन देकर मदद की गुहार लगायी है। इधर इस मामले की गंभीरता को समझते ही तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार तत्काल एक्टिव मोड में आ गये। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि जिस नंबर से यूवती की मां सुनीता देवी को फोन आया था, उसको ट्रेस किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस पीड़िता के गांव जा रही है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जल्द ही नाबालिक बच्ची का पता लगा लिया जायेगा।

## अफीम की खेती के खिलाफ जिला प्रशासन का अभियान जारी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** चौपारण थाना क्षेत्र के जगोडीह जंगल में चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, थाना के सशस्त्र बल और वन विभाग के पदाधिकारी और कर्मियों के साथ संयुक्त छापेमारी कर लगभग 5 एकड़ वन भूमि पर लगे अवैध अफीम पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया। इस संदर्भ में कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अफीम की खेती के खिलाफ जिले भर में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों के मंसूबों को बड़ा झटका लगा है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि चौपारण के आस पास अफीम तस्करों के द्वारा अफीम की खेती की जा रही थी जिसे अभियान चलाकर नष्ट कर दिया गया। पुलिस व वन विभाग के संयुक्त कार्रवाई करते हुए चिन्हित स्थान पर छापेमारी की। पुलिस जब स्थल पर पहुंची तो वहां पाया गया कि अफीम के पौधे उग आये हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस के द्वारा अफीम की खेती के खिलाफ लगातार कार्रवाई भी की जा रही है और उसे नष्ट भी किया जा रहा है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस के द्वारा अफीम की खेती करने वाले लोगों को भी चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जायेगी।

## भारत विकास परिषद का प्रांतीय वनभोज बीएसएफ कैंप संपन्न

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बीएसएफ कैंप मेरु में झारखंड उत्तर प्रांत का वनभोज प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पांडेय की अध्यक्षता व हजारीबाग शाखा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बीएसएफ के सेवानिवृत्त डीजी एचके पाठक, भारतीय वन्य सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी कुमार मनीष अरविंद, उत्तर प्रांत के गौसेवा प्रमुख अनिल कुमार, वित सचिव अश्विनी तिवारी, झुमरी तिलैया शाखा अध्यक्ष प्रो कैलाश राणा, सचिव सीएल पाण्डेय, हजारीबाग शाखा अध्यक्ष डीके राणा, सचिव सुनील कुमार, वित सचिव राकेश सिन्हा सहित लगभग दो सौ पदाधिकारी व सदस्य अपने-अपने परिवार के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर हजारीबाग विधायक सहित कई सेवानिवृत्त अधिकारी और व्यवसायी ने भारत विकास परिषद की सदस्यता भी ग्रहण किए। प्रांतीय अध्यक्ष श्री पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से एक दूसरे मिलने-समझने और जुड़ने का अवसर मिलता है। मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने बीएसएफ पदाधिकारियों व हजारीबाग शाखा के प्रति अपना आभार व्यक्त किये।

# विष्णुगढ़ में बस पलटने से तीन की मौत, दर्जन भर घायल

**नेहा सिटी राइड बस का टायर फट जाने से बस अनियंत्रित होकर पलट गयी**

बंटी मिश्र



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ गोमिया मार्ग स्थित नरकी के समीप महुआ मांडर में दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। दर्जन भर लोग घायल हो गये। मिली जानकारी के मुताबिक सड़क दुर्घटना नेहा सिटी राइड बस का टायर फट जाने से बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमें घटनास्थल पर ही मंगर कमार, पिता स्व. हीरा कमार उम्र करीब 55 वर्ष, सा नरकी और कमरूदीन अंसारी 40 पिता मो निजामुद्दीन अंसारी, जरीडीह बाजार, थाना गांधीनगर, जिला बोकारो की मौत हो गयी। इसके अलावा एक मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पायी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो मृतक बोकारो जिले के जरीडीह के बताये जा रहे है। इस सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिसमें कुछ गोमियां सीएचसी तो कुछ घायल 108 आपातकालीन सेवा एम्बुलेंस से विष्णुगढ़ सीएचसी लाये गये जिसमें गंभीर रूप से घायल हीरालाल हांसदा पिता इश्वर मांझी, उम्र 24, गोनियाटो, मनोज कुमार पंडित, पिता महादेव पंडित, उम्र 46 वर्ष, फुसरो, बजरंग नोनिया, पिता रामचंद्र नोनिया, उम्र 55 वर्ष, फुसरो, बीरबल नोनिया, पिता बजरंग नोनिया, उम्र 37 वर्ष, फुसरो, शांति देवी, पति बजरंग नोनिया, उम्र 45 वर्ष, फुसरो, शनि कुमार, पिता सुरेश लाल, उम्र 14 वर्ष, अरजरी, अरुनियां मसोमात पति स्व. जगरनाथ मिस्त्री है। डॉक्टरों की टीम और मेडिकल स्टाफ की टीम ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उक्त बस हजारीबाग से वापिस बोकारो थर्मल जा रही थी कि नरकी के समीप दुर्घटना हुई। घटना के बाद घटना स्थल पर घायलों की चीख पुकार सुन आसपास के लोग दौड़े और विष्णुगढ़ फोन कर 108 एम्बुलेंस मंगवाया।

### सांसद मनीष जायसवाल ने प्रेस वार्ता कर अपनी उपलब्धियों को गिनाया

# जनहित और देशहित से जुड़े कुल 72 सवाल उठाये

**सात बार विभिन्न मुद्दों पर मुखरता से बोलने का मिला अवसर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल की पहली बार में ही देश के सर्वोच्च सदन संसद के तीनों सत्रों में बेमिसाल उपलब्धि रही। उन्होंने तीन सत्रों के 54 दिनों की सदन अवधि में कुल वर्किंग डे 44 में दमदार अपनी सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज करायी। इस अनमोल अवधि में अपने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के जनहित से जुड़े कई क्रांतिकारी और कल्याणकारी कुल 72 मुद्दे उठाये और 07 बार उन्हें लोकसभा के पटल बोलने का अवसर प्राप्त हुआ। सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को प्रेस वार्ता कर अपनी उपलब्धियों को गिनाया। बताया की लोकसभा की तीन प्रमुख समितियों का सदस्य बनाया गया, जिसमें प्राक्कलन समिति, कोल और माइंस की सलाहकार समिति और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति शामिल है। हजारीबाग जिला मुख्यालय में सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र में सेवा कार्यों और विकास को नयी गति दी। सदन में शत- प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही लगातार लोकसभा क्षेत्र के दौरे और सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। बताया कि दूसरा मानसून सत्र में पहली बार अपने क्षेत्र की समस्याओं का उठाने का अवसर मिला। इसमें शून्य काल में हजारीबाग को प्रमुख शहरों से रेलवे के माध्यम से जोड़ने का मुद्दा उठाया। 377 के तहत झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा, डिमांड और ग्रांट के तहत शिक्षा नीति में सुधार की मांग, शुक्रवार की छुट्टी, राइट्स ऑफ एजुकेशन की माइनोरिटी के तहत नीति में सुधार की चर्चा, इंडियन स्कूल ऑफ माइंस की मांग प्रमुख रही। दूसरे सत्र के दौरान क्षेत्र के गंभीर विषयों पर कुल 26 सवाल (तारांकित व आतारांकित) पूछे। इनके जवाब में मंत्रालय की ओर से कार्यवाही का आश्वाशन मिला। हजारीबाग लोकसभा के सबसे ज्वलंत मुद्दे के साथ शुरुआत की। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर, सूरत, अहमदाबाद आदि गंतव्यों के लिए लंबी दूरी की ट्रेनों की मांग सदन पटेल पर सरकार के समक्ष रखा। दूसरे सत्र में एक बार पुनः हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत यात्री सुविधाएं बढ़ाने और हजारीबाग से दिल्ली - कोलकाता - वेल्लोर के लिए ट्रेन देने की मांग की। रामगढ़ में इंडियन स्कूल ऑफ माइंस खोले जाने की मांग शिक्षा मंत्री जी के समक्ष रखा। हजारीबाग हवाई अड्डा प्रश्न के माध्यम से दो बार हजारीबाग में एयरपोर्ट निर्माण से संबंधित मांग सदन पटल पर रखा। साथ ही नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से औपचारिक भेंट की। इस अवसर पर मंत्री से हजारीबाग में हवाई अड्डे निर्माण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रो केपी शर्मा, कैलाशपति ओझा, हरीश श्रीवास्तव, सुदेश चंद्रवंशी, विनोद झुनझुनवाला, अमरदीप यादव, सत्येंद्र नारायण सिंह, दिनेश सिंह राठौड़, अनिल मिश्रा, टोनी जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रमेश हेंब्रम, रंजन चौधरी समेत कई उपस्थित थे।

# सूखे पेड़ दुर्घटनाओं को दे रहे निमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतगावां।** प्रखंड के विभिन्न कार्यालय मुख्य मार्ग के समीप सूखे पेड़ दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रहे हैं। ब्लॉक परिसर मार्ग, शिक्षा विभाग कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, बीडीओ आवास, कर्मचारी आवास मार्ग, खाध आपूर्ति गोदामो के समीप समेत कई स्थानों पर सूखे पेड़ दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। इन सभी स्थानों पर लगभग दर्जनों पेड़ सूख चुके हैं। आने-जाने वाले लोगों के ऊपर डाली टूट कर गिर गिरने का आशंका बनी रहती हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों ने बताया कि जोर से हवा चलने पर हमेशा पेड़ गिरने का डर सताते रहता है एवं बारिश होने पर पेड़ सुखने के कारण टूट कर बड़ी-बड़ी टहनी गिरते रहता है। इन स्थानों पर काफी संख्या में लोग आते जाते रहते हैं जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वहीं प्रखंड प्रशासन से इन सभी सूखे पेड़ के समस्या से निजात को लेकर प्रखंड के लोगों ने आग्रह किया है।

### सोहराय मिलन समारोह में शामिल हुए शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन

# यह पर्व आदिवासी समाज की संस्कृति को दर्शाता है : शिक्षा मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय मैदान में भारत जकात मांझी प्रगना महाल के तत्वावधान सोहराय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा ने कि संचालन प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, झामुमो नेता संजीव बेदिया, बरकत अली, पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव, पूर्व झामुमो जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, केंद्रीय सदस्य आरके मेहता, पूर्व जिप सदस्य प्रतिनिधि कलीम खान, एसडीओ जोहन टुडू, सीओ श्रवण कुमार झा मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत महिला कलाकारों ने गीत और नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। मंत्री रामदास सोरेन ने उपस्थित लोगों को सोहराय पर्व की शुभकामना दी। कहा कि इस प्रकार का आयोजन आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपरा को दर्शाता है। आदिवासी जंगल और पहाड़ में हमलोग रहते आ रहे हैं। जल, जंगल के हक अधिकार की लड़ाई पूर्वजों से लड़ते आ रहे हैं। आदिवासी संस्कृति और मांदर की थाप पर लोग झूमने को मजबूर हो जाते हैं। कहा शिक्षा और स्वास्थ्य में जब तक सुधार नहीं होगा तब तक समाज संपूर्ण विकास नहीं कहलायेगा। पूर्ण शिक्षा को करने का सपना है उसे पूरा करने का काम धरातल पर उतारने का काम करुंगा। मौके पर आदिवासी समाज के लोगों ने मंत्री से सूर्यकुंड में आदिवासी लड़कियों के लिए स्कूल खोलने समेत अन्य की मांग को रखा। इस अवसर पर बाबूलाल हेंब्रम, झारखंड आंदोलन कारी धीरेंद्र पांडेय, झामुमो केंद्रीय सदस्य बासुदेव महतो, प्रखंड अध्यक्ष कुद्दूश अंसारी, चलकुशा प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी, राजद नेता रमेश चंद्र यादव, प्रमोद गुप्ता, पंसस युसूफ अंसारी, प्रतिनिधि समीम अंसारी, सराज अंसारी, चंद्रदीप पांडेय, महेंद्र मुर्मू, रामधनी टुडू, उपाध्यक्ष सुनील मुर्मू, रंजीत मेहता, संजय साव, शिबू मांझी, राजाराम मुर्मू, महेश मुर्मू, अर्जुन मुर्मू, बाबूराम मुर्मू, जितेंद्र चंद्रवंशी, सुरेश बेसरा, दासो मुर्मू, आशा देवी, छोटन किस्कू समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### शिक्षा मंत्री का हजारीबाग सर्किट हाउस और इचाक मोड़ में हुआ स्वागत

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का बरकट्ठा जाने के क्रम में हजारीबाग सर्किट हाउस और इचाक मोड़ में झामुमो कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सर्किट हाउस में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजीव बेदिया के नेतृत्व ने शिक्षा मंत्री का स्वागत किया गया। इस दौरान संजीव बेदिया ने संगठन के मुद्दे पर बात भी की। इस दौरान बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव और बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने भी मंत्री रामदास सोरेन को पुष्प गुच्छ दिया। उसके बाद मंत्री श्री सोरेन का इचाक मोड़ में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, मुखिया संघ जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, सचिव बिकी धवन, कोषाध्यक्ष राजकुमार मेहता, महेंद्र दास, दिगम्बर मेहता, राजेन्द्र मेहता, कैलाश मेहता, उप मुखिया सजमा खातून, इसरत परवीन, पूनम देवी, प्रबिल मेहता, इंद्रदेव मेहता, लोक नाथ मेहता, शंकर कुमार, अनुज कुमार, कन्हैया सोनी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उप प्रमुख ने लोगों के बीच बांटे कंबल



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के झरपो पंचायत में पंचायत समिति सदस्य सह उपप्रमुख रवि वर्णवाल की उपस्थिति में जरूरतमंदों के बीच रविवार को 25 कंबल का वितरण किया गया। उपप्रमुख रवि वर्णवाल ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के झरपो में असहाय, वृद्ध, दिव्यांग, जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। मुखिया ने कहा कि कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। वह क्षेत्र में हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि मानव सेवा करना परम धर्म है इस अवसर पर महेश राम, शानू पंडा, दीपक कुमार वर्णवाल समेत अन्य उपस्थित रहे।

## बीएफटी संघ ने विधायक को सौंपा मांग पत्र




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बीएफटी संघ के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव से मुलाकात किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार दास के नेतृत्व में कोडरमा जिला अध्यक्ष मोहन यादव और अन्य लोगों ने बरकट्ठा स्थित आवास में विधायक से मिलकर उन्हें मांग पत्र सौंपा। जिसमें बीएफटी संघ ने अपनी मांगों को सदन में उठाने की मांग किया। साथ ही विधायक अमित यादव को संघ की ओर से बुके देकर उनकी जीत की शुभकामनाएं दी गयी। दिलीप दास ने बताया कि विधायक ने विश्वास दिलाया कि आगामी विधान सभा सत्र में आप लोगों की आवाज और मांग को सदन में अवश्य रखूंगा। मासिक मानदेय और अन्य सुविधाएं दिलाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। विधायक से मिलने वाले शिष्टमंडल में हजारीबाग के संतोष शर्मा, अरुण हितैषी, गुलजार अली, उदय चौधरी, अजय कुमार, राजेश कुमार, देवनारायण यादव समेत अन्य लोग शामिल हैं।

## त्रिवेणी सैनिक में हुआ हाफ मैराथन का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव में राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) की खनन परियोजना पकरी बरवाडीह से जुड़ी एनटीपीसी की एमडीओ त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड में 19 जनवरी 2025 को हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन दौड़ में टीएसएमपीएल के सैकड़ों कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर और पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। सबसे अहम और खुशी की बात यह देखने को मिली कि मैराथन दौड़ में कंपनी में कार्यरत महिला कर्मियों ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। मैराथन दौड़ की दूरी 5 किलोमीटर तय की गयी थी। इसका उद्देश्य कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य के प्रति सजगता, रोग मुक्त जीवन और आपसी एकता को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने के लिए कंपनी के वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद थे और धावकों के साथ-साथ उन्होंने भी इस मैराथन दौड़ में शामिल होकर सभी का जोश बढ़ाया। इस दौरान कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। मैराथन में शामिल हुए प्रतिभागियों ने त्रिवेणी सैनिक प्रबंधन की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से कर्मियों और प्रबंधन के बीच दूरियां कम होती हैं और जिससे कार्यक्षमता बेहतर होती है। त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ-कोल माइनिंग ने हरी झंडी दिखाकर इस आयोजन का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से हमारी एकता और कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। इस मैराथन दौड़ में सफल हुए प्रतिभागियों के महिला धावकों में प्रथम स्थान पर तरुणम जहां, दूसरे स्थान पर पूनम देवी और तीसरे स्थान पर गीता कुमारी को विजेता घोषित किया गया। पुरुष वर्ग की श्रेणी 40 साल से नीचे में प्रथम स्थान पर रंजन गंझू, दूसरे स्थान पर बसंत मिंज और तीसरे स्थान पर करण कुमार रहे। वहीं 40 साल से अधिक आयु वर्ग में केदार यादव प्रथम, वी आनंदन दूसरे और किशोर भट्टा तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर कंपनी की ओर से मेडल देकर सम्मानित किया जायेगा।

## जेजे कॉलेज में लगाया गया रक्तदान शिविर




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** जगन्नाथ जैन महाविद्यालय में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40वॉ स्थापना दिवस को लेकर रक्तदान शिविर व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस रक्तदान शिविर में जेजे कॉलेज रेडक्रॉस सोसाइटी और लायंस क्लब ने भी सहयोग किया। लायंस क्लब ने मौके पर दंत चिकित्सा शिविर भी लगाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पवन कुमार पोद्दार, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार रेडक्रॉस सोसाइटी के चैयरमैन अजीत वर्णवाल, लायंस क्लब के पदाधिकारी डॉ हरि दर्शन सिंह, डॉ राम सागर सिंह, प्राचार्य मिथलेश उपाध्याय, बर्सर डॉ अनिल कुमार, प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लडढा, सचिव शीतल पोद्दार, परियोजना निर्देशक कृतिका मोदी, मीनी हिसारिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि वीसी पोद्दार ने कहा कि रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचाये। सीएस अनिल कुमार ने कहा कि कॉलेज में ब्लड डाटा तैयार होने के बाद कोडरमा में होने वाली दुर्घटनाओं में लोगों को समय पर रक्त मिल सकेगा और कहा कि रक्त दान जीवन का महानदान है। प्रेरणा शाखा के इस प्रयास की भूरी प्रशंसा की। रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अजीत कुमार वर्णवाल ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में तैयार नहीं होता है बल्कि इंसान ही रक्त का दान कर सकता है। मौके पर प्रेरणा शाखा की उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, रश्मि गुटगुटिया, नेहा जैन, दीपा गुप्ता, रश्मि शर्मा के अलावा रेड क्रॉस सोसाइटी के दिनेश कुशवाहा, चरणजीत सिंह, डॉ संजय कुमार, प्रो इंचार्ज रविन्द्र कुमार सिन्हा, रितेश माधव, प्रो राजेश सिंह, क्रांति सिंह, समृद्धि श्रीवास्तव, आत्मा कुमार, विपुल कुमार, राजेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, प्रो अभिषेक गुप्ता, डॉ नेहा गुप्ता, डॉ अभय दास, डॉ शैलेन्द्र कुमार, प्रो संतोष कुमार, संजय चौधरी, रामजी कुमार, जानकी साव, डॉ मुकेश कुमार उपस्थित थे। लायंस क्लब के द्वारा लगाये गये चिकित्सा शिविर में 42 लोगों का दंत जांच किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में वीसी डॉ पवन कुमार को लायंस क्लब के चिकित्सक डॉ हरि दर्शन सिंह ने बुक देकर स्वागत किया और लायंस की गतिविधि से अवगत कराया। इस अवसर पर सचिव निशांत कुमार, गजेन्द्र राम, डॉ सागरमनि सेठ, अभय चरण पहाडी, डॉ नम्रता प्रिया, डॉ आशा कुमारी, डॉ के मेयर, डॉ रमनजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

## आज दिनभर बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डीवीसी ग्रिड में मरम्मत कार्य हेतु 20 जनवरी को 10 बजे से शाम 5 बजे तक 33 केवी का दो फीडर डीवीसी के द्वारा बंद किया जायेगा। बाधित क्षेत्र सतगांवा प्रखंड, डोमचांच प्रखंड, मरकच्चो प्रखंड, जयनगर प्रखंड और आंशिक कोडरमा रहेगा।

## सांसद प्रतिनिधि ने किया कंबल का वितरण



**गोला (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने रविवार को कंबल का वितरण किया। इस दौरान खोखा, हुप्पू सहित आधा दर्जन गावों में जरूरत मंद लोग कंबल पाकर काफी खुश हुए। जायसवाल ने कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीब-बुजुर्ग और जरूरतमंद लोगों का मदद करना हमारा दायित्व है। कोशिश है कि हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचे। कड़ाके की इस ठंड में गरीबों, असहायों को वस्त्र देना सबसे पुण्य कार्य है। सांसद के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने स्थानीय जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने का वादा किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष बबलू साव, मनसू बेदिया, प्रीतम झा, सूरज वर्मा, रवि हाजरा, बिक्की कुमार महतो, सुकेंद्र साव, सुरेन्द्र करमाली, उज्जवल चक्रवर्ती सहित कई स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## बनतारा मेला में नहीं दिखती है पहले जैसी रौनक



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला का प्रसिद्ध बनतारा मेला शनिवार से शुरू हो गया है। लेकिन मेला के दूसरे दिन दोपहर चार बजे तक मेला में रौनक नहीं के बराबर रही। मेला में देखा गया कि लगभग सभी झूला खाली खाली झुल रहा था। जिस झूला में लगभग 80 व्यक्ति को एक साथ बैठाया जाता है। उसमें 20 से 30 लोग ही बैठे थे। इस संबंध में बताया गया कि पिछले दो वर्षों से बनतारा मेला में रौनक नहीं रहता है। क्योंकि यह मेला विभागीय स्तर से अंचल अधिकारी के देख रेख में लगाया जा रहा है। लोगों ने बताया कि मेला में छोटे बच्चों के झूला छोड़ कर जितने भी मनोरंजन के लिए झूला लगाया गया है, सभी का टिकट दर प्रति व्यक्ति 50 रुपये है। यह पौष बनतारा मेला विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों का उत्सव है। टिकट दर अधिक होने के कारण मेला में रौनक नहीं देखी गयी। वही डीभीसी चौक में गाड़ियों की लंबी जाम देखी गयी। सड़क के दोनों ओर बनी नालियों में दुकान और मोटर साईकिल खड़ा करने से बाध्य हो कर मेला देखने वाले ग्रामीणों को सड़क में चलना पड़ता है। डीभी सी चौक में चारों ओर से भारी वाहनों के आवागमन से दुर्घटना की संभावना बढ़ गयी है। गोला बनतारा मेला में सुदूरवर्ती गांव से आये महिला, युवती का भीड़ अधिकतर देखा गया। पूर्वजो ने बताया कि बनतारा मेला इस क्षेत्र के लिए काफी प्रचालित था। यहां नये-नये रिश्तों कि मुहदिखाई कराया जाता था। इसके बाद शादी के बंधन में बांधा जाता था। ग्रामीण महिलाएं पारंपरिक पोशाक पहनकर मेल पहुंचती थी।

## समाजसेवी के निधन पर शोक

**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला के बेटुल कलां गांव निवासी समाजसेवी लोकेश्वर महतो उम्र 77 वर्ष का निधन ब्रेन हेमरेज से हो गया। उन्होंने रिम्स रांची में ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया। रविवार सुबह को स्थानीय गोमती नदी में अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये। अपने जीवन में उन्होंने सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ काम किया। निधन पर लाल किशोर महतो, अमृत महतो, राजकुमार महतो, कौलेश्वर महतो, अख्तर अंसारी, इमरान अंसारी, नागेंद्र महतो, लालमोहन महतो, मगदीश महतो, उपेंद्र महतो, हरिशंकर महतो, गोपाल महतो, बिरचंद्र महतो, महेंद्र महतो, योगेंद्र महतो, मुकेश कुमार, खिलेश्वर महतो, जयराम महतो, अशोक महतो, केदार महतो, रोहन महतो आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## मन की बात में प्रधानमंत्री ने की महाकुंभ के अद्भुत आयोजन की चर्चा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 118वें कड़ी में महाकुंभ के अद्भुत आयोजन की चर्चा की। प्रधानमंत्री की बात को रामगढ़ की जनता ने भी बखूबी सुना और उनकी प्रशंसा की। भाजपा के रामगढ़ कैंट वार्ड नंबर 6 में बूथ अध्यक्ष द्वारा ब्लॉक चौक ओम मार्केट में आम जनता के साथ पार्टी नेताओं ने भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से अपने विचार साझा करते हुए माहकुंभ के अद्भुत आयोजन का उल्लेख किया। वहीं अंतरिक्ष में हमारे वैज्ञानिकों की उपलब्धियों का जिक्र किया। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को होने वाली मन कि बात कार्यक्रम इस बार राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस होने के कारण आज तीसरे रविवार को हुई। कार्यक्रम में भाजपा अल्प संख्यक प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरजीत सिंह छाबड़ा, वार्ड प्रभारी अजीत गुप्ता, संजय श्रीवास्तव जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, वार्ड संयोजक अरविन्द सिंह, नगर मंत्री अभिषेक चौधरी, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, ईश्वर पासवान, वशिष्ठ सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर कई लोगों ने मिस कॉल कर भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

## घर के पास खलिहान में धान सहित पुवाल जलने से लाखों रुपये का नुकसान



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के आम्रपाली परिगोजना अंतर्गत कुमरांग कला निवासी रैयत राजेश्वर नारायण दास का पुवाल सहित लाखो रुपये का धान खलिहान मे जल कर राख हो गया इस संबंध मे श्री दास ने बताया की हमारे खलिहान के समीप से बिजली का नंगा तार गुजरा है जिसमें अचानक शर्ट शर्किट होने से यह घटना घटित हो गयी है इस संबंध मे राजेश्वर दास ने अंचल अधिकारी टंडवा से उचित मुवाब्जा का मांग किया है।

# उरीमारी के लुरुंगा जंगल में चाल धंसने से दो मजदूरों की मौत

**मृतको में लुरूंगा बस्ती निवासी राहुल कुमार गंझू और रवि कुमार गंझू नामक युवक शामिल हैं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**उरीमारी।** हजारीबाग जिले के उरीमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत लुरुंगा जंगल में कोयले का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। मजदूर अवैध माइंस में घुसकर कोयले का खनन कर रहे हैं। शनिवार की शाम लुरुंगा जंगल में अवैध माइंस में चाल धंसने से दो मजदूरों की मौत होने की खबर है। मृतकों में लुरूंगा बस्ती निवासी राहुल कुमार गंझू और रवि कुमार गंझू नामक युवक शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव के लोग घटनास्थल पर जुड़ गये और सब को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में हजारीबाग एसपी अरविंद सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह यह पता चला है की मोटरसाइकिल से कुछ मजदूर कोयला निकालने के लिए गये हुए थे। जिसमें से दो मजदूर चाल धंसने से मरे हैं। इस मामले में ग्रामीणों के बयान के आधार पर कार्रवाई होगी।

### चाल धंसने के मामले में नहीं मिला सुराग

इस घटना को लेकर स्थानीय पुलिस ने रविवार को माइंस के समीप जाकर जांच की लेकिन घटना से किसी भी व्यक्ति का शव नहीं मिला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम को चाल धसने की सुचना मिली थी। इधर मिली सूत्रो के अनुसार पुलिसिया कार्रवाई के डर से परिजनों के द्वारा शव को चोरी छिपे अंतिम संस्कार करने की चर्चा है। इस मामले पर गांव वाले भी कुछ भी बताने से इंकार कर रहें हैं।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: ST-SBP-TENDER-2025-01, दिनांक: 11.01.2025

**कार्य का नाम:** पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मंडल के वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/टेलीकॉम/ रेढ़ाखोल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नियंत्रण अनुभाग में बारह महीने की अवधि के लिए दूरसंचार क्षेत्रीय कार्य।

**निविदा मूल्य:** ₹61,29,929.40

**बोली सुरक्षा:** ₹1,22,600/-

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 03.02.2025 को 1100 बजे

इन ई-निविदाओं के अधीन फर्म के लेटर हेड में जमा किये गये एवं समय पर प्राप्त डाक/कूरियर/फैक्स के माध्यम से भेजे गये या व्यक्तिगत रूप से जमा किये गये मैनुअल प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा और उन पर कोई विचार किये बिना उन्हें तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।

उपरोक्त ई-निविदा के लिए ई-निविदा दस्तावेज सहित पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**नोट:** भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की जानकारी के लिए कृपया निविदा बंद होने की तिथि के 15 दिन पूर्व तक वेबसाइट को दोबारा देखें। वेबसाइट: www.ireps.gov.in

मंडल सिग्नल एवं टेलीकॉम अभियंता (टेली.) सम्बलपुर

PR-892/P/24-25

### 8 वर्षों में नहीं लौटाये रुपये, तो दोस्त ने कनपटी पर तान दी बंदूक

# किडनैपर अमित से धनंजय ने लिये थे दो लाख रुपये: एसपी

**कोयला व्यवसायी रवीश के साथ मिलकर बनायी योजना**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के बाजारटांड़ में एक ठेकेदार धनंजय कुमार सिंह के अपहरण कांड पर एसपी अजय कुमार ने नया खुलासा किया है। रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी ने बताया कि किडनैपर अमित ने वर्ष 2017 में धनंजय कुमार को 2 लाख रुपये दिये थे। इतनी मोटी रकम उसने अपनी बहन की परीक्षा पास कराने के लिए धनंजय को दिया था। क्योंकि धनंजय ने उसे शिक्षा विभाग में अच्छी पैठ होने की बात कही थी। जब उसकी बहन परीक्षा पास नहीं कर पायी, तब अमित ने धनंजय से 2 लाख रुपये मांगना शुरू किया। पिछले 8 वर्षों में जब धनंजय ने उसे वह रुपये नहीं दिये, तब अमित ने किडनैपिंग और फिरौती मांगने की योजना बनायी।

कोयला व्यवसायी रवीश के साथ मिलकर बनायी योजना

शहर के बाजारटांड़ में कुलदीप साहू के घर में वह किराये पर रुका। यहां सांडी निवासी रवीश मुंडा के साथ मिलकर अपहरण की योजना बनायी। रवीश मुंडा कोयला का कारोबारी था इसीलिए धनंजय को इन लोगों ने कारोबार का ही झांसा दिया। 18 जनवरी को जब धनंजय रामगढ़ पहुंचा तो रवीश और अमित ने उसे इस किराए के मकान में बंधक बनाकर रखा। इस दौरान उसकी कनपटी पर बंदूक तानी। पहले तो उसके मोबाइल से 1 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करने की कोशिश की गयी। लेकिन नहीं होने पर 50 हजार रुपये फोन पे के माध्यम से ट्रांसफर किया गया। साथ ही नगद 4 हजार ही उन लोगों ने छीन लिए। इस दौरान धनंजय को नशे का इंजेक्शन भी दिया गया, ताकि कुछ दस्तावेज पर हस्ताक्षर कराया जाये।

**कमरे में बंद कर निकले अपराधी, तो धनंजय ने मचाया शोर :** धनंजय कुमार को कमरे में बंद कर अमित और रवीश जब बाहर निकले तो किसी तरह धनंजय ने अपना हाथ रस्सी से बाहर निकाला। इसके बाद मुंह पर लगे टेप को हटाया और खिड़की से राह चलते लोगों से मदद मांगी। शोर सुनकर लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो अपराधी घर के बाहर ही मौजूद थे। उनके पास से पुलिस ने 9 एमएम पिस्टल, छह जिंदा गोली, नशीला इंजेक्शन बरामद किया है।

टीम में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, सब इंस्पेक्टर जॉनी कुमार, नागेंद्र सिंह आजाद, उपेंद्र कुमार, एएसआई सुजीत सिंह, आरक्षी निकेत कुमार, सेप आरक्षी मृत्युंजय कुमार, सुशील कुमार सहित रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# झारखंड में एकलव्य और आश्रम विद्यालय फिर शुरू होगा: चमरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा हजारीबाग जाने के दौरान रविवार को रामगढ़ के मांडू में रुके। यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए चमरा लिंडा ने कहा कि झारखंड में एक बार फिर एकलव्य विद्यालय और आश्रम विद्यालय की शुरुआत की जायेगी। जिन स्थानों पर पहले से इन विद्यालयों का निर्माण हो चुका है, वहां पढ़ाई अभी बंद है। लेकिन सरकार योजनाबद्ध तरीके से उन विद्यालयों में शिक्षा देने की शुरुआत करेगी। आदिवासी समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा उपलब्ध हो, इसके लिए हेमंत सोरेन की सरकार ने पहले भी बड़े फैसले लिए हैं। यहां के बच्चों को पढ़ने के लिए इंग्लैंड भेजने का फैसला भी सरकार ने लिया है। कई बच्चे स्कॉलरशिप पर वहां पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन देश में भी झारखंड के बच्चे बेहतर सेवा दे सकें, इसलिए यूपीएससी, इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई के लिए भी सरकार योजना बना रही है। यूपीएससी की तैयारी करने के लिए दिल्ली में शिक्षा उपलब्ध कराया जायेगा। रांची में भी नीट, आइआइटी के तहत इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई छात्रों को करायी जायेगी। इन सभी मुद्दों पर विभाग अपनी योजना तैयार कर रहा है।

## विधायक ने किया क्षेत्र का भ्रमण

**चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रतापपुर प्रखंड के योगियारा पंचायत अंतर्गत अहिरपूर्वा रोड छठ गली भलुवाही में ड्रीम बिग एकेडमी स्कूल का उद्घाटन मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक जनार्दन पासवान द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विधायक जनार्दन पासवान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि समेत काफी संख्या में ग्रामीण महानुभाव लोग मौजूद रहे। इसके अलावा प्रखंड हंटरगंज पंचायत उरैली अंतर्गत ग्राम धरधरा गांव निवासी उपेंद्र कुमार सिंह के पुत्री की शादी समारोह में शामिल हुए। उनके, साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जुगल किशोर सिंह, चतरा सांसद पुत्र नीतीश कुमार, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, बैजनाथ यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 40वें वर्षगांठ पर रामगढ़ में 8 दोनों का कार्यक्रम लगातार जारी है। छठे दिन रविवार को संगठन की ओर से एमएमटी ग्राउंड में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 45 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी। इस दौरान मरीजों का निःशुल्क मधुमेह, रक्तचाप और वजन की जांच की गयी। चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ के प्रति सजग रहने की सलाह दी। इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और सदस्यों ने लोगों से 21 जनवरी को होने वाले मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में शामिल होने की अपील की। ब्लड डोनेशन कैंप मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित होगा।

# चतरा में सांसद ने खेलकूद प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**यह संस्था राष्ट्रीय गांधी शांति पुरस्कार प्राप्त संस्था है : पवन कुमार**




आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एकल अभियान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय (आवासीय) उत्तर झारखंड संभाग स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह, नंदलाल केशरी, पंकज दूबे सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, पवन कुमार राय, विवेक सिंह, विकास केशरी, विनोद जैन, दुलाल ठाकुर आदि ने दीप प्रज्ज्वलित और मां भारती के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया। इस प्रतियोगिता में उत्तर झारखंड के 11 जिले से लगभग 600 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। अतिथियों का स्वागत दुमका एकल की टीम ने ढोल नगाड़े और पारंपरिक नृत्य के साथ बहनों द्वारा पुष्प वर्षा कर की गयी। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने एकल के अनुशासनात्मक और सुव्यवस्थित टीम व्यवस्था और आयोजन को देख आयोजन समिति की भूरी-भूरी प्रशंशा की और क्षेत्र की पावन धरती पर टीम को स्वागत करते हुए राष्ट्र सेवा के लिए उत्प्रेरित किया। वहीं एकल के क्षेत्रीय संगठन मंत्री पवन कुमार राय ने कहा कि यह संस्था राष्ट्रीय गांधी शांति पुरस्कार प्राप्त संस्था है जो देश के वनवासी वी पिछड़े क्षेत्रों में देश में लगभग डेढ़ लाख विद्यालय का संचालन कर लोगों को पंचमुखी सिद्धांत पर काम करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा रही है। महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता में चतरा और कोडरमा फाइनल में पहुंच गयी है। समारोह मे सांसद प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, कुमार विवेक, मां भद्रकाली कॉलेज के प्राचार्य दुलाल ठाकुर, जीबिनोद जैन, आयोजन को सफल बनाने में विकास कुमार केशरी सांसद प्रतिनिधि (कला संस्कृति पर्यटन और खेल कूद ) सचिन्द्र पासवान, भरत सिंह, मनोरमा कुमारी और सैकड़ों कार्यकर्ता अपना योगदान दे रहे है।

## संयुक्त विस्थापित संघर्ष मोर्चा की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** संयुक्त विस्थापित संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को कुरसे शिव मंदिर के समीप हुई। इसकी अध्यक्षता राणा प्रताप सिंह और संचालन फुलेश्वर राम ने किया। बैठक में भुरकुंडा लोकल सेल में भागीदारी सुनिश्चित करने को विचार-विमर्श किया गया। साथ ही आगे की रणनीति पर चर्चा की गयी। इधर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एनटीपीसी में विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति के द्वारा 21 जनवरी को किये जा रहे आंदोलन को विस्थापित संयुक्त संघर्ष मोर्चा पूर्ण रूपेण समर्थन करेगी। इसमें सैकड़ों विस्थापित-प्रभावित लोग शामिल होंगे। बैठक में वीरेंद्र यादव, अजय साहू, राजाराम प्रसाद, परमवीर सिंह, राजेश्वर सिंह, कपूर महेश सिंह, जयलाल सिंह, हरिचरण करमाली, समबीर सिंह, जितेंद्र सिंह, किरण सिंह, बबीता देवी, आशीष सिंह, राजेश, दीपक सिंह, जुगल सिंह, नंदू करमाली, मनोहर करमाली, आनंद सिंह, मदन सिंह, राजकृष्ण सिंह, मुकेश सिंह, भूगेंद्र सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## भोजपुर गांव में चलाया गया जागरूकता अभियान




**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देशानुसार हंटरगंज के खुटी केवाल कला, नावाडीह मुसहर टोला, बिहिया, भोजपुर गांव में डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव के द्वारा चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सरकार के द्वारा चलाए जाने वाले जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने का काम किया गया। नालसा के 15 100 टोल फ्री नंबर के बारे में लोगों को बताया गया। घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज उत्पीड़न, सहित अन्य अपराधों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई से संबंधित जानकारी दी गयी।

## वनभोज कार्यक्रम सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल चतरा जिला परिवार द्वारा आज हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के जोरी स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण भवन परिसर में आयोजित जिलास्तरीय वनभोज कार्यक्रम सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम में राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। साथ ही राजद महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार और राजद प्रदेश मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी गणमान्यों ने सदस्यता अभियान को लेकर अपने अपने बहुमूल्य सुझाव दिया। साथ ही सभी ने एक दूसरे को नववर्ष की बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी और वनभोज का लुत्फ उठाया। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतीक प्रकाश अंगार, सैंकड़ों सम्मानित वरिष्ठ नेतागण और हजारों सम्मानित कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

## वन भूमि और गैर वन भूमि पर चलाया गया पोस्ता विनिष्टीकरण अभियान



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** वन क्षेत्र पदाधिकारी सुर्य भूषण कुमार के निर्देश पर रविवार को बशिष्ठ नगर और हंटरगंज थाना क्षेत्र के वन भूमि और गैर वन भूमि पर पोस्ता विनिष्टीकरण अभियान चलाया गया। जिसमें बशिष्ठनगर के सजनी, पाड़े पोखर, एकचटवा एवम सजनी स्कूल के समीप लगे करीब 2.5 एकड़ वन भूमि और गैर वनभूमि में लगे अवैध पोस्ता/ अफिम की खेती को ट्रैक्टर के माध्यम से जोत कर विनष्ट किया गया। इसके अलावा हंटरगंज थाना और वन विभाग के द्वारा पोस्ता उन्नमूलन अभियान चलाकर तिलहेत पंचायत के लुटा में एक एकड़ और कोलवा में दो एकड़ पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर और जेसीबी से जोत कर विनिष्ट किया गया। इस अभियान में बशिष्ठ नगर थाना के एस आई विधायक प्रसाद यादव, वनकर्मी, कपिलदेव कुमार मेहता, रितेश बाखला, राजीव रंजन, मुकेश कुमार, अमित रंजन और हंटरगंज थाना पुलिस और सीआरपीएफ जवान और प्रभारी वनपाल मनीष कुमार, चंदन कुमार वनरक्षी रितेश विश्वकर्मा, सुरेश कुमार और अन्य वनकर्मी उपस्थित थे।

# विवाद और चुनौतियां

इस सप्ताह, महिला सशक्तिकरण को प्रभावित करने वाली 2 महत्वपूर्ण घोषणाएं वैश्विक स्तर पर ध्यान देने योग्य हैं। पहली घोषणा वेटिकन की ओर से एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसने सिस्टर सिमोना ब्रैंबिला को प्रीफैक्ट के रूप में नियुक्त किया है। उन्हें सभी कैथोलिक चर्च के धार्मिक आदेशों की देख-रेख का काम सौंपा गया है। इससे पहले किसी महिला ने यह पद नहीं संभाला था। यह नियुक्ति पोप फ्रांसिस के चर्च को संचालित करने में महिलाओं को अधिक नेतृत्वकारी भूमिकाएं देने के उद्देश्य में एक महत्वपूर्ण कदम है। 2022 से पहले, वेटिकन डिकास्टरी का नेतृत्व करने वाली एक महिला की कल्पना करना कठिन था। यह तब बदल गया जब पोप फ्रांसिस ने प्रिडिकेट इवैंजेलियम पेश किया। इस दस्तावेज ने रोमन क्यूरिया के शासन में सुधार किया। इसने सभी कार्यालयों को डिकास्टरीज के रूप में जाना और उन लोगों को अनुमति दी जो पुजारी या बिशप के रूप में नियुक्त नहीं हैं। 59 वर्षीय सिस्टर ब्रैंबिला एक कंसोलटा मिशनरी हैं, जो एक धार्मिक आदेश सदस्य हैं और पिछले साल से आदेश के विभाग में दूसरे स्थान पर हैं। यह ऐतिहासिक निर्णय महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पद को लंबे समय से एक महिला द्वारा धारण किया जा सकता है या किया जाना चाहिए, ऐसा माना जाता रहा है। कुछ समय पहले, वैश्विक कैथोलिक नेताओं के एक महत्वपूर्ण वेटिकन शिखर सम्मेलन ने चर्च के भीतर महिलाओं को अधिक महत्वपूर्ण नेतृत्व की भूमिकाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया। बैठक में 100 देशों के कार्डिनल, बिशप और नागरिक शामिल हुए।

**पहली घोषणा वेटिकन की ओर से एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसने सिस्टर सिमोना ब्रैंबिला को प्रीफैक्ट के रूप में नियुक्त किया है। उन्हें सभी कैथोलिक चर्च के धार्मिक आदेशों की देख-रेख का काम सौंपा गया है।**

दूसरी घोषणा कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे की है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री बनने की दौड़ भी जुड़ी हुई थी। वर्तमान परिवहन मंत्री अनीता आनंद इस दौड़ में एक प्रमुख उम्मीदवार थीं। मगर उन्होंने अपना नाम वापिस ले लिया है। आनंद कनाडा की लिबरल पार्टी की वरिष्ठ सदस्य हैं। ट्रूडो एक दशक से सत्ता में हैं, जिसमें सफलताएं और चुनौतियां दोनों हैं। उन्होंने इस साल के चुनाव में चौथे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने की योजना बनायी थी, लेकिन देश-विदेश में बढ़ती चुनौतियों के बीच उन्हें पद छोड़ना पड़ा। ट्रूडो के इस्तीफे से उनके राजनीतिक करियर और कठिनाइयों का समापन हुआ, जो बहुत ही शानदार तरीके से शुरू हुआ था। ट्रूडो के उत्तराधिकारी को पार्टी की प्रतिष्ठा को बहाल करने के लिए इन विवादों और नीतिगत चुनौतियों से निपटना होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अटल बिहारी वाजपेयी जी ने सड़कों के माध्यम से देश को जोड़ने की योजना बनायी। इसके अंतर्गत उन्होंने दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता को जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना प्रारंभ की। इसके साथ-साथ उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना प्रारंभ की। इन योजनाओं के कारण विकास कार्यों की गति तीव्र हुई। इससे आर्थिक विकास को भी प्रोत्साहन मिला। इन योजनाओं को बहुत सराहा गया।**

# भारतीय चेतना के 'मन' नायक 'अटल'



**राकेश त्रिपाठी**



मैं तेजपुंज, तमलीन जगत में फैलाया मैंने प्रकाश।
जगती का रच करके विनाश, कब चाहा है निज का विकास।।

विश्व बंधुत्व की भावना से ओत-प्रोत ये पंक्तियां भारतीय राजनीति के शलाका पुरुष, अजातशत्रु, कवि हृदय जननायक अटल बिहारी वाजपेईजी की हैं।

अटल जी भारतीय सनातन परंपरा में अनन्य उपासक एवं भारतीय मूल्यों के संरक्षक रहे हैं। वे स्वयं राजनीति को काजल की कोठरी कहते रहे, किंतु इस काजल की कोठरी से निष्कलंक बाहर आ पाना उनके ही बूते की बात थी।

आज जब राजनीति में भाषाई एवं लोकतांत्रिक मर्यादाएं तार-तार होती हैं, ऐसे में अटल जी और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। वे विपक्ष में रहते हुए भी सत्ता पक्ष के सकारात्मक कदमों की प्रशंसा से नहीं चूकते, राजनैतिक लाभ से इतर उनमें राष्ट्र प्रथम की भावना सदैव सर्वोपरि रही। वे मतभेद को खुले हृदय से स्वीकारते हैं, किन्तु मनभेद से मीलों दूर रहते हैं।

वे समष्टि (समाज) के लिए व्यष्टि (निज) को न्योछावर करने को तत्पर रहते हैं। अटलजी भारतीय चेतना प्रखर स्तंभ हैं, वे राष्ट्र हित में पहल करना भी जानते हैं और राष्ट्र के स्वाभिमान से समझौता करना भी उन्हें कदापि स्वीकार नहीं है। वे हास परिहास को पूर्ण स्थान देते हैं, किन्तु किसी के भी उपहास को कभी स्थान नहीं देते। राजनीतिज्ञों को शब्द चयन अटल जी से सीखना चाहिए, वे आलोचना करते समय भी संयमित शब्दों का प्रयोग करते हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये।

**अटल जी भारतीय सनातन परंपरा में अनन्य उपासक एवं भारतीय मूल्यों के संरक्षक रहे हैं।**

**भारत जोड़ो योजना :** अटल बिहारी वाजपेयी जी ने सड़कों के माध्यम से देश को जोड़ने की योजना बनायी। इसके अंतर्गत उन्होंने दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता को जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना प्रारंभ की। इसके साथ-साथ उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना प्रारंभ की। इन योजनाओं के कारण विकास कार्यों की गति तीव्र हुई। इससे आर्थिक विकास को भी प्रोत्साहन मिला। इन योजनाओं को बहुत सराहा गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने नदियों को जोड़ने की योजना पर भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने वर्ष 2003 में एक टास्क फोर्स गठित किया, परंतु भारी विरोध के कारण इस संबंध में कार्य प्रारंभ नहीं हो सका।

**संचार क्रांति को प्रोत्साहन :** अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने देश में संचार क्रांति को बढ़ावा दिया। उनकी सरकार ने वर्ष 1999 में भारत संचार निगम लिमिटेड के एकाधिकार को समाप्त कर दिया तथा नयी टेलिकॉम नीति लागू की। इसके कारण उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर मोबाइल सेवा उपलब्ध हो सकी।

**सर्व शिक्षा अभियान :** वाजपेयी सरकार ने शिक्षा को बढ़ावा दिया। उन्होंने वर्ष 2000-01 में छह से 14 वर्ष के बालकों को निशुल्क शिक्षा देने का अभियान प्रारंभ किया। इससे बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की संख्या में कमी आयी। वर्ष 2000 में लगभग 40 प्रतिशत बच्चों ने बीच में पढ़ाई छोड़ी थी। वर्ष 2005 में केवल 10 प्रतिशत बच्चों ने पढ़ाई छोड़ी। उन्होंने इस अभियान के ली गीत भी लिखा था।

**विनिवेश का प्रारंभ :** अटलजी के शासनकाल में देश में निजीकरण को प्रोत्साहन दिया गया। उन्होंने वर्ष 1999 में विनिवेश मंत्रालय के रूप में एक नए मंत्रालय का गठन किया। अरुण शौरी को इसका मंत्री बनाया गया। इस मंत्रालय ने भारत एल्यूमिनियम कंपनी, इंडियन पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान जिंक एवं विदेश संचार निगम लिमिटेड आदि सरकारी कंपनियों के विक्रय की प्रक्रिया प्रारंभ की। इसके साथ-साथ उन्होंने बीमा कंपनियों में विदेशी निवेश की सीमा को 26 प्रतिशत तक किया था। वर्ष 2015 में मोदी सरकार ने इसे बढ़ा कर 49 प्रतिशत कर दिया।

**पोखरण का परीक्षण :** अटल सरकार की बड़ी उपलब्धियों में पोखरण परीक्षण भी सम्मिलित है। मई 1998 में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। यद्यपि इस परीक्षण के पश्चात अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा सहित अनेक पश्चिमी देशों ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिया था। किंतु अटलजी अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटे। अंततः उनकी की विजय हुई और कुछ समय के पश्चात इन देशों ने प्रतिबंध हटा लिये।

**बस सेवा :** अटलजी ने भारत एवं पाकिस्तान के आपसी संबंधों को सुधारने के दृष्टिगत फरवरी 1999 में दिल्ली-लाहौर बस सेवा प्रारंभ की थी। प्रथम बस सेवा से वे स्वयं लाहौर गये तथा पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से भेंट की। उन्होंने एक समझौते पर हस्ताक्षर भी किये। इसे एक बड़ी उपलब्धि मना जाता है।

**आतंकवाद निरोधक अधिनियम :** अटल सरकार ने आतंकवाद निरोधक अधिनियम 2002 लागू किया था। यह अधिनियम देश में हो रही कई आतंकवादी घटनाओं विशेषकर संसद पर हमले के पश्चात पारित किया गया था। यह अधिनियम, आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1987 के स्थान पर लागू किया गया था। केवल दो वर्ष की समयावधि में अटल सरकार ने 32 संगठनों पर पोटा के अंतर्गत प्रतिबंध लगाया था। देश के सुरक्षा की दृष्टि से इसे बहुत बड़ी उपलब्धि माना जाता है।

**संविधान समीक्षा आयोग का गठन :** अटल वाजपेयी सरकार ने संविधान में संशोधन की आवश्यकता पर विचार-विमर्श करने के लिए 1 फरवरी 2000 को संविधान समीक्षा के राष्ट्रीय आयोग गठित किया था। इसका बहुत विरोध किया गया। इसके पश्चात भी अटल सरकार ने आयोग का गठन किया तथा उसे छह माह का समय प्रदान किया गया।

**जातिवार जनगणना पर रोक :** वर्ष 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के बनने से पूर्व एचडी देवगौड़ा सरकार ने जातिवार जनगणना को स्वीकृति दी थी। इसके कारण वर्ष 2001 में जातिगत जनगणना होनी थी। मंडल कमीशन के प्रावधानों को लागू करने के पश्चात देश में प्रथम बार जनगणना 2001 में होनी थी। इसका उद्देश्य यह देखना था कि ऐसे मंडल कमीशन के प्रावधानों को सही तरीके से लागू किया जा रहा है अथवा नहीं। इसीलिए जातिगत जनगणना कराने जाने की मांग उठ रही थी। कोई ठोस कार्य प्रणाली बनाने के लिए न्यायिक प्रणाली द्वारा तथ्यात्मक आंकड़ों को एकत्रित करने की बात कही जा रही थी। तत्कालीन रजिस्टार जनरल ने भी जातिगत जनगणना को स्वीकृति दी थी, परंतु अटल सरकार ने इस निर्णय को परिवर्तित कर दिया। इसके कारण जातिवार जनगणना नहीं हो सकी।

अटलजी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किये, जिसके लिए उन्हें अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उनकी सेवाओं के लिए 25 जनवरी 1992 को उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा 28 सितंबर 1992 को उन्हें हिंदी गौरव से सम्मानित किया गया। उन्हें 20 अप्रैल 1993 को कानपुर विश्वविद्यालय द्वारा डी लिट की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्हें 1 अगस्त 1994 में लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 17 अगस्त 1994 को संसद द्वारा उन्हें श्रेष्ठ सासंद चुना गया तथा पंडित गोविंद वल्लभ पंत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात उन्हें 27 मार्च 2015 को भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**(लेखक भाजपा के प्रवक्ता हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# शपथ ग्रहण समारोह से पहले ट्रंप से मिले मुकेश और नीता अंबानी, खास मेहमान के तौर पर मिला है न्योता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में वे अमेरिकी के अरबपति, राजनेता और मशहूर हस्तियों से मुलाकात करेंगे। उद्योगपति मुकेश अंबानी को ट्रंप के खास मेहमान के तौर पर समारोह का न्योता मिला है। शपथ ग्रहण समारोह से पहले मुकेश और नीता अंबानी ने डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की।

बताया जाता है कि मुकेश अंबानी शनिवार को वॉशिंगटन डीसी पहुंच गए हैं। उन्होंने ट्रंप के साथ कैंडल लाइट डिनर में भी भाग लिया। सूत्रों ने बताया कि ट्रंप के साथ कैंडल लाइट डिनर में भाग लेने वाले वे एकमात्र भारतीय थे। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी ऊषा वेंस से भी मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अंबानी दंपती ट्रंप परिवार के निजी आमंत्रित सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। हालांकि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

### ट्रंप के परिवार से हैं अंबानी के अच्छे संबंध

भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी के परिवार के ट्रंप के परिवार के साथ अच्छे संबंध हैं। 2017 में जब डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट के लिए हैदराबाद आईं तो अंबानी वहां मौजूद थे। फरवरी 2020 में जब ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में भारत आए थे तब भी अंबानी मौजूद थे।

### अनंत-राधिका के प्री वेडिंग में भी आयीं थी इवांका

मार्च 2024 में गुजरात के जामनगर में मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और मंगेतर राधिका मर्चेंट के प्री वेडिंग समारोह में भी डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका, उनके पति जेरेड कुशनर और उनकी बड़ी बेटी अरेबेला रोज शामिल हुए थे। उन्होंने समारोह में पारंपरिक भारतीय परिधान पहन कर भाग लिया था।

### ये भी होंगे शामिल

समारोह में टेक उद्यमी एलन मस्क, अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस, एप्पल के मुख्य कार्यकारी टिम कुक और मार्क जुकरबर्ग, ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन, गूगल के मुख्य कार्यकारी सुंदर पिचाई भाग लेंगे। इनकी कंपनियों ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए एक मिलियन अमेरिकी डॉलर का चंदा दिया है।

### समारोह में भारत का दबदबा

शपथ ग्रहण समारोह में वीआईपी ट्रीटमेंट पाने के लिए जहां एक ओर अमेरिकी उद्योगपतियों और मशहूर हस्तियों ने आयोजन समिति को एक मिलियन डॉलर से अधिक का चंदा दिया है। वहीं दूसरी ओर भारत का दबदबा बरकरार रखते हुए मुकेश अंबानी को ट्रंप ने व्यक्तिगत निमंत्रण दिया है। शपथ ग्रहण समारोह में मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी पत्नी जिल बाइडन, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और उनके पति जेंटलमैन डग एम्हॉफ, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, जॉर्ज डब्ल्यू बुश और बिल क्लिंटन भी भाग लेने की संभावना है।

# भारत और सिंगापुर के बीच नया युग होगा शुरू, आर्थिक ताकत बढ़ेगी : शानमुगरत्नम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम ने हाल ही में कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण ध्रुव के रूप में उभर रहा है और सिंगापुर इसे समर्थन देने के लिए तैयार है। शानमुगरत्नम ने भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत और वैश्विक राजनीति में इसके बढ़ते प्रभाव पर जोर दिया। उनका कहना था कि सिंगापुर और भारत के बीच सहयोग को एक नये स्तर पर पहुंचाने के लिए दोनों सरकारें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं।

### भारत का आर्थिक विकास और सिंगापुर का सहयोग

शानमुगरत्नम ने कहा कि भारत की युवा जनसंख्या, विकास की दिशा, और निर्यात-संचालित अर्थव्यवस्था इसे वैश्विक मंच पर एक प्रमुख ताकत बना रही है। उन्होंने बताया कि अगले 10-20 वर्षों में भारत की भूमिका वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ेगी और इसके साथ सिंगापुर का सहयोग भी मजबूत होगा। दोनों देशों ने



सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए मिलकर काम करने का निर्णय लिया है। शानमुगरत्नम ने यह भी कहा कि सिंगापुर अब भारत में औद्योगिक पार्कों और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है, ताकि दोनों देशों के आर्थिक विकास को और बढ़ावा मिले।

### कौशल विकास और अक्षय ऊर्जा

सिंगापुर के राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि कौशल विकास भारत के लिए भविष्य में महत्वपूर्ण होगा। भारत में कौशल अवसंरचना का विकास हो रहा है और सिंगापुर इस प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए तैयार है। इसके साथ ही, अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा। भारत में सौर और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में विशाल संभावनाएं हैं, और सिंगापुर इस क्षेत्र में भारत के साथ साझेदारी बढ़ाने के लिए उत्सुक है।

### विमानन और डिजिटल क्षेत्र में भी सहयोग

विमानन क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका के बारे में शानमुगरत्नम ने कहा कि भारत में एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल) क्षेत्र में भी संभावनाएं हैं, और सिंगापुर इस क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। इसके अलावा, फिनटेक और डिजिटल क्षेत्र में भी दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों के वित्तीय संस्थानों के बीच डेटा का प्रवाह और विश्वास बढ़ सके। शानमुगरत्नम ने कहा कि भारत और सिंगापुर के बीच विश्वास बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है।

# टीएमसी नेता के घर से 53 बम और हथियार बरामद, गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता से सटे जिले उत्तर 24 परगना के आमडांगा थाना अंतर्गत फेलिया गांव के रहने वाले टीएमसी नेता के घर शुक्रवार को पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। तृणमूल कांग्रेस के पंचायत सदस्य अबु तालेब मंडल के घर में तलाशी अभियान चला कर पुलिस ने तीन ड्रमों में रखे 53 बम बरामद किया हैं।

पुलिस ने तलाशी के दौरान टीएमसी नेता के घर से एक हथियार भी बरामद किया है। हथियार और बम मिलने के बाद टीएमसी नेता को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर आमडांगा थाने के थानेदार के नेतृत्व में छापेमारी की गयी। इसमें बमों की बरामदगी हुई। इतनी बड़ी संख्या में ये बम किस उद्देश्य से रखे गये थे, पुलिस इसकी जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को कुछ गुप्त सूत्रों से टीएमसी नेता के घर पर बम होने और हथियार होने की जानकारी मिली थी। इस आधार पर पुलिस ने टीएमसी नेता के घर पर पुलिस ने छापा मारा है। बम और हथियार बरामद के होने के बाद टीएमसी नेता को गिरफ्तार कर लिया गया।

# अनशन के 55वें दिन डल्लेवाल को ग्लूकोज चढ़ाया

## केंद्र बातचीत को तैयार, कृषि मंत्रालय के अफसर खनौरी बॉर्डर पहुंचे, 14 फरवरी को मीटिंग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटियाला।** सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद समेत 12 मांगों को लेकर 55 दिन से अनशन कर रहे 70 साल के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को ग्लूकोज चढ़ाया गया है। शनिवार को केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण विभाग के जॉइंट सेक्रेटरी पंजाब और हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर पहुंचे थे। उन्होंने डल्लेवाल से मिल कर मीटिंग का न्योता दिया। केंद्र की तरफ से बातचीत का प्रस्ताव मिलने के बाद किसानों ने डल्लेवाल को मेडिकल ट्रीटमेंट देने के लिए हामी भर दी और देर रात उन्हें ग्लूकोज चढ़ाया गया। अब चंडीगढ़ में 14 फरवरी को किसान संगठनों की भारत और पंजाब सरकार के मंत्रियों के साथ बैठक होगी।

**हमें डल्लेवाल की सेहत की चिंता :** खनौरी बॉर्डर पर मीडिया से बातचीत करते हुए जॉइंट सेक्रेटरी प्रियरंजन ने कहा कि केंद्र को आमरण अनशन पर बैठे डल्लेवाल की सेहत की फिक्र है। हम यहां आये हैं, ताकि कोई रास्ता निकल सके। केंद्र की तरफ से बातचीत का जो प्रस्ताव दिया गया है उसमें लिखा है- भारतीय किसान यूनियन और किसान मजदूर मोर्चा की मांगों को लेकर भारत सरकार और पंजाब सरकार के मंत्रियों के साथ 14 फरवरी को बैठक होगी। यह बैठक चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में होगी। हम आशा करते हैं कि डल्लेवाल जल्द अपना अनशन खत्म करेंगे और बैठक में शामिल होंगे।

**डल्लेवाल का कुछ खाने से इनकार :** केंद्र सरकार के अफसरों ने बातचीत के प्रस्ताव के बाद डल्लेवाल से कुछ खाने की अपील की। डल्लेवाल ने मेडिकल एड लेने पर तो सहमति दे दी, लेकिन कुछ खाने से इनकार कर दिया। डल्लेवाल की निगरानी कर रहे डॉक्टरों की टीम में शामिल डॉ स्वयमान सिंह कहना है कि उनका 14 फरवरी तक केवल मेडिकल एड पर जिंदा रह पाना मुश्किल है।

# मिलर में फंसा बिजली तार, छह पोल गिरे, चार लोग हुए घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र के बूढ़ी खाड़ गांव में महेंद्र यादव के घर के पास रविवार को शुबह लगभग 11 बजे मिलर के पिछले हिस्से में बिजली का तार फंस जाने से आधा दर्जन पोल गिर गया। इस दौरान पोल की चपेट में आने के कारण बच्ची और महिला समेत चार लोग घायल हो गये। घायलों में बीडीसी पति अशोक यादव की पुत्री कक्षा 07 की काजल कुमारी 13 वर्ष, रामाशीष यादव के पुत्र अभिषेक कुमार 05 वर्ष, स्व रामजन्म यादव के पुत्र महेंद्र यादव 35 वर्ष, एवं बुधनी कुँवर (पति स्व हरिहर यादव) 85 वर्ष के नाम शामिल हैं। इनमें काजल की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है, उसका पैर टूट जाने की खबर है। उसे मझिआंव रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक द्वारा बेहतर चिकित्सा हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। इस सम्बंध में ग्रामीण नवल यादव ने बताया कि जगदेव मोड़ से मुख्य पथ बभनी तक चल रहे पथ निर्माण कार्य में मिलर जा रहा था, इसी बीच महेंद्र यादव के घर के पास उसके पिछले हिस्से में बिजली का तार फंस गया। इस दौरान लोगों ने ड्राइवर को तेज स्वर में चिल्लाकर जानकारी दी, लेकिन उसने नहीं सुना, इस प्रकार छह पोल तार सहित गिर गया। जिसमें बच्ची समेत चार लोग घायल हो गये।

इस संबंध में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि सूचना मिली है, ग्रामीणों से आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# बाबा साहब को भाजपा ने ही सच्चा देशभक्त का दर्जा दिया: सांसद बीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी जिला गढ़वा के द्वारा संविधान गौरव दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रमंडलीय प्रभारीय प्रदेश के उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने कहा कि आज देश बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाये गये संविधान पर चल रहा है। बाबा साहेब के संविधान में सबसे ज्यादा निष्ठा अगर किसी देश के प्रधानमंत्री ने किया वह नरेंद्र मोदी है। प्रधानमंत्री देश की संविधान के साथ मजबूती के प्रदान कर रहे हैं और विश्व में भारत का मान सम्मान एवं विश्वसनीयता बढ़ा रहे हैं। हम निसंकोच कर सकते हैं कांग्रेस ने संविधान के साथ कई बार विश्वास घात किया। बाबा के बने संविधान के विरुद्ध देश में इमरजेंसी लागू किया, जो भारत के संविधान के लिए कलंक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बीडी राम ने कहा कि देश पूर्ण रूपेण संविधान के अनुरूप चल रहा है। संविधान के साथ किसी तरह का कोई छेड़छाड़ नहीं किया जायेगा। यह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है। हम संविधान के बने रूपरेखा पर चलकर सशक्त भारत का एवं विकसित भारत बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। आज विपक्ष के द्वारा भ्रांति फैला कर प्रचारित किया जा रहा है कि संविधान को भारतीय जनता पार्टी बदलेगी। मगर ऐसी कोई बात नहीं है संविधान निर्माता बाबा साहब को अगर कोई सच्चा देशभक्ति का दर्जा दिया तो वह भारतीय जनता पार्टी है। बाबा साहब को मान सम्मान भारत रत्न देने का काम भारतीय जनता पार्टी के सरकार के द्वारा किया गया। हमने निसंकोच कह सकते हैं कि यह देश बाबा साहेब के बने संविधान पर चलकर विश्व का महागुरु बनेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी विनोद तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, चंद्रदेव राम, राजीव रंजन तिवारी, संजय, विवेकानंद, उदय, मनीष, उमेश, रुपू, ओम प्रकाश, रविंद्र, बालाजी विकास, रंजन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कैलान में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित




भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सेल के सीएसआर संस्था के तत्वाधान में आदिम जनजाति बहुल कैलान गांव स्थित पंचायत भवन में माइंस अस्पताल के बैनर तले नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर 274 मरीजों का इलाज कर दवा दी गयी। शिविर का उद्धघाटन माइंस अस्पताल के अपर चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विजय कुमार राम दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर डॉक्टर राम ने बताया कि नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य इस गांव के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना और इस क्षेत्र के गरीबों और वंचितों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना है। शिविर में डॉ राम के अलावे अस्पताल के लैब टेक्नीशियन मुकेश दुबे, नर्सिंग सिंस्टर अनिला मिंज, एएनएम सरोज कुमारी, फार्मासिस्ट नजमुद्दीन अंसारी आदि ने इलाज में सहयोग किये।

## कांडी में ग्राम सभा का किया गया आयोजन



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के शिवपुर पंचायत कार्यालय के सभागार में रविवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत मुखिया सोनी देवी ने की। मुखिया सोनी देवी ने बताया कि सूची के अनुसार जॉब कार्ड में त्रुटि के अनुसार 25 लोगों को अयोग्य किया गया है। पंचायत सेवक मुकेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में पंचायत में 101 लोगों का नाम सूची में दर्ज है। जिनमें 75 आवास पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि तीन चार दिनों के अंदर सभी 25 लोगों का भौतिक सत्यापन सर्वे के अनुसार होगा। उसके बाद पीएम आवास की सूची स्पष्ट होगा। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, बीडीसी प्रतिनिधि लव कुश कुमार रवि, वार्ड सदस्य उमेश साह, इसराइल, पंचायत स्वंय सेवक ऋषि, रोजगार सेवक सहित बड़ी संख्या में महिला पुरूष शामिल थे।

## थाना परिसर में किया गया पौधरोपण



रमना (आजाद सिपाही)। थाना परिसर के प्रांगण में कस्तूरबा महिला शिल्प कला केंद्र के तत्वाधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दरम्यान कई तरह के पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण को साफ सुरक्षित रखने का जिम्मा हम सभी पर है। वहीं संस्था के संचालक डॉ पारसनाथ ने कहा कि सुरक्षित प्रदूषण के लिए हमे अभी से सतर्क रहने की आवश्यकता है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को कोई परेशानी नहीं हो। मौके पर समाजसेवी बबलू गुप्ता, टुनटुन सोनी, अरविंद, महेंद्र, धनंजय गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने पौधशाला के जंगल को बचाने का लिया संकल्प

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत मकरी के ग्रामीणों ने पौधशाला स्थित जंगल को बचाने का लिया संकल्प ग्रामीणों को वन विभाग से मदद की दरकार। बताते चलें की बीते शनिवार को स्थानीय मीडिया सगमा प्रखंड के मकरी पौधशाला से कीमती लकड़ी काटे जाने की खबर प्रमुखता के साथ छपा गया था। इसके बाद रविवार को ग्रामीणों ने बैठक कर जंगल बचाने का संकल्प व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग करते हुए कहा कि जंगल परिसर में खाली पड़े भूमि पर कीमती पौधा लगवाया जाये।

# सीएस ने भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** भंडारिया पहुंच कर गढ़वा जिला सिविल सर्जन अशोक कुमार ने शनिवार को भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया तथा अस्पताल परिसर में निर्माण किये गये नये अस्पताल भवन का भी निरीक्षण किया। साथ में अस्पताल भवन निर्माण के संवेदक मुन्ना सिंह भी उपस्थित थे। सीएस ने जेनरल वार्ड से लेकर ऑपरेशन कक्ष सहित अन्य कक्ष का बारिकी से निरीक्षण किया। सीएस ने फलेरिया पर जागरूकता लाते हुए कहा कि फलेरिया बीमारी का बचाव सिर्फ दवा खिलाकर ही संभव है। इसके लिए 10 फरवरी से 25 फरवरी तक घर घर जाकर फलेरिया का दवा खिलाया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दवा प्रशासक व सुपरवाइजर की भुमिका महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होने दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिला व अवसाद रोग से ग्रसित लोगों को फलेरिया की दवा नहीं खिलाने की बात कही। नये अस्पताल भवन के उद्घाटन के बारें मे पुछे जानें पर उन्होंने एक बार और भवन का निरीक्षण किये जाने के बाद उद्घाटन करने की बात कही। मौके पर उपस्थित झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की, झामुमों अनुमंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह सहित अन्य लोगों के द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजय कुमार पर बराबर अस्पताल से नदारद रहने की शिकायत की गयी, जिसपर सीएस ने डॉ अजय कुमार को अस्पताल परिसर के क्वार्टर में ही रहने का निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल में एक ओर डॉ उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

## दो बाइक के साथ एक चोर गिरफ्तार

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। हरिहरपुर ओपी द्वारा रविवार की अहले सुबह एक अंतर्राज्यीय बाइक चोर को दो बाइक के साथ कांडी - केतार कोल्ह रोड के डूमरसोता गांव के पास से संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया है। इस संबंध में ओपी प्रभारी सफ्फील्लाह अंसारी ने प्रेसवार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर डूमरसोता गांव के पास संदिग्ध हालात में दो बाइक के साथ एक नवयुवक को पाया गया। इसकी जांच पड़ताल में पकड़े गये नवयुवक ने अपना नाम विशाल कुमार चौधरी उम्र 23 वर्ष पिता रवि चौधरी ग्राम नारायणपुर थाना कांडी जिला गढ़वा बताया, साथ ही मौके से दूसरा बाइक चालक फरार हो गया। हिरासत में लिए गए विशाल कुमार ने उसका नाम आशु दुबे पिता लालमोहन दुबे ग्राम खरौंधा, थाना कांडी, जिला गढ़वा का बताया है।

## प्रजापति ब्रह्मा बाबा की पुण्य स्मृति में कार्यक्रम आयोजित




बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से संस्थापक प्रजापति ब्रह्मा बाबा की पुण्य स्मृति में दक्खिन मुहल्ला स्थित स्थानीय केंद्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संचालिका बी के सुचिता कुमारी के द्वारा जिले में चल रहे आठ केंद्रों के माताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर धर्मचंद लाल अग्रवाल ने बताया कि यह संस्था व्यक्ति को शांति की ओर अग्रसर करता है। इसका उद्देश्य मानव को उनके विभिन्न प्रकार के व्याधि से ध्यान योग के माध्यम से मुक्ति दिलाता है। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में सभी केंद्रों के संचालिका सहित सुजीत अग्रवाल, राहुल, अशोक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन को लेकर बैठक

रंका (आजाद सिपाही)। गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर झंडोत्तोलन को सफल बनाने को लेकर रंका अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय सभी विभाग के विभागाध्यक्षों के साथ शनिवार को बैठक की गयी। बैठक में सभी विभागों के साथ आपसी समन्वय बनाकर निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर एल आर डी सी, प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला तोपनों, चिकित्सा पदाधिकारी गोरखनाथ पांडेय, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रेवती रमण सिंह, एसके इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक अजय सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हाइवा की चपेट में आने से वृद्ध की मौत



### ग्रामीण बैरिकेटिंग की कर रहे थे मांग

ग्रामीण कुलदीप पासवान, भृगुण पासवान, सुभान अंसारी, मंसूर अंसारी, राजेंद्र उरांव सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव में तीखा मोड के कारण हमेशा दुर्घटना होते रहता है, जिसके लिए बैरिकेटिंग जरूरी है। बताया कि ग्रामीणों की मांग पर बहुत दिन पहले बैरिकेटिंग लगाया गया था, लेकिन इसे हटाए जाने के बाद हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जिसके लगने से आवागमन करने वाले छोटी बड़ी वाहन का रफ्तार धीमी रहेंगी।

आजाद सिपाही संवाददाता

रमना। रमना गढ़वा श्री बंशीधर मुख्य सड़क बहियार मोड के समीप लगभग 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हाइवा के चपेट में आने से हो गयी। जिसकी पहचान बिहार के दरभंगा जिला बहेड़ी थाना क्षेत्र के अटहर गोट निवासी के रूप में हुई है। मृतक गढ़वा जिले में हाथों में पहने वाला पत्थर बिक्री करने का कार्य करते थे। खबर के अनुसार श्री बंशीधर नगर की और से लूना मोटर सायकल पर मृतक सवार होकर रमना की तरफ आ रहा था इसी क्रम में रफ्तार में पीछे से आ रही हाइव गाड़ी नंबर यूपी 64बी टी 5294 से पूरी तरह चपेट में ले लिया। घटना के बाद हाइवा गाड़ी के चालक फरार हो गया। इधर घटना के सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर बड़ी ही तत्परता के साथ बिखरे हुए क्षत विक्षत शव को कपड़े में लपेटकर गढ़वा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके पूर्व ग्रामीणों ने हाइवा की पहचान कर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पुअनि आलोक कुमार, जयप्रकाश गुप्ता,एसआई राकेश कुमार सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

# शिक्षक संघ ने विधायक अनंत प्रताप देव को सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**बंशीधर नगर।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से रविवार को यहां प्लस टू हाईस्कूल के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में विधायक अनंत प्रताप देव को सम्मानित किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय सहित अन्य लोगों ने विधायक को अंगवस्त्र ओढ़ाकर और बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक अनंत प्रताप देव ने शिक्षकों को संबोधित करते हुये कहा कि शिक्षक का स्थान समाज में श्रेष्ठ होता है। शिक्षक समाज का आईना होते हैं।

भविष्य का निर्माण करने वाले शिक्षकों की कोई भी समस्या उन्हें मालूम चलेगी, तो उन्हें तत्काल दूर करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी वे शिक्षक समाज के हर समस्या को लेकर तत्पर रहे हैं। आगे भी कोई समस्या आयेगी तो उसे दूर किया जायेगा। उन्होंने मिडिल स्कूल के प्रिंसिपल अनिल विश्वकर्मा को लेकर कहा कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया है। विभाग से मांग करते हैं कि उन्हें जल्द से जल्द निलंबन मुक्त करते हुये मिडिल स्कूल का प्रभार दिया जाय। विधायक ने संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम के लिये धन्यवाद किया।

डीईओ कैसर रजा ने कहा कि समाज में शिक्षक का अलग स्थान होता है। शिक्षक को कोई समस्या ना आये इसका वे विशेष ख्याल रखते हैं। शिक्षक संघ जो भी समस्या बताता है उसे शीघ्र दूर करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि अनिल विश्वकर्मा का निलंबन जल्द खत्म होगा। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि कमलेश्वर पांडेय ने कहा कि आज हम लोग के लिए गौरव का क्षण है। क्योंकि शिक्षकों के साथ हमेशा साथ निभाने वाले विधायक अनंत प्रताप देव को सम्मानित करने का मौका मिला है।

# अतिक्रमण हटाने के लिए बृहद स्तर पर अभियान जल्द : एसडीओ

- अनुमंडल पदाधिकारी ने बाजार समिति परिसर का किया औचक निरीक्षण
- व्यापक रूप से अतिक्रमण और आबंटन अनियमिताएं मिलीं, पणन सचिव से मांगी रिपोर्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रविवार को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने मझिआंव रोड स्थित कृषि विपणन बाजार समिति परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें न केवल बाजार समिति परिसर में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण देखने को मिला, बल्कि स्थानीय पूछताछ के क्रम में इस बात के भी संकेत मिले कि यहां आवंटन को लेकर गंभीर अनियमिताएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर जल्द ही एक टीम का गठन करते हुए बाजार समिति परिसर से अतिक्रमण हटाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि न केवल परिसर के अंदर बल्कि परिसर के बाहर चहारदीवारी से सटाकर बांस बल्ली गाड़कर अतिक्रमण करने की नीयत से बहुत सारी अवैध अतिक्रमित संरचनायें बना ली गयी हैं, उनको ध्वस्त करने के लिए अंचलाधिकारी और नगर परिषद को निर्देश दिया जा रहा है। उन्होंने पाया कि परिसर के अंदर लोगों ने अवैध रूप से टीन शेड बना लिए हैं। इस पर उन्होंने पणन सचिव राजीव रंजन को संबंधित अतिक्रमणकारी को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरेआम पूरे बाजार समिति परिसर में अतिक्रमण कर संरचनायें बनायीं जा रही हैं, इसके बावजूद बाजार समिति की ओर से उनके कार्यालय में अतिक्रमण की कोई शिकायत न मिलना समझ से परे है। स्थानीय व्यवसायियों से पूछताछ के क्रम में जो बातें सामने आयी हैं उसके अनुसार बाजार समिति के कर्मचारियों की भूमिका भी अस्पष्ट है, जिसकी जांच करवाई जा रही है।

इस अवसर पर उन्होंने बाजार समिति परिसर के अंदर घूम-घूम कर व्यवसायियों से भी अपील की कि वे अपने आवंटित स्थल और निर्धारित क्षेत्रफल में ही अपना व्यवसाय करें, उससे अधिक भूमि या क्षेत्रफल कब्जाने तथा बिना अनुमति अवैध निर्माण करने का प्रयास न करें। उन्होंने मौके पर मौजूद पणन सचिव से अब तक की गयी कार्रवाई के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि यह बहुत ही गंभीर मामला है, इसलिए अब तक उन्होंने जितने अतिक्रमणकारियों को अपने स्तर से नोटिस जारी किया है उसकी सूची उपलब्ध करवायें ताकि एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण करने वाले सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा खाली करवाने की दिशा में कार्रवाई की जा सके।

## 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह ग्रहणियों को किया गया आमंत्रित

- इच्छुक ग्रहणी मातायें-बहनें कार्यक्रम में आकर रख सकती हैं अपनी समस्या, शिकायत या सुझाव : एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** प्रशासन-नागरिक संवाद की दिशा में प्रयास के रूप में चल रहे एक घंटे के विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस सप्ताह हाउस वाइफ माताओं-बहनों को आमंत्रित किया जा रहा है।

आगामी बुधवार 22 जनवरी को पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे के बीच प्रस्तावित उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु सदर अनुमंडल क्षेत्र की ऐसी इच्छुक ग्रहणियों को सार्वजनिक रूप से आमंत्रित किया जा रहा है जो अपने किसी निजी या सार्वजनिक विषय को लेकर एसडीओ के समक्ष कोई समस्या, शिकायत या सुझाव रखना चाहती हों। कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' के होस्ट अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान अन्य विभागों के संबंधित पदाधिकारियों की मौजूदगी भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में रहती है। उल्लेखनीय है कि 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम की यह सातवीं कड़ी है। अब तक सेवा निवृत्त शिक्षकों, किसानों, व्यवसायियों, ऑटो रिक्शा चालकों, थैलीसीमिया ग्रस्त बच्चों के परिजनों व युवाओं के साथ 6 अलग-अलग संवाद कार्यक्रम किये जा चुके हैं। आगामी बुधवार को आयोजित होने जा रहे इस विशेष कार्यक्रम में एसडीओ संजय कुमार ने गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र की ग्रहणियों से सहभागिता का अनुरोध किया है।

## शहीद नीलांबर पीतांबर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

केतार (आजाद सिपाही)। परसोडीह हाई स्कूल के प्रांगण में शहीद नीलांबर पीतांबर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 सीजन 8 का बृहद तरीके से आगाज हुआ। उद्घाटन कर्ता सह मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया अनिल पासवान अपने समर्थकों के साथ ग्राउंड में पहुंचे। आयोजित कार्यक्रम में उद्घाटन कर्ता अनिल पासवान ने कहा की लगातार आठ वर्षो से हाई स्कूल के ग्राउंड में टूर्नामेंट का आयोजन होता रहा है। और जब तक मैं रहूंगा, तब तक इस ग्राउंड में टूर्नामेंट का आयोजन होता रहेगा। मेरा सपना है कि इस ग्राउंड से भी एक धोनी जैसा खिलाड़ी उभर कर देश में नाम रौशन करे। इस टूर्नामेंट के विजेता टीम को 25001 रू के साथ बड़ी शील्ड एवं उपविजेता टीम को 20001रु के साथ छोटी शील्ड दिया जायेगा। इस मौके पर नागेंद्र ठाकुर, मूंगा साह, आयोजन कमिटी के अध्यक्ष संजय वर्मा, उपाध्यक्ष देवकुमार ठाकुर, सचिव संजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष विजय कुमार मेहता, श्रीराम सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## आरकेवीएस संस्थान के छात्रों के लिए शैक्षिक भ्रमण और वन भोज कार्यक्रम आयोजित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आरकेवीएस संस्थान के बीएड और डीएलएड के सभी छात्रों के लिए शैक्षिक भ्रमण और वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को तातापानी पलटन घाट घुमाया गया, जहां छात्रों ने न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया, बल्कि साथ ही शैक्षिक दृष्टिकोण से भी बहुत कुछ सीखा। महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ चंद्रदीप पांडे ने छात्रों को शैक्षिक भ्रमण के महत्व के बारे में बताया और उन्हें इस भ्रमण के अनुभव को प्रोजेक्ट के रूप में लिखकर महाविद्यालय में जमा करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण छात्रों के समग्र विकास के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं, जो उन्हें वास्तविक जीवन में शिक्षा के महत्व को समझने में मदद करते हैं।

## मुखिया ने विधवा और वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया



रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सिलीदाग मुखिया अनीता देवी द्वारा गरीब, असहाय, विधवा और वृद्ध लोगों के बीच अपने निजी खर्चे से लगभग 70 से अधिक कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया अनीता देवी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष ठंड के मौसम को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया। कहा कि पंचायत के विकास के लिए हरेक संभव प्रयास कर रहा हूं। मौके पर वार्ड सदस्य विनय ठाकुर,हीरा विश्वकर्मा छोटन सिंह, शिवकुमार शाह, संदेश ठाकुर, रघुनाथ साह,बनारसी ठाकुर, बिनोद चौरसिया, संजय मेहता और काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, .सोमवार, 20 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in
08

## पत्नी ने लिया था कर्ज, तगादा से परेशान पति ने किया आत्महत्या का प्रयास

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के जूरिया करमटोली में एक ग्रामीण ने आत्महत्या का प्रयास किया है। उसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार जूरिया करमटोली निवासी शनिया उरांव का पुत्र रामा उरांव की पत्नी ने महिला मंडल से 40 हजार रुपया कर्ज के रूप में ले रखा था, रामा कर्ज नहीं चुका पा रहा था, और महिला मंडल द्वारा पैसा वापसी का दबाव बनाया जा रहा था। इससे तंग आकर रामा ने कीटनाशक खा कर आत्महत्या का प्रयास किया, परंतु परिजनों की तत्परता से उसकी जान बच गयी। परिजनों ने बताया कि रामा उरांव कमाने दूसरे प्रदेश गया हुआ था, इधर उसका बेटा बीमार पड़ गया, बेटे के इलाज के लिए रामा की पत्नी द्वारा महिला मंडल से 40,000 रुपये कर्ज लिया था।

## विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय इग्नू है : डॉ मोती राम



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** इग्नू की अभिप्रेरणा बैठक बलदेव साहू महाविद्यालय स्थित इग्नू स्टडी सेंटर में संपन्न हुई। जिसमे रांची के क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ मोती राम ने कहा कि इग्नू जन जन का विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा की विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय इग्नू है यहां के शिक्षार्थी विभिन्न जगह से आते हैं चाहे वह गृहिणी हो, नौकरी पेशा हो व्यापार करने वाले हो या छात्र हूं सभी के लिए इग्नू में पढ़ने की व्यवस्था भारत सरकार के द्वारा की गयी है। उन्होंने विस्तार से इग्नू के बारे में छात्रों को जानकारी दी। नामांकन से लेकर असाइनमेंट बनाने के तरीके परीक्षा फॉर्म भरने री रजिस्ट्रेशन कराने परीक्षा फॉर्म भरने किसी प्रकार की कोई त्रुटि रहने पर सारी जानकारी इग्नू के वेबसाइट पर उपलब्ध है। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर शंभू प्रसाद उपस्थित है उन्होंने कहा इग्नू स्टडी सेंटर में कम संसाधन के द्वारा छात्र बेहतर परिणाम दिखा सकते हैं। कार्यक्रम में इग्नू स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर डॉ शशि कुमार गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया और इग्नू सेंटर के क्रिया क्रियाकलापों के बारे में एक विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अलावा इग्नू के काउंसलर प्रोफेसर शंभू प्रसाद, डॉ बीएन शर्मा, डॉ फरहा, प्रोफेसर एचपी साहू, प्रोफेसर स्नेह कुमार, प्रोफेसर कृष्णा प्रसाद एवं इग्नू स्टडी सेंटर के प्रभु तिर्की, सूरज, अरविंद और तारामणि देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच की बैठक 21 को होगी



**सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच की बैठक केंद्रीय अध्यक्ष रविकांत पासवान की अध्यक्षता में 21 जनवरी को लोहरदगा के पावरगंज स्थित होटल केतकी पैलेश में होगा। उक्त आशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रखंड क्षेत्र के झखरा ग्राम निवासी भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के पूर्व जिला अध्यक्ष शकील अख्तर दिया। वही जानकारी देते हुए बताया कि 21 मंगलवार को पावरगंज स्थित होटल केतकी पैलेस में पूर्वाह्न 11 बजे से मंच का एक आवश्यक बैठक रखा गया है। जिसमें मंच द्वारा लोहरदगा जिला ईकाई को भंग कर नये जिलाध्यक्ष और संगठन के अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जायेगा। इस निमित लोहरदगा जिले के पूर्व कार्यकर्ताओं और सूचनाधिकार में रूचि रखने वाले लोगों को भाग लेने के लिए अपील किया गया है। जिसे सूचना अधिकार रक्षा मंच तहत एक मजबूत जिला कमिटी बनाया जा सके। वही बैठक में मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रविकांत पासवान, केंद्रीय महासचिव आनंद किशोर पंडा, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# मुख्यमंत्री से मिलकर कोल्डस्टोर बनाने की रखी मांग: राधा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य सह जेएमएम संयोजक ने झारखंड के मुख्यमंत्री से रांची में मुलाकात कर पार्टी द्वारा जिला संयोजक दल में शामिल करने के लिये बुके देकर बधाई दिया। वही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर जिप सदस्य सह जेएमएम संयोजक राधा तिर्की ने सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के किसानों की समस्या से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री से प्रखंड मुख्यालय में बड़ा कोल्डस्टोर का निर्माण कराने की मांग रखी। उन्होंने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र से प्रति दिन काफी मात्रा में शहेतर के किसानों द्वारा सब्जी बाहर के प्रदेशों में भेजा जाता है। कृषि कार्य ही प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिये जीविकोपार्जन का मुख्य साधन है। जिस के लिये प्रखंड मुख्यालय में कोल्ड स्टोर का निर्माण होने से किसानो को सब्जी रखने में काफी सुविधा होगी। प्रखंड क्षेत्र में कोल्ड स्टोर नहीं होने के कारण किसानों का सब्जी प्रत्येक दिन रख रखाव के अभाव में काफी मात्रा में बर्बाद हो जाता है। जिसे किसानों का पूंजी और मेहनत बेकार चला जाता है। जिसे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। जिसे प्रखंड मुख्यालय में कोल्ड स्टोर होने से किसानों को काफी लाभ होगा.वही मुख्यमंत्री ने कहा कि सेन्हा प्रखंड मुख्यालय में कोल्ड स्टोर बनवाने पर विचार किया जायेगा।

## युवाओं के लिए ऊर्जा का केंद्र मन की बात कार्यक्रम: सचिन

**पीएम मोदी की अपने मन की बात रेडियो कार्यक्रम के 108वां प्रसारण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपने मन की बात रेडियो कार्यक्रम के 108वां प्रसारण भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार की अध्यक्षता में सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित कई अन्य लोगों ने सुना। यह प्रधानमंत्री का वर्ष 2025 का पहला मन की बात रेडियो कार्यक्रम महिने के अंतिम रविवार को गणतंत्र दिवस होने के वजह से तीसरे रविवार को प्रसारण किया गया है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने से लोगों के अंदर छिपे प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि इस एपीसोड में प्रधानमंत्री ने कुंभ से लेकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से श्रोताओं को अवगत कराया और देश में हो रहे पर्यावरण और समाज परिवर्तन के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के एपिसोड लोगों के लिए प्रेरणा दायक होता है और जिसमें कुछ कर गुजरने की जज्बा होती है, वह नयी सोच के साथ समाज के बेहतरीन के लिए चाहे वह पर्यावरण का क्षेत्र हो या स्वच्छता का सभी देश सेवा में लगे रहते हैं।

उन्होंने कहा कि मन की बात एक ऐसा कार्यक्रम बन चुका है जिसके माध्यम से देश में छुपे हुए प्रतभा को बाहर निकलने का एक जरिया बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान सभा में चचाओं में भाग लेते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ राजेंद्र प्रसाद और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ऑडियो क्लिप सुनायें। इसमें डॉ अंबेडकर ने संविधान सभा को एक मत होने, डॉ राजेंद्र प्रसाद भारत के मानवीय मूल्यों और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अवसरों की समानता पर अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम से लोग काफी लाभान्वित होते हैं। इसलिए आगे भी सुनने के लिए देश वासियों को प्रेरित करते रहे।

## जिला के अंतिम व्यक्ति तक सरकार और न्यायालय के योजनाओं को पहुंचाना हमारा लक्ष्य : मनोज कुमार सिंह




**लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के निदेशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार मनोज कुमार सिंह, उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार, उत्कर्ष गुप्ता के नेतृत्व में जिला के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को शिविर के माध्यम से लाभान्वित कराना था। इस अवसर पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्रधिकारमनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है जिला के अंतिम व्यक्ति तक राज्य सरकार और विधिक सेवा प्राधिकार के योजनाओं को पहुंचाना। उन्होंने बच्चों को पढ़ाने-लिखाने के लिए भी अभिभावको को प्रेरित किया। उपायुक्त सह-उपाध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार, उत्कर्ष गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस शिविर का उद्देश्य लोगों को उसके कानूनी अधिकार के प्रति जागरूक एवं शिक्षित करना है। साथ ही साथ सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर लोगों को लाभ पहुंचाना है। लाभुकों को आवास, पेंशन, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल सहित अन्य योजनाओं का मिला लाभ। प्रधानमंत्री आवास योजना, कंबल, जॉब कार्ड, हरा राशन कार्ड, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल, छड़ी, कृषि यंत्र, पशुपालन किट, बीज, पेंशन स्वीकृति पत्र, दाखिल खारिज स्वीकृति पत्र आदि लाभुकों को प्रदान किया गया।**

## राष्ट्रहित के लिए भारतीय जनता पार्टी तत्पर: सचिन कुमार



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आज कुम्बा टोली में सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को भारतीय जनता पार्टी में जोड़कर देश हित के कार्य के लिए प्रेरित करना भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान एक महा अभियान की तरह लोहरदगा जिला में मनाया जा रहा है। इस अभियान के अवसर पर पार्टी हित के लिए लोग हजारों की संख्या में लोग जुड़ रहे हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में या अभियान प्रतिदिन लोगों के बीच चलाया जा रहा है। मौके पर चंदू राम, विजय राम, चंदेश्वर राम, मुकेश राम, सूरज राम, करपु उरांव, भवानी साहू,रावराजा राम, संतोष राम, मोतीराम, प्रमोद राम, नीरज राम, विक्की कुमार साहू, प्रेम राम, दीपक साहू, इत्यादि लोग शामिल थे।

## धोबी समाज का विकास जागरूकता के बगैर नहीं हो सकता है : विधायक



**कुडू/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में रविवार को ओरमांझी के रूक्का डैम परिसर में विधायकों का नागरिक अभिनंदन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे कांके विधानसभा के विधायक सुरेश कुमार बैठा, राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया, छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के निजी सचिव तुलसी कौशिक सहित अन्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि समाज को आगे बढ़ने के शिक्षा जरूरी हैं। बगैर शिक्षा और एकजुटता के समाज को विकास संभव नहीं है। अखिल भारतीय धोबी महासंघ का यह प्रयास तब सार्थक होगा जब समाज के अंतिम पायदान पर खड़े समाज तक समाजिक और आर्थिक सहयोग पहुंचे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विशुनदेव साय के निजी सचिव तुलसी कौशिक ने कहा कि धोबी समाज आज काफी पीछे हैं। शिक्षा से लेकर सभी मामले में पिछड़ रहा है इसका मुल कारण नशापान हैं। समाज मे व्याप्त कुरितियां, समाजिक रूढ़िवादी को हटाना ही होगा। वहीं एबीडीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया ने कहा कि भारत देश के 11 राज्यों और 9 केंद्र शासित प्रदेशों में धोबी समाज को अनुसूचित जाति में शामिल नहीं किया जा सका है। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य और विशिष्ट अतिथियों के द्वारा बाबा संत गाडगे महाराज,बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर और भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मंच संचालन प्रदेश मीडीया प्रभारी अमित कुमार और स्वागत प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोक गायिका राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रजनी रजक कृषि वैज्ञानिक डॉ पंकज सेठ डीएसपी बरूण बैठा एनडीसी ललन टिंकू रजक राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार राजेंद्र आहिरे गांडेय के समाजसेवी अर्जुन बैठा जिला परिषद सदस्य चंचला देवी प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा डॉ माधुरी रजक, लालाबाबू रजक, दिनेश बैठा, नागमणि रजक, शिवनाथ बैठा, राजू कुमार रजक, सबिता प्रसाद, जयधन बैठा सहित अन्य शामिल थे।

# कोल्हान की खबरें

## सांसद ने ग्रामीणों के बीच कंबल का किया वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधान सभा स्थित दलदली पंचायत के सुखलारा गांव में भाजपा के एमजीएम मंडल द्वारा कंबल वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सांसद विद्युत वरण महतो और सांसद प्रतिनिधि शासन प्रधान शामिल हुए। मौके पर भाजपा एमजीएम मंडल के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद के द्वारा लगभग 500 ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शंभू कर्मकार ने कहा कि सांसद के पहल पर बीते 5 वर्षो से गांव में रहने वाले ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया जारहा है। झारखंड प्रदेश मे बढ़ती ठंड का प्रकोप को देखते हुए सांसद के द्वारा 500 ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर मंडल के मंत्री रमेश तंतु भाई, विभूति महतो, राहुल महतो, चितरंजन मुखर्जी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रभारी सह जिला कार्यकारणी सदस्य का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रभारी सह जिला कार्यकारणी सदस्य 70 वर्षीय बीएन सिंह की शनिवार देर रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। रविवार को सूचना मिलने पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव,आदित्यपुर नगर निगम के मेयर विनोद श्रीवास्तव और भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कांड्रा स्थित उनके निवास पहुंचे। सभी ने उनके मौत पर गहरा दुख प्रकट की।उन्होंने मृतक के शरीर पर पार्टी का झंडा एवं पुष्प माला चढ़ाकर अंतिम विदाई दी।वही जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव ने उनके निधन पर कहा बी एन सिंह 1997 से लेकर 2008 तक भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रहे। उनके मौत से पार्टी को गहरी चोट पहुची है।

## अपराधियों ने एक बार फिर पुलिस को दी चुनौती

# मानगो में सरेशाम ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से मानगो गुरुद्वारा बस्ती में घर में घुसकर ट्रांसपोर्टर संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। संतोष सिंह अपने घर के पास मनान गली के पास खड़ा था। इसी बीच अज्ञात अपराधी उसके पास आये और उसे पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग देखते ही वह वहां से भागने लगा। वह भाग कर एक घर में घुसा। अपराधी हर हाल में संतोष सिंह को मार देना चाहते थे। इस कारण अपराधियों ने संतोष सिंह का पीछा किया और घर में घुसकर गोली मार दी। करीब तीन गोलियां उसके सीने में लगी, इससे वह वहीं गिर गया। संतोस की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी वहां से भाग निकले। सूचना मिलने के बाद पुलिस वहां पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरा की तलाश चल रही है। विदित हो कि संतोष सिंह कांग्रेस से भी जुड़े रहे। उनके बड़े भाई जितेंद्र सिंह जमशेदपुर पश्चिम से निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ चुके हैं।

# नरभेराम हंसराज स्कूल में आरोग्य मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** श्रीमद राजचंद्र आत्म तत्व रिसर्च सेंटर जमशेदपुर शाखा के द्वारा बिस्टुपुर नरभेराम हंसराज स्कूल प्रांगण में आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। रविवार को रोटरी क्लब जमशेदपुर के साथ मिलकर आरोग्यम हॉस्पिटल के सहयोग आयोजित आरोग्य मेला में ईसीजी मशीन,बीएमआई मशीन, आंखों की जांच,फिजियोथेरेपी और इक्विपमेंट्स सहित अन्य सुविधाए मुख्य रही। मौके पर लगभग 350 से ज्यादा लोगो ने जांच के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। मेडिकल कैम्प में रक्त का सैंपल लेकर 44 पैरामीटर्स तक जाँच कर 263 जनवरी को रिपोर्ट सौंपी जायेगी। इस अवसर पर आरोग्यम हॉस्पिटल के लगभग 25 डॉक्टर्स की टीम ने सभी इच्छुक लोगों का स्वास्थ्य जांच किया। मौके पर रोटरी क्लब स्टील सिटी के प्रेसिडेंट शिवानी गोयल और सेक्रेटरी प्रियंका सिंह के साथ (12-35 वर्ष की) 170 लड़िकयों एवं महिलाओं को सर्वाइकल केंसर वेक्सीनेशन फ्री में लगाया गया। आरोग्य मेले में नरभेराज हंसराज इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रेसिडेंट नकुल भाई कमानी, दर्शनाबेन टांक,टीएमएच के कार्डियो एचओडी डॉ मंदार शाह सहित राजचंद्र आत्म तत्व रिसर्च सेंटर के पिग्नेश भाई झटकिया,कनक बेन गांधी ने संस्था के सभी सामाजिक और आध्यात्मिक गतिविधियों से लोगों को रूबरू करवाया। डॉ मंदार शाह ने सेवा कार्य के लिए अनुमोदना करते हुए पूरे कैंप का मुआयना किया। डॉक्टर्स और चेकअप के लिए आये लोगों के साथ बातचीत की, वालंटियर्स के मैनेजमेंट को देखकर सराहा। मौके पर उन्होंने इस प्रकार की स्वास्थ्य सेवा का महत्व पर प्रकास डाला। उन्होंने संस्था के कार्य का सराहना की। इस दौरान संस्था के द्वारा चाय कॉफी और नाश्ते का लोगो ने आंनद उठाया। मेले में उपस्तित सैकड़ों लोगों ने खुले दिल से सुविधाओं की सराहना की। आरोग्य मेला का नेतृत्व संस्था के किशोर भाई वोरा,रश्मि भाई भयानी,पराग भाई भायानी, केवल भाई झाटकिया, मीना भायानी ने किया।

## टेल्को प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने जय बापू जय भीम ,जय संविधान पदयात्रा निकाली



**टेल्को (आजाद सिपाही)।** टेल्को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा नवा सत्याग्रह जनचेतना पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में पदयात्रा कार्यक्रम के दौरान मुख्य जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे विशिष्ट अतिथि प्रखंड संगठन प्रभारी राज किशोर यादव शामिल हुए। पदयात्रा का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा टेल्को प्रखंड के ट्यूब कंपनी के समक्ष महात्मा गांधी और डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। पदयात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों की तख्ती और कांग्रेस पार्टी का झंडा लेकर संविधान रक्षा का नारा लगाया।मौके पर सभी ने जय बापू जय अंबेडकर का उद्घोष किया। पदयात्रा 3.5 कि मी आगे बढ़ते हुए मछुआ बस्ती पहुंच कर आमसभा में तब्दील किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा देश के स्वतंत्रता सेनानियों और हमारे पूर्वजों ने भारत के संविधान की रचना करी थी। जिसे वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा संविधान को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। हम सभी आम जनता को यह बात समझना होगा हमारे पूर्वजों ने बलिदान देकर सीने पर गोलियों खाया। हमें स्वतंत्र कराया और पूरा देश पूरा राष्ट्र संविधान के नीति पर ही चल रहा है। इसे बदलना इससे छेड़-छाड़ करना कभी भी हितकर नहीं होगा। इसके लिए शिक्षित, समझदार और आम जनता को आगे आना होगा। संविधान की रक्षा करना हम सबों का परम कर्तव्य है। इस अभियान को कांग्रेस पार्टी राष्ट्र स्तर, प्रदेश स्तर, जिला स्तर, प्रखंड स्तर और मंडल स्तर तक संविधान की रक्षा के लिए जन जन पदयात्रा निकाली जा रही है। टेल्को प्रखंड संगठन प्रभारी राज किशोर यादव ने कहा आज संविधान का ही देन है संपूर्ण देश को एक सूत्र में पिरोया जा सका है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार, जिला, ब्लॉक, पंचायत, वार्ड स्तर पर हमारे संविधान में शक्तियां निहित की गयी है। इसी से हर व्यक्ति सुरक्षित है। लोगों को हर सुविधा संविधान में दी गयी है। जीने का अधिकार, समानता का अधिकार जैसे अनेक को अधिकार निहित की गयी है। इन सभी अधिकारों से छेड़-छाड़ करना समाज के लिए हितकर नहीं होगा। इसके लिए कांग्रेस पार्टी ने अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, प्रखंड संगठन प्रभारी राजकिशोर यादव, सामंता कुमार, सतीश कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष संध्या ठाकुर, अतुल गुप्ता, अरुण कुमार सिंह, राजकुमार वर्मा, रविंद्र मौर्य, जसवंत सिंह जस्सी, अशोक शर्मा, नरेंद्र कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, राजिंदर सिंह, रवि रंजन दयाल, विजयकांत शर्मा, अजय दास, प्रवीण कुमार, सरोज पांडे, वरिष्ठ कांग्रेसी महेश्वर प्रसाद, विक्रम कुमार झा, विजय कुमार, महेंद्र सिंह, सत्यनारायण पासवान, निखिल तिवारी, सचिन कुमार, हरिहर प्रसाद, सतीश चंद्र रजक, पायल मुंडा, सावन नाग, जितेन मुखी, रविंद्र शर्मा, चरण पाल सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

## खूंटी में होगा खरवार भोगता का प्रमंडलीय सामाजिक सम्मेलन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक रविवार को पालकोट रोड स्थित कार्यालय में जिला अध्यक्ष जीतू प्रधान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाज के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक स्थिति पर चर्चा की गई और संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। प्रमंडलीय स्तरीय सामाजिक सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सामाजिक सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम खूंटी में होगा। इसके लिए सभी जिला से तिथि की सहमति बनायी जायेगी। गुमला से नौ फरवरी को संभावित तिथि का प्रस्ताव प्रमंडल स्तरीय कमेटी को भेजा गया है। जिला महासचिव भरत प्रधान ने समाज के लोगों को अपने हक अधिकार के लिए एकजुट होने का आह्वान किया और सामाजिक सम्मेलन में समाज के शत प्रतिशत लोगों को शामिल हो कर सामाजिक एकजुटता का परिचय देने का आह्वान किया। बैठक में खरवार भोगता समाज के प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने समाज के लोगों को शिक्षित और संगठित होने का आह्वान किया। कहा कि शिक्षा से जागरूकता बढ़ेगी और एकता से अधिकार हासिल होगा। बैठक में संरक्षक विश्वनाथ प्रधान, रंथा प्रधान, कैलाश प्रधान, सुदर्शन प्रधान, समतराय प्रधान, हीरालाल प्रधान, सुनीता कुमारी, करम दयाल प्रधान, विश्वनाथ सिंह, भुवनेश्वर प्रधान, डब्लू प्रधान, विनोद प्रधान, बबलू प्रधान, जितेंद्र प्रधान, सुदामा प्रधान, बलराम प्रधान, विक्रम प्रधान आदि शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में बड़ा खटंगा नवटोली निवासी प्रियांशु बड़ाइक की मौत हो गयी

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र करंजटोली के समीप मोटरसाइकिल सड़क दुर्घटना में बड़ा खटंगा नवटोली निवासी प्रियांशु बड़ाइक की मौत हो गयी। जबकि नितेश उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में इलाज के बाद गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही प्रियांशु बड़ाइक के शव को पुलिस पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रियांशु और नितेश बाइक से घाघरा की ओर से अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में करंजटोली चौक के समीप बिजली के पोल से जा टकराया। जिससे दोनों घायल हो गये। दोनों को 108 एंबुलेंस की मदद से घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने प्रियांशु बड़ाइक को मृत घोषित कर दिया।

## जिले में लगातार प्रशासन की कार्रवाई के बावजूद निरंतर नहीं हो रहा है बालू का अवैध धंधा




**गुमला (आजाद सिपाही)।** पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार बालू के अवैध खनन को लेकर जिले में सख्ती से कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही ट्रैक्टर को जप्त कर करवाई भी की जा रही है। बावजूद बालू माफिया बेधड़क बालू का अवैध धंधा कर रहे हैं। रविवार को जोलो पुल के नीचे से कई ट्रैक्टर बालू लोड कर गुजरते देखे गये। कुछ ट्रैक्टर नदी में बालू लोड कर रहे थे। बालू माफियाओं द्वारा पुल के नीचे पिलर के समीप से बालू का उठाव किया जा रहा है, जिससे करोड़ों की लागत से बने पुल के कमजोर होकर धराशाई होने की संभावना भी है। वही सुनसान स्थलों पर बालू की डंपिंग की जा रही है। जिसे गुमला जिला सहित रांची भी भेजा जाता है। जहां हाइवा से बालू को रांची भेज कर ऊंचे दामों में उसकी बिक्री की जाती है। पत्रकारों द्वारा कई ट्रैक्टर चालकों को पुल पर ही रोक कर पूछताछ करने पर बताया कि बालू का अवैध रूप से उठाव किया जा रहा है। बालू का कोई चालान नहीं है साथ ही चालकों द्वारा ट्रैक्टर मालिकों का नाम भी बताया गया। वही चालकों के पास ड्राइवर लाइसेंस तक नहीं है। साथ ही कई ट्रैक्टर में नंबर प्लेट भी नजर नहीं आया। एक ट्रैक्टर मालिक ने नाम नहीं उजागर करने की शर्त पर बताया जिले के दो पदाधिकारी को नजराना भी भेजा जाता है।

## झारखंड राज्य दफादार चौकीदार की बैठक घाघरा बाजारटाड़ में आयोजित



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार की बैठक घाघरा बाजारटाड़ में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता घुड़ा उरांव ने किया। बैठक में सर्व समिति से घाघरा अंचल कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष घुड़ा उरांव, उपाध्यक्ष कमल यादव, सचिव शंकर उरांव, कोषाध्यक्ष सुरेश गोप को बनाया गया। साथ ही मनोरमा देवी, सुनीता देवी, जीरा देवी, एवरतुष लकड़ा, बंदे गोप, मुकेश महतो, रामचंद्र बड़ाइक, जवाहर उरांव, जगरों भगत, वासुदेव उरांव को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि चौकीदारों के रिक्त पदों पर गुमला जिला में अवैध नियुक्ति की गयी है। जिसे तत्काल रद्द किया जाये। झारखंड चौकीदार के नियमावली में उल्लिखित प्रावधानों का अनुपालन नहीं हुआ है और इसका सीधा बुरा असर जनोहित और राज्यहित पर पड़ेगा। चौकीदारों से चौकीदारी मैन्युअल और राज्य सरकार द्वारा दिये गये निर्देशो का गुमला जिला अनुपालन नहीं हो रहा है। ड्यूटी के संबंध में सिंह ने गुमला के पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि राज्य सरकार द्वारा दिये गये निर्देश और चौकीदारों में मैनुअल के अनुसार ही ड्यूटी चौकीदारों से करने का थाना प्रभारी को निर्देश दें। बैठक में भैयाराम तुरी, बंधन उरांव, राजेंद्र उरांव, तुलसी महतो, सुमेश्वर बड़ाइक, किशोर यादव, करमा उरांव सहित कई चौकीदार शामिल थे।

## राजनील तिग्गा बनाये गये सांसद प्रतिनिधि, कांग्रेसियों ने दी बधाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के लोकप्रिय मृदुभाषी युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा को सांसद सुखदेव भगत ने गुमला जिले के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने राजनील तिग्गा को बधाई दी है। राजनील कांग्रेस के पूर्व युवा अध्यक्ष के साथ-साथ पीसीसी डेलिकेट सह सिसई विस प्रभारी रह चुके है। रमेश कुमार ने कहा कि राजनील जैसे उजार्वान और समर्पित कार्यकर्ता को प्रतिनिधि बनाये जाने से जिले में आशा की एक किरण दिखाई दे रही है। रजनील के प्रयास से निश्चित विकास योजनाएं भी धरातल पर उतरेंगी और पार्टी भी सशक्त होगी। बधाई देने वालों में दीपनारायण उरांव, रोहित उरांव, मानिकचंद साहू, मुरली मनोहर प्रसाद, हेमावती लकड़ा, अकील रहमान, जय सिंह, दीपक विश्वकर्मा, सीता देवी, गुलाम सरवर, हिमेश कुमार, अमर प्रदीप कुजूर व अरूण गुप्ता आदि के नाम शामिल हैं।

# चैंबर की नयी टीम गठित, नये अध्यक्ष और नयी टीम को दिलायी गयी शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता





**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स का शपथ ग्रहण समारोह रविवार की संध्या कई पूर्व अध्यक्षों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। स्वागत भाषण देते हुए चुनाव प्रभारी रमेश कुमार चीनी ने कहा कि चेंबर एक ऐसी संस्था है जो व्यापारियों के हितों की रक्षा करता है। और उनकी समस्याओं का समाधान ढूंढता है। हमारे नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश सिंह से यह आशा है कि वह चेंबर ऑफ कॉमर्स के संगठन को मजबूत करेंगे और उन्हें एक ऊंचाई तक ले जायेंगे। राजेश सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद यहां के व्यापारियों ने उनसे बहुत सारी उम्मीदें लगायी हैं उनकी टीम और उनके सहयोगी सभी निष्ठा पूर्वक चेंबर ऑफ कॉमर्स का मान रखेंगे। यह उम्मीद है शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश सिंह को शपथ दिलायी गयी और उनके साथ राजेश लोहानी और अभिजीत कुमार जायसवाल को उपाध्यक्ष बनाया गया। बबबलू वर्मा एक बार फिर सचिव बनाये गये। सह सचिव प्रणय कुमार साबू को बनाया गया। कोषाध्यक्ष अमित मंत्री गोलू को बनाया गया। वहीं आदित्य कुमार गुप्ता और प्रतीक कुमार अग्रवाल पीआरओ चुने गये। इन्हे प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 21 सदस्यीय करकारिणी में दिलीप कुमार गुप्ता, राजेश कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, पंकज खंडेलवाल, प्रतिक कुमार अग्रवाल (सोनू), प्रणय कुमार साहू (बिट्टू), राहुल केशरी, अनिकेत कुमार, नीरज कुमार गुप्ता, राजेश लोहानी, अभिजीत कुमार जयसवाल (रॉकी), गुरमीत सिंह, आदित्य कुमार गुप्ता, गुन्नू शर्मा, अमित मंत्री (गोलू), बबलू वर्मा, अमित मंत्री , सोनू एचडी (अभिषेक कुमार), शंकर लाल साहू, संजीव शर्मा, बाबू गुडलक (योगेश शर्मा) को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। त्तपश्चात इन्हे ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक कार्य कराने की शपथ दिलायी गयी। मौके पर दामोदर कसेरा, सत्यनारायण पटेल, दिनेश अग्रवाल, हिमांशु केशरी, दीपनारायण उरांव, निर्मल गोयल, महेश लाल, अनमोल गुप्ता, शशि प्रिय बांटी, आनद गुप्ता, साहित कई लोग शामिल थे।

## डीआइजी रविंद्र भगत शोकाकुल परिवार से मिलकर बंधाया ढाढ़स



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** सीआरपीएफ डीआइजी रविंद्र भगत ने घाघरा स्थित घर में शोकाकुल बॉबी भगत और उनके परिवार वालों से मुलाकात किया और ढांढस बंधाया। इस क्रम में सीआरपीएफ डीआइजी ने बॉबी भगत से उनके बड़े पुत्र की आत्महत्या की घटना की जानकारी ली। बॉबी भगत ने कहा कि किसी भी तरह की कोई भी बातचीत कोई भी विवाद घर परिवार में नहीं था। बावजूद पुत्र ने इस तरह का घटना को अंजाम दिया। जो एक गहरा चोट और सदमा दे गया है। वही सीआरपीएफ डीआइजी रविंद्र भगत ने कहा कि यह परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। इस दुःख की घड़ी में मैं पूरे परिवार के साथ खड़ा हूं। मौके पर सीआरपीएफ डीआइजी की धर्मपत्नी नीरू भगत, जोगेंद्र भगत, अनिल उरांव, कामख्या भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सुरुंडु नवा टोली में डायन का आरोप लगाकर तीन लोगों ने महिला के साथ की मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरुंडु नवा टोली गांव में रविवार दिन के 2 बजे गांव के ही दो व्यक्ति और एक महिला ने मिलकर 46 वर्षीय महिला के साथ मारपीट की उसे डायन बताकर बाल को नोचते हुए लाठी डंडों और लात घुसो से पिटाई की गयी। जिसके बाद एक व्यक्ति ने उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। महिला की बेटी घटनास्थल पहुंची। जिसके बाद वह मोबाइल से घटना का फोटो खींचने लगी। तब बाद आरोपी उसे छोड़कर भाग गये। इसके बाद महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा ले जाया गया। जहां इलाज के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले को लेकर कामडारा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गयी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महिला बकरी चराने घर से कुछ दूर बगीचा की ओर गयी थी। इसी क्रम में वह एक पेड़ से बकरियों को खिलाने के लिए पत्ता तोड़ रही थी। तभी तीन लोग वहां पहुंचे जिसमें दो पुरुष और एक महिला शामिल है और महिला को डायन बिसाही कहते हुए मारपीट करने लगे। वही मौके पर एक व्यक्ति के द्वारा जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। महिला ने बताया कामडारा थाना में आवेदन दिया गया है लेकिन आरोपियों अब तक कार्रवाई नहीं की गयी है। महिला ने बताया आरोपियों द्वारा पता तोड़ रहे पेड़ को अपना बताया जा रहा था जबकि वह पेड़ हमारा है। फिलहाल महिला का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## कांग्रेसी और झामुमो जन प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कांग्रेस गठबंधन दल के गुमला जिला के नेता आफताब आलम लाडले, मिनहाज खान, कलाम आलम और झामुमो के उमर फारूक अंसारी ने मुख्यमंत्री से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। गुमला के इस प्रतिनिधी मंडल ने गुमला जिला की कई समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रक्खा।

इन्होंने जिला के प्रशासनिक पदाधिकारियों और जनता के बीच व्यवहारों के बारे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जनकारी दी। राज्य के मुखिया ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि राज्य के लोगों की समस्याओं का पूरा ध्यान रखा जायेगा। जल्द ही समस्यायों का समाधान किया जायेगा।

## बिशुनपुर में हाथी का उत्पात जारी, कई लोगों का थोड़ा घर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** झूंड से भटक कर पहुंचे एक हाथी का उत्पात दूसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार कि रात प्रखंड क्षेत्र के गढ़हा केचकी गांव में तीन लोगों का घर क्षतिग्रस्त करने के बाद शनिवार की रात कश्मार क्षेत्र पहुंचा। जहां जानहू पाठ जंगल होते हुए घाघरा पंचायत के घाघरा गांव पहुंचा, जहां कैलाश मुनी देवी के घर का दीवार और पंचायत सचिवालय में लगे लोहे का में गेट को तोड़ते हुए बनालात पहुंचा। और सुकांति देवी, रामप्रकाश उरांव रामे उरांव, बाल मोहन खेरवार और बोरहा गांव निवासी सरबजीत खेरवार निरासी के मिटकु उरांव, प्रदीप उरांव, कुमारी गांव के कालेश्वर उरांव सहित एक दर्जन घरों को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखा अनाज खा गया। इधर हाथी को ट्रेस करते हुए रात में ही फॉरेस्टर किशोर नंद कुमार अपने टीम के साथ गांव पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से सुरक्षित जंगलों की ओर हाथी को भेजने का प्रयास करते रहे। जिसके उपरांत हाथी लातेहार जिला अंतर्गत जंगलों में फिलहाल प्रवेश कर गया गया है। इधर पीड़ितों ने तत्काल वन विभाग से मुआवजा का मांग किया है ताकि जीवन यापन सुचारू हो सके।

### वन विभाग ने गांव वालों को किया जागरूक

झूंड से भटक कर पहुंचे हाथी के द्वारा घरों को क्षतिग्रस्त करने के बाद बनारी रेंज फॉरेस्टर अपने टीम के साथ कश्मार क्षेत्र के विभिन्न गांव में पहुंच कर गांव के ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि हाथी जिस रास्ते से गया है उसे रास्ते से वापसी भी हो सकता है, अगर हाथी दोबारा गांव में प्रवेश करता है तो उसे भीड़ लगाकर भगाने का प्रयास न करें। वन विभाग के लोग हाथी को लगातार ट्रेस करने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान वन विभाग के द्वारा गांव के लोगों को मसाल और अन्य सुरक्षा से संबंधित किट का वितरण किया गया है। उन्होंने पीड़ितों को कहा है कि क्षतिग्रस्त घरों का आकलन किया जा रहा है, जल्दी प्रक्रिया के बाद आप सभी को मुआवजा प्राप्त होगी।

## कामडारा में पत्थर और लकड़ी की तस्करी




आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा जंगलों से कौन कर रहा है वन संपति की चोरी प्रशासन को भनक तक नहीं। कामडारा प्रखंड क्षेत्र के जरिया, कोंडेकेरा के जंगलों से वन के इमारती सखुआ की लकड़ी की कटाई कर चोरी छिपे ले जाया जा रहा है। वहीं जंगल के पहाड़ों का अवैध खनन भी किया जा रहा है, जिसकी प्रशासन को भनक तक नहीं है। यहां बताना चाहेंगे की जहां सरकार राज्य के लिए राजस्व बढ़ाने की जुगत में है वहीं कामडारा प्रखंड में राज्य की राजस्व में सेंधमारी कर इसकी चोरी बदस्तूर किये जा रहे हैं। इन दिनों चोरी छिपे हो रही पत्थरों की अवैध उत्खनन से अब पहाड़ों के अस्तित्व पर संकट आने लगी है। प्रखंड मुख्यालाय से पूरब दिशा में स्थित जरिया और कोंडेकरा जंगल अवस्थित है जहां मोटे सखुआ के पेड़ काटा जा रहा है।

वैसे तो इन जंगलों में ग्रामीणों का आना जाना लगा ही रहता है, लेकिन इस विषय में कोई भी बताते नहीं हैं। जंगल की इस अवैध खनन और पेड़ की कटाई से इसकी सुंदरता तो खोती जा ही रही है। साथ में राज्य की राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। अवैध रूप से जंगल में हो रहे उत्खनन और पेड़ की कटाई मामले पर कांग्रेस नेता अजीत गुड़िया और कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रशासन को इन अवैध काम को तुरंत रोक लगाये। साथ उस अज्ञात व्यक्ति को चिन्हित कर कानूनी कारवाई करे। चूंकि इस तरह के कृत से वन की सुंदरता खोती जा रही है, साथ सरकारी राजस्व की क्षति भी हो रही है।

## उपायुक्त ने सर्प दंश के बाद जान बचाने वाले एंटी-स्नेक वेनम अस्पतालों में कराया उपलब्ध

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में सर्प दंश की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम और इलाज के लिए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के सभी प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध कराया है। जिले के प्रखंडों में एंटी-स्नेक वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर में 114 एंटी-स्नेक वेनम और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पालकोट में 164 एंटी-स्नेक वेनम अभी उपलब्ध हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो में 12 एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध हैं। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में 19 एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध हैं। रेफरल अस्पताल सिसई में 72 एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध हैं। और सदर अस्पताल गुमला में 105 एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध हैं। रेफरल अस्पताल बसिया में 49 एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में 50 एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध हैं।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी-जरी में 20 एंटी-स्नेक वेनम और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो में 12 एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सर्प दंश की किसी भी घटना में तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जायें और आवश्यक चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। समय पर उपचार से जान बचाई जा सकती है और गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है।

## बड़ाइक समाज ने किया वनभोज कार्यक्रम



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के बालाघाट में रविवार को बड़ाईक समाज के लोगों ने की बैठक, सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष श्यामसुंदर बड़ाईक ने की। बैठक में चंद्रमोहन बड़ाईक ने समाज के लोगों संगठित होने का आह्वाहन किया। समाज के लोगों में एकता नहीं होगा तो सभी इस्तेमाल करते रहेंगे। आगे उन्होंने कहा की समाज के लड़का लड़की की शादी-ब्याह के विषय में सभी एक दूसरे के संपर्क में कर लेते हैं। ये नहीं होना चाहिये। वहीं कुटूम आज कहीं न कहीं भटक जाते है, लेकिन कुटूम गंगा होता है। कुटूम गंगा के साथ सारे निर्णय हो तो निश्चित हमारे सामाज का विकास होगा, लेकिन आज हमारा समाज सिर्फ फायदे में भटक गया है। कार्यक्रम में सतीश बड़ाईक, रामबालक बड़ाईक, संजय बड़ाईक, उपेंद्र बड़ाईक, महावीर बड़ाईक, चौथा बड़ाईक, संतु बड़ाईक, बहुरा बड़ाईक, शांति बड़ाईक, रंथी देवी, रामदुलार बड़ाईक समेत समाज के महिला-पुरूष मौजूद थे।

# पलामू के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में छापामारी, शराब सहित कई आपत्तिजनक सामान बरामद, छात्रों ने टीम को बंधक बनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के ब्यॉज एंड गर्ल्स हॉस्टल में छापामारी हुई। इस दौरान हॉस्टल के कमरों से शराब के अलावा कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। वहीं, छापामारी के बाद मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने जमकर हंगामा किया। मेडिकल हॉस्टल में रहने वाले छात्रों ने प्रशासनिक टीम को बंधक बना लिया था। प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। बतातें चलें कि पलामू के सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा स्थित मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में सदर एसडीएम आइएएस सुलोचना मीणा के नेतृत्व में छापामारी की गई। हॉस्टल के 15 कमरों की तलाशी ली गई जिसमें गांजा के साथ ही शराब की कई बोतलें बरामद की गईं। मेडिकल कॉलेज में छापामारी के बाद हॉस्टल में रहने वाले छात्र आक्रोशित हो गए। एकजुट होकर प्रशासनिक टीम व कॉलेज के प्राचार्य को बंधक बना लिया। इस दौरान कुछ लोगों के मोबाइल से फोटो भी डिलीट कर दिए गए। सदर एसडीएम ने छापामारी की पुष्टि की। कहा कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। उधर, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ पारस नाथ महतो ने बताया कि छापामारी की सूचना मिलने के बाद वे मेडिकल कॉलेज पहुंचे। छात्रों ने सभी को कुछ देर तक बंधक बनाकर रखा था। छापामारी में क्या सामान बरामद हुआ, इसके बारे में उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं है। प्रशासनिक टीम को मामले की जानकारी है। वे भी अपने स्तर पर मामले की जांच कर रहे हैं। वहीं, एसडीएम सदर सुलोचना मीणा ने कहा कि मामले में रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। पूरी रिपोर्ट नारकोटिक्स को भेजी जाएगी, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। आबकारी विभाग और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को भी मामले की जांच करने को कहा गया है। गौरतलब हो कि मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद यह पहली छापामारी है। मेडिकल कॉलेज का हॉस्टल सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा में है, जबकि इसका अस्पताल टाउन थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल में है. मेडिकल कॉलेज में 250 से अधिक छात्र-छात्राएं एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं।

# प्राइवेट स्कूलों के लिए संगठन हमेशा तत्पर रहेगा : अविनाश

## झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने मनाया 8वां स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत गुरुकुल विद्या निकेतन आवासीय विद्यालय परिसर में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड का आठवां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिशा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा, संगठन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सतीश अग्रवाल, सिकंदर अजाम, आनंद कुमार और वीरेंद्र दुबे आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें दर्जनों प्राइवेट स्कूलों के निदेशक व प्रतिनिधि ने भाग लिया। वहीं छात्रों की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जो मुख्य आकर्षण रहा। इस अवसर पर दिशा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा ने बताया कि यह संगठन छोटे और बड़े सभी निजी स्कूलों की समस्याओं को उठाने और उनके समाधान के लिए कार्यरत है। संगठन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि निजी विद्यालय संगठन में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन स्कूल संचालन में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहता है। वहीं सतीश अग्रवाल ने कहा कि संगठन प्राइवेट स्कूल का सहयोग से समाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़ कर योगदान दे रही हैं। संगठन ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच गर्म वस्त्र बी बांट रहा है। साथ ही समाज में कोई भी परेशानी दिखाई देती हैं तो उसमें बढ़ चढ़कर सहयोग भी करती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का जो प्राइवेट स्कूल को लेकर नियम कानून है उसमें संशोधन करने की जरूरत है, तभी प्राइवेट स्कूल नियम कानून का पालन करने में सक्षम हो पाएगी। सदस्य सिकंदर अजाम ने कहा कि सरकार प्राइवेट स्कूल के लिए कई प्रकार के नियम कानून बनाए हैं लेकिन सरकारी स्कूल में ही नियम कानून को ताक पर रख कर स्कूल संचालित होता है। सरकारी स्कूल से बेहतर सुविधा और शिक्षा अभी के दौर में प्राइवेट स्कूल दे रही हैं। वहीं अनिल कुमार ने कहा कि प्राइवेट स्कूल का हर बच्चा शिक्षा ग्रहण कर अधिकारी व डॉक्टर इंजीनियर बनकर अपना स्कूल, गांव व जिला का नाम रोशन कर रहा हैं। अगर सरकार नियम कानून में संशोधन नहीं करती है तो बच्चे शिक्षा से कोसों दूर हो जाएंगे और युवा शिक्षक प्राइवेट स्कूल बंद होने से बेरोजगार हो जाएगा। इस मौके पर शशिरंजन कुमार, आशुतोष कुमार, चंदन सिंह, विकाश कुमार, उमेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अमित आनंद, रमाकांत उपाध्याय आदि थे।

## प्रखंड अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्य का शिलान्यास

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 10 अंतर्गत अंबा गांव के समीप देवी स्थान से आरईओ रोड तक रविवार को पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस दौरान हरिहरगंज- हुसैनाबाद के क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव के निर्देश पर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव और संवेदक अजय सिंह के साथ ही कई राजद नेताओं और झामुमो जिला उपाध्यक्ष अतहर हुसैन की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। राजद प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि सड़क के निर्माण होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कार्य के संवेदक से गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण करने का सुझाव दिया।

## हुसैनाबाद के विधायक से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

# विश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** कांग्रेस के वरीय जिलाउपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को राजद प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के विधायक संजय सिंह यादव से मिला। उन्होंने विधायक को एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसके माध्यम से विश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने की मांग की गयी है। संतोष कुमार चौबे ने विधायक को बताया कि विश्रामपुर अनुमंडल बनने की सारी आहर्ता पूरी करता है। अनुमंडल बनवाने की मांग भी वर्षों पुरानी है। उन्होंने विधायक से विश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने में मदद करने की अपील भी की।



हुसैनाबाद के विधायक संजय सिंह यादव से मुलाकात करता कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल।

इस पर विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को राज्य सरकार तक पहुंचायेंगे। सरकार जनभावनाओं के अनुरूप फैसला लेगी। प्रतिनिधिमंडल में ऊंटारी रोड प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह,शैलेश चौबे,आलोक चौबे सहित कई कांग्रेसी नेता शामिल थे।

## छतरपुर में मार्बल-टाइल्स शोरूम का उद्घाटन

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के भव फैक्ट्री के समीप उन्नति मार्बल और टाइल्स शोरूम का शुभारंभ हुआ। शोरूम के संचालक दौलत सोनी के परिवार के मुखिया विजय प्रसाद सोनी और उनकी मां कुसुम देवी ने शोरूम का उद्घाटन किया। शोरूम के प्रोपराइटर दौलत सोनी और दीपक सोनी ने बताया कि इस इलाके से उनका पुराना लगाव रहा है, जिससे यहां व्यापार करना उनके लिए सहज होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के लोगों को उच्चतम गुणवत्ता का मार्बल और टाइल्स हमेशा बेहतर सेवा के साथ उपलब्ध कराया जाएगा।

## पंचायत स्वयंसेवक संघ का हुआ पुनर्गठन, राहुल सिंह बने अध्यक्ष



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक रोड स्थित पंच सरोवर मंदिर परिसर में रविवार को पंचायत स्वयंसेवक संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राहुल सिंह ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से संगठन का पुनर्गठन किया गया। जिसमें राहुल सिंह को अध्यक्ष, जहेंद्र कुमार को सचिव, दिलीप कुमार रवि को उपाध्यक्ष, प्रेमशीला कुमारी को कोषाध्यक्ष, जितेंद्र कुमार चौधरी, कृष्णा यादव, मशुद आलम को मीडिया प्रभारी के रूप में चयन किया गया। इस मौके पर राकेश पासवान, जितेंद्र पासवान, विक्रम रंजन, सुधीर शर्मा, नीलम कुमारी, निकी कुमारी, गोपाल राम, हर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे। वहीं, नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष राहुल सिंह ने कहा कि पंचायत स्वयंसेवक संघ का सांगठनिक विस्तार किया जाएगा। पंचायत स्वयंसेवक के हक और अधिकार के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

# बोकारो में नियुक्त 150 चौकीदारों में से अधिकतर की ड्यूटी गांवों की जगह लगा दी गयी है शहर में

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो में नियुक्त 150 चौकीदारों में से अधिकतर की ड्यूटी गांवों की जगह शहर में लगाई गई है। उत्पाद विभाग के कार्यालय, सर्किट हाउस के गेट पर उन्हें तैनात किया गया है। डीसी कार्यालय के पास यातायात व्यवस्था को भी ये दुरुस्त करने में जुटे है। जिला परिवहन विभाग में 10 कर्मी तैनात हैं। इन्हें जुर्माना वसूलने व वाहनों की जांच का जिम्मा दिया गया है। डीसी कार्यालय की सामान्य शाखा में भी इनसे काम लिया जा रहा है। इनकी नियुक्ति को निकाले गए विज्ञापन में पंचायतों के रिक्त बीट पर भर्ती का जिक्र था। भर्ती के बाद तीन दिनों तक थानेदारों ने प्रखंड कार्यालय में बुलाकर इन्हें मौखिक ज्ञान दिया। सीओ व बीडीओ ने भी कई जानकारी इन्हें दी। इसके बाद वर्दी पहनाकर चुनाव में भेज दिया गया था। चुनाव समाप्ति के बाद लगा कि उन्हें पंचायतों में भेज दिया जायेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पंचायतों की जगह इन्हें अलग-अलग कार्यालयों में दायित्व सौंप दिया गया। बता दें कि 14 अक्टूबर को इन सभी ने योगदान दिया था। उधर, इस संबंध में झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि चौकीदारी सबसे पुरानी प्रशासनिक व्यवस्था है। इसे समाप्त करने की साजिश चल रही है। जिस बीट के स्थायी निवासी चौकीदार नहीं है उस बीट के बारे में कभी भी वह सही सूचना नहीं दे सकते हैं। मैनुअल व राज्य सरकार के आदेश के अनुसार ही उनसे ड्यूटी ली जा सकती है। नौ जनवरी को डीसी कार्यालय के पास धरना दिया गया था। उस समय हमने देखा कि 10 चौकीदारों से ट्रैफिक ड्यूटी कराई जा रही थी। चंदनकियारी थाना में इनसे झाड़ू लगवाया जा रहा है। नियम बनाने का अधिकार जिले में किसी को नहीं है। नियम सरकार बनाती है। सरकार के आदेश का यह उल्लंघन है। चौकीदारी व्यवस्था से छेड़छाड़ किया जा रहा है। इससे जनहित व राज्य हित दोनों प्रभावित होगा। बहुत जल्द इसको लेकर मुख्यमंत्री से मिलूंगा।

# पलामू एसपी ने विश्रामपुर और रेहला थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे व रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर पुरष्कृत किया है। दोनों थाना प्रभारी को यह प्रशस्ति पत्र विधानसभा चुनाव के दौरान बेहतर कार्य करने पर दिया गया है। उक्त दोनों थाना प्रभारियों ने विस चुनाव 2024 को अपने अपने थाना क्षेत्र में शांति पूर्ण संपन्न कराने में अहम भूमिका निभायी थी। विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि सम्मान आगे भी और बेहतर करने की प्रेरणा देता रहेगा। रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि पुलिस कप्तान से मिला यह प्रशस्ति पत्र सेवा कार्य की एक बड़ी उपलब्धि है।

## गौतम सिंह बने पाल्हे के पैक्स अध्यक्ष

**मेदिनीगर (आजाद सिपाही)।** पाटन के पाल्हे पैक्स का चुनाव गौतम सिंह ने जीत लिया हैं। गौतम सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अरूण सिंह को 59 मतों से पराजित किया। गौतम को 140 और अरूण सिंह को 81 मत मिले। इस पद के लिए कुल चार उम्मीदवार मैदान में थे। दो अन्य उम्मीदवारों में अमरेंद्र सिंह को 22, वशिष्ठ नारायण सिंह को आठ मत मिले। निवार्ची पदाधिकारी निशिकांत ठाकुर ने विजय का प्रमाण पत्र दिया।

## प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन ने मनाया स्थापना दिवस

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन झारखंड की हुसैनाबाद इकाई की ओर से स्थानीय समता स्कूल में 8 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन डॉ जीतेन्द्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में सर्वोदय विद्या भारती, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, राज पब्लिक स्कूल, सनशाइन प्ले स्कूल, समता स्कूल, श्री मां बाल विकास विद्यालय, लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल, सक्सेस पब्लिक स्कूल, ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, शिशु विद्यालय इंटवा आदि के निदेशक शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी लोगों ने क्षेत्र में स्वच्छ शैक्षणिक माहौल की दिशा में बेहतर करने की बात कही। उपस्थित लोगों ने एसोसिएशन को सशक्त बनाने के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी। मौके पर प्रो शीला सिन्हा, डॉ निरंजन प्रसाद, राज कुमार, मनोज कुमार प्रजापति, डॉ अक्षय कुमार चौहान, कृष्णा उर्फ कुंदन तिवारी, जयराम राम, मो नासिर, शषिकेश कश्यप, आशीष कुमार व दशरथ कुमार आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने विजयी आगाज किया। रविवार को टीम ने वेस्टइंडिज को नौ विकेट से हराकर कुआलालंपुर में जीत से शुरूआत की।

## अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप 2025: मलेशिया को हरा श्रीलंका ने भी दर्ज की जीत

# भारत ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से पहला मैच हराया

**कुआला लंपुर (एजेंसी)।** अंडर-19 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने विजयी आगाज किया है। रविवार को टीम ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हरा दिया। कुआला लंपुर में विंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए महज 44 रन ही बना सकी। जिसे भारत ने महज 4.2 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।



### 13.2 ओवर में सिमट गयी विंडीज विमेंस

भारत की कप्तान निकी प्रसाद ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने शुरूआती तीन ओवर में एक भी विकेट नहीं गंवाया था। चौथे ओवर में कप्तान समारा रामनाथ तीन रन बनाकर आउट हुईं। उस वक्त टीम का स्कोर 10 रन था। यहां से वेस्टइंडीज का बिखरना शुरू हो गया। टीम से ओपनर असाबी कैलेंडर ने 12 और केनिका कासार ने 15 रन बनाए। वेस्टइंडीज की 5 बैटर्स खाता भी नहीं खोल सकीं, वहीं 4 बैटर्स 5 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाईं। इस तरह टीम 13.2 ओवर में 44 रन बनाकर ऑलआउट हो गयी। भारत से पारुणिका सिसोदिया ने 7 रन देकर 3 विकेट लिए। वीजे जोशिथा ने 5 रन देकर 2 और आयुषी शुक्ला ने 6 रन देकर 2 विकेट लिए। जबकि तीन बल्लेबाज रनआउट हुए। दूसरी ओर, 45 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया विमेंस के लिए गोंगडी त्रिषा ने पहली बॉल पर चौका लगाया। हालांकि, वह दूसरी ही गेंद पर जाहजारा क्लैक्सटन को विकेट दे बैठीं। उनके बाद विकेटकीपर जी कमलिनी ने 13 गेंद पर 16 और सानिका चाल्के ने 11 गेंद पर 18 रन बनाए। टीम ने महज 4.2 ओवर में 47 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया।

### मलेशिया 23 रन पर ऑलआउट

ग्रुप ए के दूसरे मुकाबले में श्रीलंका विमेंस ने 139 रन से जीत दर्ज की। टीम ने कुआलालंपुर में ही पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 162 रन बनाए। दहामी सानेथमा ने फिफ्टी लगाई। जबकि मलेशिया की टीम 14.1 ओवर बैटिंग कर 23 रन ही बना सकी। 6 बैटर्स खाता भी नहीं खोल पाईं, वहीं हाईएस्ट इंडिविजुअल स्कोर सात रन रहा।

### पॉइंट्स टेबल में टॉप पर भारत

पहला मैच जीतकर भारत ने ग्रुप-ए के पॉइंट्स टेबल में पहला स्थान भी हासिल कर लिया। श्रीलंका के भी भारत के बराबर 2 पॉइंट्स हैं, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण इंडिया विमेंस टीम पहले नंबर पर है। टीम का दूसरा मैच अब 21 जनवरी को कुआला लंपुर में ही होम टीम मलेशिया के खिलाफ होगा। टीम 23 जनवरी को श्रीलंका के खिलाफ तीसरा मैच खेलेगी। बतातें चलें कि टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। 4-4 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। हर ग्रुप से 3-3 टॉप टीमें सुपर-6 राउंड में जाएंगी। यहां 6-6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। फिर हर ग्रुप से 2-2 टॉप टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। दो फरवरी को फाइनल खेला जाएगा।

# विक्टर एक्सेलसेन बने इंडिया ओपन में पुरुष एकल के विजेता

**महिला खिलाड़ियों में आन से यंग ने मारी बाजी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले विक्टर एक्सेलसेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीत लिया। एक्सेलसेन इससे पहले 2017 और 2019 में भी यहां चैंपियन रह चुके हैं। वहीं, महिलाओं में आन से यंग ने बाजी मारी और एकतरफा फाइनल में महिला एकल वर्ग का खिताब जीतने में सफल रहीं। एक्सेलसेन ने पुरुष एकल में पिछले साल के उपविजेता हांगकांग के ली चेउक यियू को 21-16, 21-8 से हराया। दो बार के विश्व चैंपियन एक्सेलसेन ने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 के शुरूआती दौर में इस प्रतिद्वंद्वी से मिली शिकस्त की निराशा को पीछे छोड़ दिया। पिछले सत्र के उपविजता ली लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचने के बावजूद खिताब जीतने का सपना पूरा नहीं कर सके। हांगकांग ओपन 2019 के इस चैंपियन ने पहले गेम में 6-3 की बढ़त के साथ अच्छी शुरूआत की, लेकिन एक्सेलसेन ने वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बना ली। ली ने इसके बाद संघर्ष करना जारी रखा लेकिन एक्सेलसेन की बराबरी नहीं कर सके। एक्सेलसेन ने पांच गेम प्वाइंट हासिल किए और ली का शॉट कोर्ट से बाहर जाने के साथ ही उन्होंने पहले गेम को जीत लिया। दूसरे गेम में उन्होंने लगातार नौ अंक जुटाते हुए 10-6 की बढ़त को 19-6 में बदलकर ली के आत्मविश्वास को तोड़ते हुए आसानी से इस गेम को जीतकर मैच व खिताब जीत लिया।

### आन यंग ने पी चोचुवोंग को दी आसानी से मात

महिला एकल में आन से-यंग ने टूर्नामेंट में अपना प्रभावशाली खेल जारी रखते हुए पी चोचुवोंग को आसानी से 21-12, 21-9 से हरा दिया। गोह सेज फेई और नूर इजुद्दीन की मलेशिया की पुरुष जोड़ी ने खिताबी मुकाबले में किम वोन हो और सियो सेउंग जे की कोरियाई जोड़ी को 21-15,13-21, 21-16 से हराया । मलेशिया की इस जोड़ी ने सेमीफाइनल में भारत के सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पराजित किया था।

## बेरमो विधायक ने सुभाष नगर में सड़क निर्माण कार्य की रखी आधारशिला

# बेरमो का संपूर्ण विकास करना मेरी प्राथमिकता : कुमार जयमंगल सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरो/बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने विकास योजनाओं को गति देते हुए फुसरो नगर परिषद के चार नंबर वार्ड में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण करके किया। उक्त सड़क सुभाष नगर सविता मेडिकल से दुर्गा मंदिर होते हुए पुराना सुभाष नगर शिव मंदिर तक जाएगी। यह ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के तहत लगभग 32 लाख रुपए की लागत से संवेदक शिवकुमार पॉल द्वारा निर्माण करवाया जाएगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह सड़क काफी जर्जर स्थिति में थी। स्थानीय लोगों की मांग पर यह सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों की समस्या को सुना और निजात दिलाने का भरोसा भी दिया। कहा कि किसी को भी कोई समस्या हो तो मुझे बतायें, मैं हर संभव मदद के लिए तैयार हूं। अपने पिता स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह के आदर्शों पर चलते हुए बेरमो विधानसभा का संपूर्ण विकास करना मेरी प्राथमिकता है। इस मौके पर नप के पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, पूर्व पार्षद गणेशलाल पातर, शरण सिंह राणा, राजेंद्र अग्रवाल, जमिल अख्तर, आरपी राजू, दिनेश सिंह, टुल्लू सिंह, अनिल कुमार, शूकर कपरदार, हरिलाल महतो और संवेदक शिव कुमार पॉल आदि उपस्थित थे।


पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास करते बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह।

# एलआइसी के राष्ट्रीयकरण दिवस पर बीमा कर्मचारी संघ के सदस्यों ने बनायी मानव श्रृंखला

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जीवन बीमा (एलआइसी) के 70वें राष्ट्रीयकरण दिवस पर बीमा कर्मचारी संघ की धनबाद शाखा के सदस्यों में रविवार को रणधीर वर्मा चौक पर मानव श्रृंखला बनाई। इसमें शामिल बीमा कर्मचारी संघ, हजारीबाग के मंडल अध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने कहा कि 19 जनवरी 1956 को ही भारतीय जीवन बीमा व्यवसाय के राष्ट्रीयकरण की दिशा में पहला कदम उठाया गया था। जीवन बीमा अध्यादेश की घोषणा के माध्यम से, सभी बीमा कंपनियों के नियंत्रित व्यवसाय का प्रबंधन तत्काल प्रभाव से केंद्र सरकार को सौंप दिया गया था। तत्कालिन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने संसद में घोषणा की थी कि जीवन बीमा का राष्ट्रीयकरण समाजवादी समाज की ओर हमारे मार्च में एक महत्वपूर्ण कदम है। वास्तव में यह देश की आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण के प्रयास में एक ऐतिहासिक क्षण था। 1956 से ही एलआइसी राष्ट्र निर्माण गतिविधियों के लिए भारी निवेश प्रदान कर भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य कर रही है। वहीं, पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने सही कहा था कि एलआइसी हर आर्थिक गतिविधि में सरकार की भागीदार रही है। अपने आदर्श वाक्य जनता का पैसा जनता के लिए के अनुरूप, एलआइसी ने 31 मार्च 2024 तक बड़े पैमाने पर समुदाय के लाभ के लिए 51 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इसने अब तक केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिभूतियों और आवास, बिजली, सिंचाई, सड़क और पुल, रेलवे आदि के लिए निवेश के रूप में 34,38,020 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। 24 वर्षों से अधिक समय तक 23 निजी कंपनियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के बाद भी, एलआइसी 70 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ आगे बढ़ रही है। हर मिनट एलआइसी 41 पालिसियां बेच रही है और दो करोड़ से अधिक नई पॉलिसियां खरीद रही है। हालांकि सरकार ने एमएनसी/निजी कंपनियों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं, फिर भी इस देश के लोग एलआइसी के पीछे पूरी तरह से खड़े हैं। भारत में जीवन बीमा क्षेत्र में वर्चस्व के साथ, इसकी 92 फीसदी से अधिक जिलों में अखिल भारतीय उपस्थिति है। दुनिया के लगभग 12 देशों में भी इसकी उपस्थिति है। गारंटीड सरेंडर वैल्यू जिसके कारण एजेंट के कमीशन का पुनर्गठन हुआ, वह विशाल एजेंसी बल और उद्योग के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा ये सभी गलत प्रस्ताव ना केवल उद्योग और उसके कार्यबल के हितों के लिए हानिकारक हैं। हमारे संगठन ने इन प्रस्तावों का तीव्र अभियान चलाकर विरोध करने का फैसला किया है। अगर सरकार अपने संसदीय बहुमत का उपयोग कर इन प्रतिगामी संशोधनों को आगे बढ़ती है तो हड़ताल के माध्यम से विरोध दर्ज कराया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शाखाओं के साथियों का योगदान महत्पूर्ण रहा।




# कर्तव्य के 13वें वार्षिक उत्सव प्रकाश में दिव्यांग बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखायी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम स्कूल के विशेष बच्चों ने रविवार को आइआइटी आइएसएम के कर्तव्य द्वारा आयोजित 13वें वार्षिक उत्सव प्रकाश में भाग लिया। इन विशेष बच्चों ने झारखंड की लोक कला की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इसमें सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विशेष बच्चों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। इस आयोजन ने ना केवल विशेष बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाया, बल्कि उनकी क्षमताओं और कला को पहचानने का एक बेहतरीन मंच प्रदान किया। पहला कदम परिवार के प्रवक्ता ने कहा हमारे दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को आयोजक ने एक प्लेटफॉर्म देकर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया है। इसके लिए सभी का आभार व्यक्त करते हैं।




# विनम्रता के बिना शिक्षा बेकार है: एसएसपी ग्रामीण




**पंडित मदन मोहन मालवीय 20वीं सदी के महान सोशल एंटरप्रेन्योर थे: प्रो प्रमोद पाठक**
**- शिक्षा सदाचार उत्तम विचार व उत्तम स्वास्थ्य को समायोजित करके होनी चाहिये : प्रो राम**

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संगठन धनबाद-आसनसोल चैप्टर ने मालवीय जयंती पर 'भारतीय संस्कृति एवं आधुनिक शिक्षा में महामना मालवीय जी का योगदान' विषय पर रविवार को धनबाद के आइआइटी-आइएसएम के जीजेएलटी सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राम कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इनके अलावा ग्रामीण एसएसपी आईपीएस कपिल चौधरी और धनबाद के जिला वन पदाधिकारी विकास पालीवाल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता झांझरा ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के जीएम आरसी महापात्र ने की। वहीं, मुख्य वक्ता के रूप में अपने संबोधन में सिंफर के पूर्व निदेशक डॉ टीएन सिंह ने मुगलों एवं अंग्रेजों द्वारा भारतीय संस्कृति एवं शिक्षा पद्धति पर किए गए प्रहार पर प्रकाश डालते हुए महामना के सामाजिक धार्मिक और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को वर्णित किया। वहीं, प्रो प्रमोद पाठक ने बताया कि पंडित मदन मोहन मालवीय 20वीं सदी के महान सोशल एंटरप्रेन्योर थे। उन्होंने 1911 में समावेशी शिक्षा और मूल्यों पर आधारित शिक्षा के अवधारणा की शिला रखी। एसएसपी ग्रामीण कपिल चौधरी ने बताया कि मालवीय जी ने समाजसेवा समाजसुधार और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिक्षा का उद्देश्य नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान होना चाहिए। उनका मानना था कि शिक्षा बिना विनम्रता के बेकार है। उन्होंने जाति और धर्म के विभाजन को दूर करने का प्रयास किया। उनकी जीवनी से हमें नेक और संस्कारी बनने की प्रेरणा मिलती है। जबकि प्रो राम कुमार सिंह ने बताया कि मालवीय जी की अवधारणा थी की शिक्षा सदाचार उत्तम विचार और उत्तम स्वास्थ्य को समायोजित कर के होनी चाहिये। बताया कि महामना की विचारधारा आज भी समसामयिक है, क्योंकि भारत सरकार की नयी शिक्षा नीति की अवधारणा मालवीय जी ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही कर दी थी। अंत में डॉ अभय कुमार सिंह ने पूर्व छात्र संगठन धनबाद-आसनसोल चैप्टरद्ध का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। वहीं, कार्यक्रम को आयोजित करने में डॉ सिद्धार्थ सिंह, डॉ टीबी सिंह, डॉ पीके मिश्रा, डॉ आरके तिवारी, प्रो अंशुमाली, डॉ पीके मिश्रा, डॉ यूके सिंह, एमके सिंह और राजू रजाक आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मजदूरी के लिए राजस्थान गया गोमिया का विशेश्वर 11 दिनों से लापता, परिजन चिंतित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** बड़की सीधाबारा निवासी विशेश्वर महतो (42) पेशे से मजदूर है। रोजगार के लिए वह राजस्थान के ब्यावर में गया था, जहां से पिछले 11 दिनों से संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गया है। उसके घरवाले काफी चिंतत हैं। विशेश्वर की कोई खोजखबर नहीं मिल पाने से घर में मातम जैसा माहौल है। विशेश्वर की पत्नी सरस्वती देवी अपने चार बच्चों के साथ प्रशासन व सरकार से पति की खोजबीन में मदद करने की गुहार लगा रही है। वहीं घर के लोग किसी अनहोनी की घटना से सशंकित हैं। बतातें चलें कि विशेश्वर महतो डेढ़ महीना पहले राजस्थान के ब्यावर इलाके में मजदूरी करने गया था। पत्नी सरस्वती देवी ने बताया कि 9 जनवरी को अचानक सुबह में फोन कर सूचना दी गयी कि उसका पति विशेश्वर महतो अपना कपड़ा, बैग, मोबाइल आदि लेकर कार्य स्थल को छोड़कर कहीं चले गए हैं। उक्त फोन के आने के बाद से 11 दिन बीत जाने के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चल पाया है। वहीं पुत्र भीम और पुत्री सीता का कहना है कि उसके पिता एक काम दिलाने वाले एजेंट जो रिश्तेदार भी हैं, उनके साथ कमाने राजस्थान गए थे। वहां टॉवर लाईन में काम करने वाले मजदूरों के लिए खाना बनाने का काम करते थे। नौ जनवरी को कार्यस्थल से अचानक गायब हो गए हैं। आरोप है कि उनको अपने साथ ले गया एजेंट भी फोन पर सही जानकारी नहीं दे रहा है। पूछताछ के लिए जब एजेंट को फोन किया गया तो वह फोन भी नहीं उठा रहा है। इस समस्या को लेकर पीड़ित परिवार ने बड़की सीधाबारा पंचायत के मुखिया रितलाल महतो से भी मुलाकात की है। एजेंट सहित ठेकेदार से संपर्क स्थापित कर विशेश्वर महतो की खोजबीन किए जाने का दबाव बनाया है। जिसके जवाब में एजेंट ने मुखिया रीतलाल महतो को बताया गया कि घटना की लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस को दी गयी है। पुलिस के साथ ही वे लोग भी खोजबीन कर रहे हैं। लेकिन अभी तक विशेश्वर की कोई जानकारी नहीं मिल पायी है। जैसे ही कोई सूचना मिलेगी, तुरंत खबर दी जाएगी।



# सिंदरी में सॉफ्ट टॉयज प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयन साक्षात्कार का आयोजन

**सिंदरी/धनबाद (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय अंतर्गत विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय देवघर की ओर से धनबाद के सिंदरी एवं आसपास के क्षेत्रों में 30 महिलाओं के लिए आयोजित होने जा रहे सॉफ्ट टॉयज में गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का चयन साक्षात्कार आयोजित किया। इसे लेकर सिंदरी के गायत्री मंदिर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। चयन के लिए सिंदरी एवं आसपास के क्षेत्रों से आई 55 महिलाओं ने साक्षात्कार में भाग लिया, जिसमें से 30 महिलाओं का चयन प्रथम बैच के लिए किया गया है। निःशुल्क प्रशिक्षण 22 जनवरी से शुरू होगा, जो प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4.30 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को सॉफ्ट टॉयज में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्राप्त कर सकें। सहायक निदेशक भुवन भास्कर ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को स्टाइपेंड एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रशिक्षण का पूरा खर्च केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय वहन करेगा। चयनित महिलाओं को क्रिएटिव डिजाइन, उत्पाद निर्माण और विपणन की विस्तृत जानकारी कोलकाता के प्रशिक्षक द्वारा दी जाएगी। इस दौरान समूह बनाकर उत्पादन केंद्र स्थापित किया जायेगा। चयन को सहायक निदेशक भुवन भास्कर की अध्यक्षता में प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार एवं टिंकरहैट फाउंडेशन के प्रतिनिधि सुंदर लाल ने किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सिंदरी एवं आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं को अपने कौशल को पहचानने व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का एक प्रयास है।



# किन्नरों ने गरीबों में भोजन और कपड़ा बांटा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गरीबों को भोजन कराने में हमें बहुत संतुष्टि मिलती है और जजमानों के घरों में खुशियां आए इसके लिए दुआ भी करवाती हूं। ये बात रविवार को अखिल भारतीय किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी ने कही। किन्नरों का धनबाद में हुए अंतरराष्ट्रीय महाअधिवेशन की सफलता के बाद छमछम देवी की ओर से अपने आवास झरिया के जामाडोबा में कुष्ठ रोगियों, विकलांगों और गरीबों को भोजन कराया व कपड़े एवं राशि का वितरण किया। कहा कि हमारे पूरे झारखंड के किन्नरों की ओर से समस्त धनबाद वासियों, जिला प्रशासन, मीडिया की महाअधिवेशन की अपार सफलता में अहम भूमिका निभाने के लिए किन्नर समाज हमेशा सभी का आभारी रहेगा। मौके पर बंसी किन्नर, श्वेता किन्नर, निर्मला किन्नर, काजल किन्नर, राखी किन्नर आदि मौजूद थे।



# बच्चों के लिए नि:शुल्क सेल्फ डिफेंस और फिटनेस कक्षा का हुआ शुभारंभ



**आइएएल (आजाद सिपाही)।** सत्यलोक संस्था के सदस्यों ने गांधी ग्राम और पिपराडीह के बच्चों के लिए निःशुल्क सेल्फ डिफेंस और फिटनेस क्लासेज की शुरूआत की। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को शारीरिक रूप से सशक्त बनाना और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम का संचालन ब्लैक बेल्ट शोडान युगल किशोर ने किया। वहीं युगल किशोर ने बच्चों को आत्मरक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण तकनीकों और फिटनेस के महत्व को सिखाया। उनका मानना है कि आत्मरक्षा ना केवल बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाती है, बल्कि उन्हें किसी भी मुश्किल स्थिति से निपटने के लिए तैयार करती है। इस पहल को सफल बनाने में सत्यलोक संस्था के सभी सदस्य अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान सत्यलोक संस्था के संचालक ने बताया कि ग्राउंड लेवल पर कार्यरत टीम ने बच्चों और उनके अभिभावकों के बीच जागरूकता फैलाने और उन्हें इस कार्यक्रम से जोड़ने में अथक प्रयास किया है। आत्मरक्षा और फिटनेस हर व्यक्ति के जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। यह ना केवल शारीरिक सुरक्षा का साधन है, बल्कि आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती को भी बढ़ावा देता है। बच्चों में यह कौशल ना केवल उन्हें सुरक्षित रहने में मदद करता है, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक विकास को भी मजबूत बनाता है। सत्यलोक संस्था का यह प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होगा और बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करने में मदद करेगा।

## कारो बस्ती में धूमधाम से मनाया गया दिशोम सोहराय महोत्सव

# जल, जंगल, जमीन हमारी पहचान, इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है: कैलाश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** कारो बस्ती में रविवार को दिशोम सोहराय महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां नायके बाबा सोहनलाल मांझी व कुवर मांझी ने विधि विधान से पूजा कराया। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। इसके बाद मांदर की थाप पर युवक-युवतियों ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर ने कहा कि यह पर्व प्रकृति और प्रेम का प्रतीक है जो आदिवासी संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां की मिट्टी और संस्कृति में एक अलग ही बात है। जल, जंगल, जमीन हमारी पहचान है और उनकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमारी जीवनधारा है। इसकी रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। प्रकृति की रक्षा करने से हम ना केवल अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखते हैं बल्कि अपने स्वास्थ्य, हमारे बच्चों के भविष्य और पूरी पृथ्वी की सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हैं। प्रकृति हमे सभी तरह के संसाधन मुहैया कराती है। यह पर्व फसल कटने के बाद मनाया जाता है। हम अपनी संस्कृति को भुलते जा रहे है। हमें अपनी संस्कृति को सहेज कर रखने की जरूरत है। वहीं, महोत्सव को सफल बनाने में कारो बस्ती, बंदुकबेडा, तारावेडा, चरकपनिया, रासबेडा, कारूकाटा, बगडेगवा, डेलिआम आदि स्थानों के लोग शामिल हुए। मौके पर विस्थापित नेता रंजीत महतो, हिंदू कल्याण मंच के रामु दिगार, समिति के अध्यक्ष वर्षा सोरेन, उपाध्यक्ष सोराबन मरांडी, जितेंद्र टुडू, राम टुडू, यूगल मांझी, पूरन मांझी, रामकुमार मांझी, बाबूचंद किस्कु, दीनू हेंब्रम, छोटेलाल किस्कु, मुन्ना बेसरा, बसंती देवी, पेरी देवी, शांति देवी, बबनी देवी, जानकी मूर्मू, मंजू देवी, अनिता देवी, अंजली देवी, चिंता देवी, देवनी सोरेन, रागनी बेसरा, संगीता कुमारी, पुनम कुमारी, सरिता कुमारी, गंगा देवी, खुशबू कुमारी व बबली कुमारी आदि मौजूद थे।


दिशोम सोहराय महोत्सव में शामिल विस्थापित नेता कैलाश ठाकुर व अन्य।

# उर्स मेला को लेकर शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** उर्स मेला को लेकर रविवार को बोरागढ़ ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता झरिया थाना के इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ने किया इस दौरान उर्स मेले के इंतजामिया कमेटी के सदस्यों सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। इंस्पेक्टर शशि रंजन ने कहा कि मेले की विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती के साथ ही सीसीटीवी कैमरे, मेला कमेटी के वॉलिंटियर एम्बुलेंस सहित अन्य सुरक्षा के व्यवस्था ठोस रहेगी। मेला में शरारत करने वालों पर स्थानीय लोग पुलिस के साथ निगाह बनाए रखेंगे। वहीं समिति के लोगों ने पूर्व की भांति सड़क मार्ग की व्यवस्था बने रहने पर अपनी सहमति जताई। इस दौरान बोरगढ़ ओपी प्रभारी निरंजन कुमार ने कहा कि वॉलिंटियर के पहचान पत्र पर फोटो क्रम संख्या नाम एवं मोबाइल नंबर का होना अनिवार्य रहेगा। जिसकी ी सूची बोरागढ़ पुलिस के पास भी रहेगी। उर्स मेला 21 से 28 फरवरी तक चलेगी। इस मौके पर पूर्व पार्षद शैलेंद्र सिंह, अमर सिंह, उपेंद्र सिंह, शशि सिंह, नौशाद अली, अजहर अली, राहुल कुमार, सरिता देवी, राजू सिंह, नसरुद्दीन शाह, कुंदन सिंह, कमल खान, आनंद कुमार सिंह, जाहिद अंसारी, गोरेलाल भुइया, अब्दुल करीम अंसारी, भूपेश सिंह औक इमरान अंसारी आदि मौजूद थे।



# ओड़िशा सरकार ने सिंगापुर के साथ आठ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये

**सिंगापुर के राष्ट्रपति की ओडिशा यात्रा के अवसर पर लोक सेवा भवन कन्वेंशन सेंटर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री का भाषण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** हमारी सरकार ने केवल सात महीनों में कई क्रांतिकारी कदम उठाये हैं और हमारे राज्य में बड़े पैमाने पर बदलाव के लिए काफी सारी पदक्षेप तैयार कर रही है।

हम वर्तमान की विभिन्न चुनौतियों से निपटते हुए ओडिशा की साढ़े चार करोड़ जनता के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक स्पष्ट योजना तैयार कर रहे हैं। इसी के अनुरूप हम भी विभिन्न कदम उठा रहे हैं। भविष्य के लिए हमारा दृष्टिकोण ओडिशा को 2036 तक एक समृद्ध राज्य और 2047 तक विकसित भारत का एक प्रमुख विकास इंजन बनाना है। उस उद्देश्य के साथ, हम राज्य के बुनियादी ढांचे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए देश और दुनिया भर से प्रमुख निवेशकों को ओडिशा में निवेश करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

उस संदर्भ में, मैंने हमारी ओडिशा टीम का नेतृत्व किया और दिल्ली और मुंबई में रोड शो किया और सिंगापुर का भी दौरा किया।

मैंने सिंगापुर में विभिन्न प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा किया और औद्योगिक नेताओं से चर्चा की। मैंने सिंगापुर सरकार के विभिन्न मंत्रियों से भी चर्चा की और सिंगापुर के राष्ट्रपति को ओडिशा आने का निमंत्रण किया था। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से, और हमारे ओडिशा के लिए, राष्ट्रपति, सिंगापुर की ओडिशा की दो दिवसीय यात्रा बहुत सम्मान की बात है। इस यात्रा का असर दूरगामी होगा। राष्ट्रपति की उपस्थिति में हमारी सरकार ने सिंगापुर के साथ 8 महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इन 8 एमओयू के माध्यम से, हमने ओडिशा के लिए 8 स्पष्ट परिणाम निर्धारित किए हैं। इनके लागू होने के बाद हमारा राज्य ओडिशा संबंधित क्षेत्रों में दुनिया के अग्रणी देशों के बराबर हो सकता है।

इडको के साथ सिंगापुर के सेंबकॉर्प के समझौता ज्ञापन के माध्यम से ओडिशा में एक विश्व स्तरीय बहु-उत्पाद औद्योगिक पार्क स्थापित करने का अवसर पैदा हुआ होगा। इन पार्कों में नवीनतम तकनीक के अनुप्रयोग के अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए हमेशा ध्यान रखा जायेगा कि ये परियोजनाएं टिकाऊ हों। सेम्बाकॉर्प ने एपिकल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं। पारादीप में ग्रीन शिपिंग कॉरिडोर और ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट स्थापित किया जाएगा। इससे ओडिशा भारत में हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में ख्याति प्राप्त कर सकता है।

इपिकल और सिंगापुर के सुरबन जुरंग के बीच समझौता ज्ञापन के अनुसार, पारादीप पीसीपीआईआर क्षेत्र के विकास के लिए एक विस्तृत मास्टर प्लान तैयार किया जायेगा। स्थिरता, अक्षय ऊर्जा और मूल्य वर्धित विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा।

बीडीए और सुरबन जुरंग के साथ हुए एमओयू में भुवनेश्वर के पास एक अत्याधुनिक शहर के विकास की योजना तैयार की जायेगी। सुरबन जुरंग के कौशल और अनुभव निश्चित रूप से हमें आधुनिक शहरी निश्चित तैयार करने में मदद करेंगे। ऊर्जा विभाग भुवनेश्वर आईआईटी और नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी सिंगापुर के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं।

ओडिशा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी विभाग और सिंगापुर के ग्लोबल फाइनेंस एंड टेक्नोलॉजी नेटवर्क और जीएफटीएन के साथ हस्ताक्षरित एमओयू से हमारा लक्ष्य वित्तीय प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है। इससे फिनटेक क्षेत्र में अधिक निवेश होगा और नवाचार के अवसर पैदा होंगे।

इसके लिए दो एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये हैं। हमारे कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा विभाग ने सिंगापुर के आईटीईईएस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। आईआईटी भुवनेश्वर और ऊर्जा विभाग ने नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के साथ एक और समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किये हैं। इससे आईटी, आईटीईएस, सेमीकंडक्टर और अन्य उन्नत प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में हमारे युवाओं का कौशल बढ़ाया जा सकता है। आप सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ओडिशा के विकास पर विशेष ध्यान है। मोदीजी की प्रबोधन योजना में ओडिशा के विकास को विशेष महत्व दिया गया है। डबल इंजन वाली सरकार में साझेदारी के कारण हमारी विकास पहलों पर कई गुना प्रभाव पड़ रहा है।

सिंगापुर के राष्ट्रपति की ओडिशा यात्रा हर दृष्टि से एक ऐतिहासिक घटना है। ये हमारे ओडिशा के लिए विकास की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मील का पत्थर बन गया है। इसने 2036 तक समृद्ध ओडिशा के निर्माण के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक ठोस नींव रखी है।

# उप मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों के साथ 'सुभद्रा' के कार्यान्वयन की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सुभद्रा योजना के कार्यान्वयन के संबंध में शनिवार को महिला और बाल विकास विभाग के सम्मेलन कक्ष में राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में माननीय उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने बैठक की अध्यक्षता की और सभी जिलाधिकारियों को सुभद्रा योजना के तहत क्षेत्रीय अध्ययन को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। श्रीमती परिडा ने सभी जिलों में ई-केवाईसी प्रक्रिया में तेजी लाने का भी सुझाव दिया। बैठक में एनपीसीआई और बैंक विफलताओं के मामले की भी समीक्षा की गयी।

गौरतलब है कि ऑप्ट-इन सिस्टम के माध्यम से 12 हजार 773 लाभार्थियों को जोड़ा गया है। इस बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव शुभा शर्मा सहित विभाग के अन्य अधिकारी और 30 जिलों के जिलाधिकारी और 5 शहरों के नगर निगम आयुक्त उपस्थित थे।

# टीपीडब्ल्यूओडीएल ने दिसंबर 2024 के लिए 'शॉप एंड विन' ब्लिसेटमैन की नियुक्ति की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) ने 18 जनवरी को ऑनलाइन माध्यम से 'एसओपी एंड विन स्कीम' विषय के तहत जनवरी महीने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। लाखों बिजली उपभोक्ताओं को पिछले महीनों के औसत से निर्धारित उनके मासिक बिल प्राप्त होते हैं। इस योजना के माध्यम से, कंपनी उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए औसत मासिक बिजली बिल के साथ एक छोटा सा उपहार प्रदान करती है। यह योजना तीन बिजली उपभोक्ताओं द्वारा संचालित एक कंप्यूटर द्वारा चलायी जाती है और उपभोक्ताओं के लिए पहला पुरस्कार एक स्मार्टफोन, दूसरा पुरस्कार एक वाशिंग मशीन और तीसरा पुरस्कार एक सीलिंग लैंप है। उपर्युक्त योजना को ओडिशा सरकार द्वारा पिछले पांच महीनों में एक लाख बिजली उपभोक्ताओं के लिए लागू किया गया है, ताकि उनका समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। इनमें बलांगीर मंडल में 84,829, बारगढ़ मंडल में 33,340, कालाहांडी मंडल में 105,732, राउरकेला मंडल में 188,905 और समालपुर मंडल में 127,744 बिजली उपभोक्ता पंजीकृत हैं।

## नयागढ़ जिले में लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज हैं, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओडिशा में लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज हैं। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को नयागढ़ जिले की मिट्टी के नीचे लिथियम की मौजूदगी का संकेत मिला है। मिट्टी के नीचे प्राकृतिक संसाधनों को खोजने के लिए नई तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।एआई बताएगा कि कौन सी खदानें कहाँ हैं। खनिजों की खोज ड्रोन के माध्यम से की जाएगी। मयूरभंज जिले में एक प्रायोगिक परियोजना शुरू की गई है। कंधमाल, मलकानगिरी जैसे जिलों में कई वर्षों से बंद खनिज सर्वेक्षण जारी रहेगा। केंद्रीय खान सचिव एल कांता राव ने कहा कि यह बैठक ओडिशा में महत्वपूर्ण है, जो लगभग 50 प्रतिशत खनिज आपूर्ति के साथ देश की खनन राजधानी के रूप में जाना जाता है।

## इस्ट जोन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का उद्घाटन



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल में 16 जनवरी को ईस्ट जोन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का उद्घाटन जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल/ जेएसडब्ल्यू/ रायगढ़/ जेएसडब्ल्यू पारादीप के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया। आठ अलग-अलग स्थानों - संबलपुर, रायगढ़, कोलकाता, भुवनेश्वर, बारबिल, सुंदरगढ़, जाजपुर आदि से लगभग 300 खिलाड़ी कई खेल आयोजनों में भाग ले रहे हैं। रंगारंग उद्घाटन समारोह और खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट मार्च पास्ट कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र थे। इस दौरान उमेश राय, सीओओ, गिरीश नाइक, वाणिज्यिक प्रमुख, विकाश जैन, वीपी, जेपी सिंह, वीपी, संजय कुमार, वीपी, प्रकाश, वीपी, जितेंद्र सिंह परिहार, एवीपी और कई अन्य उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह इवेंट -100 मीटर, 4X100 मीटर मिश्रित रिले, बैडमिंटन, क्रिकेट आदि एक ही दिन शुरू हो गये हैं। कार्यक्रम का आयोजन मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष प्रशासन के नेतृत्व में खेल समिति द्वारा किया गया है।

# पूर्व मंत्री नब दास हत्या की घटना को लेकर बेटी सीबीआइ जांच के लिए लिखित में देंगी

- दीपाली दास ने कहा कि मैं मोहन माझी सरकार से अनुरोध करती हूं कि वह मामले की सीबीआई जांच कराये



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व मंत्री नब किशोर दास की हत्या की सीबीआई जांच के लिए लिखूंगी। बेटी दीपाली दास ने मीडिया को जवाब देते हुए कहा है कि वह सीबीआई जांच के लिए लिखित में देंगी। इस बारे में परिवार से चर्चा की गयी है। हम जांच में हरसंभव सहयोग करेंगे।

पूर्व मंत्री नब दास की हत्या के मामले में बेटी दीपाली दास ने अपना मुंह खोला है। उन्होंने कहा कि मैं मोहन माझी सरकार से अनुरोध करती हूं कि वह मामले की सीबीआई जांच कराये। जब मैं कुछ नहीं बोल रही थी तो बीजेपी कार्यकर्ता मेरे परिवार पर आरोप लगा रहे थे, वे मुझे बदनाम कर रहे थे, मानसिक दबाव दे रहे थे। और अब मैं जब सीबीआई जांच चाहती हूं, तो बीजेपी अब चुप है।

29 जनवरी 2023 को तत्कालीन मंत्री नब दास की हत्या के रहस्य से अब तक पर्दा नहीं उठ सका है, उसी समय बीजद सरकार था। इस घटना में आरोपी गोपाल दास पकड़ा गया है, लेकिन गोपाल ने नब दास की हत्या क्यों की, इसका कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। क्राइम ब्रांच ने हर दिशा में जांच की, लेकिन सच्चाई सामने नहीं आयी। कुछ दिन पहले, नब दास की बेटी और पूर्व विधायक दीपाली दास ने कहा था, 'क्या सरकार अपने तरफ से सीबीआई जांच के साथ आगे बढ़ेगी? जवाब में कानून मंत्री ने कहा, यह जानकारी दीपाली विधानसभा में रखें। कल बीजद के वरिष्ठ नेता प्रसन्न आचार्य ने भी कहा कि सच्चाई सामने आनी चाहिए। इस बीच, सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार सीबीआई जांच की दिशा में क्या कदम उठा रही है।

# डब्ल्यूसीडीएम-डीआरआर पुरस्कार से डॉ शरत चंद्र को सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के पर्यावरण एवं जलवायु केंद्र (सीईसी) के निदेशक डॉ शरत चंद्र साहू को बुधवार को नई दिल्ली में आपदा प्रबंधन पहल और कन्वर्जेंस सोसायटी-विश्व आपदा प्रबंधन कांग्रेस (डीएमआईसीएस-डब्ल्यूसीडीएम) द्वारा स्थापित विश्व आपदा प्रबंधन कांग्रेस-आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डब्ल्यूसीडीएम-डीआरआर) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ साहू, एक प्रसिद्ध मौसम विज्ञानी, जो पहले भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के साथ भुवनेश्वर में निदेशक के रूप में काम कर चुके हैं, ने भारत के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से यह पुरस्कार प्राप्त किया। उन्हें आपदा तैयारी की श्रेणी और पूवार्नुमान एवं पूर्व चेतावनी प्रणाली में नवाचारों की उप-श्रेणी में पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार कार्यक्रम में न्यायमूर्ति एमएम कुमार, जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और जूरी समिति के अध्यक्ष, डब्ल्यूसीडीएम-डीआरआर पुरस्कार और डॉ एस आनंद बाबू, अध्यक्ष और संयोजक, डीएमआईसी-डब्ल्यूसीडीएम।






# खान मंत्रालय कोणार्क, ओड़िशा में तीसरे राष्ट्रीय खान मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** खान मंत्रालय, ओडिशा सरकार के सहयोग से 20-21 जनवरी को कोणार्क में तीसरे राष्ट्रीय खान मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम 'विकासित भारत 2047' के दृष्टिकोण के अनुरूप है और इसमें 16 से अधिक राज्य खनन मंत्री शामिल होंगे, जिनमें जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री और झारखंड के मुख्यमंत्री के साथ-साथ केंद्र और ओडिशा के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। सरकारें सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी करेंगे, जिसमें ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ायेंगे।

## सम्मेलन की मुख्य बातें

**खनन में राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं पर रिपोर्ट जारी करना:** राज्यों द्वारा कार्यान्वित नवीन शासन मॉडल को प्रदर्शित करते हुए, रिपोर्ट का उद्देश्य खनन प्रथाओं में दक्षता और पारदर्शिता में सुधार करना है।

**माइनिंग टेनमेंट सिस्टम (एमटीएस) मॉड्यूल का लॉन्च:** डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम, यह मॉड्यूल खनन कार्यों को सुव्यवस्थित करेगा और जवाबदेही बढ़ायेगा।

**स्टार्टअप्स को मंजूरी पत्र सौंपना:** चयनित स्टार्टअप्स को टिकाऊ खनन प्रथाओं में नवाचार को बढ़ावा देने वाली पहल के तहत मंजूरी पत्र प्राप्त होंगे।

**भूवैज्ञानिक ज्ञापन (जीएम) और भूवैज्ञानिक रिपोर्ट (जीआर) सौंपना:** खनन मंत्रालय और राज्यों को व्यापक डेटा प्रदान किया जायेगा, जिससे अन्वेषण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

**छत्तीसगढ़ द्वारा महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक जीआर का हस्तांतरण:** महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों के जीआर को खान मंत्रालय को सौंप दिया जायेगा, जिससे महत्वपूर्ण खनिजों में भारत की आत्मनिर्भरता का समर्थन होगा।

**सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले राज्यों को पुरस्कार:** खनिज नीलामी और खनन सुधारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्यों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जायेगा।

**महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की 5वीं किश्त का शुभारंभ:** इस प्रक्षेपण का उद्देश्य अन्वेषण में तेजी लाना और महत्वपूर्ण खनिजों में निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करना, आयात निर्भरता को कम करना है।


## सम्मेलन के फोकस क्षेत्र

सम्मेलन राज्य के खनन मंत्रियों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और हितधारकों को महत्वपूर्ण खनन क्षेत्र की रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। पर्यावरण और वन मंत्रालय, डीजीएमएस और रेलवे के अधिकारी खनन क्षेत्र में सुरक्षा, स्थिरता, पर्यावरणीय चिंताओं और परिवहन चुनौतियों जैसे प्रमुख मुद्दों पर प्रस्तुतियां देंगे। राष्ट्रव्यापी कुशल, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल खनन संचालन सुनिश्चित करने के लिए सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। इन विचार-विमर्शों का उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप भारत के खनन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना है।

तीसरा राष्ट्रीय खान मंत्रियों का सम्मेलन एक पारदर्शी, टिकाऊ और कुशल खनन पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस पहल का उद्देश्य भारत की खनिज संपदा की क्षमता को उजागर करना और 'विकासित भारत 2047' के दृष्टिकोण के तहत देश के विकास में योगदान देना है।












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**